वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 30 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 82, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 243 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी रही और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 243 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 64 अंक नीचे आया। } 10

खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में नहीं आयेगी बड़ी गिरावट : चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अल नीनो, बाढ़ एवं सूखे से जुड़ी चिंताओं के बावजूद 2026-27 फसल सत्र में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में कोई बड़ी गिरावट आने की आशंका नहीं है। } 12

संक्षेप

दुर्घटना में डीएफओ समेत दो लोगों की मौत

सैफई, इटावा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह अनियंत्रित स्कार्पियो डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रही एक्सयूवी-700 से टकरा गई। हादसे में इटावा के जिला वन अधिकारी (डीएफओ) और उनके चालक की मौत हो गई। एक्सयूवी में सवार महिला समेत स्कार्पियो में बैठे दंपती घायल हो गए। सभी घायलों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में भर्ती कराया गया है। घटना फिरोजाबाद के नगला खंगर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 69 पर हुई।

सीआईएसएफ कर्मी की गोलीबारी में चार की मौत



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मंगलवार को एक सीआईएसएफ जवान द्वारा की गई गोलीबारी की घटना में बल के सहायक कमांडेंट समेत चार कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के ये कर्मी हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे बसोहली के मशका गांव स्थित सेवा-तृतीय बिजली परियोजना की सुरक्षा में तैनात थे। उन्होंने कहा कि किसी मुद्दे को लेकर दो जवानों के बीच बहस हुई, जिसके बाद उनमें से एक ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस घटना में चार कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

झांसी : नदी में डूबने से पांच लोगों की मौत

झांसी। जिले के मऊरानीपुर इलाके में मंगलवार दोपहर श्राद्ध अनुष्ठान के दौरान पांच लोगों की सुखनई नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने पांचों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी रत्नेश्वर कुमार सिंह ने बताया कि मऊ रानीपुर थाना क्षेत्र के देवी सिंहपुर के रहने वाले कुछ लोग श्राद्ध अनुष्ठान के लिए दोपहर करीब एक बजे सुखनई नदी में स्नान करने उतरे थे, तभी वे डूबने लगे। इन लोगों को बचाने के लिए परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी गहरे पानी में उतर गए, लेकिन उनकी भी डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान अनूप तिवारी (40), उसके 12 वर्षीय बेटे अर्पित, रिश्तेदार अभिनव (24), श्रेयांश (22) और छोटे उर्फ पुष्कर (25) के रूप में हुई है।

एफबीआई के शीर्ष 10 वांछितों की सूची में गोल्डी बराड़

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने सोमवार को कुख्यात अपराधी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को 10 शीर्ष वांछित भगोड़े अपराधियों की सूची में शामिल किया और उसकी गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर के इनाम की घोषणा की। एफबीआई ने कहा, लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले संगठित अपराध गिरोह में कथित संलिप्तता के लिए सतिंदरजीत सिंह वांछित है। यह गिरोह दक्षिणी कैलिफोर्निया के साथ-साथ पूरे अमेरिका और कनाडा में कई तरह की हिंसक गतिविधियों में शामिल है। जांच एजेंसी ने चेतावनी दी कि गोल्डी बराड़ को हथियारों के साथ रहने वाला और खतरनाक अपराधी माना जाना चाहिए जिसके देश छोड़ने का जोखिम है। एफबीआई के अनुसार, गोल्डी बराड़ राजनीतिक और धार्मिक नेताओं की हत्या, गोलीबारी, हत्या के प्रयास, अपहरण, रंगदारी, मारपीट तथा मादक पदार्थों ...शेष पृष्ठ 10 पर

महिला रिले टीम और निशानेबाज नीरू ढांडा ने जीता स्वर्ण

छह स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य समेत कुल 52 पदक के साथ पदक तालिका में दसवें स्थान पर भारत

एजेंसी





नागोया। भारी बारिश और ठंडे मौसम के बीच नारी शक्ति ने भारत को सुनहरी सफलता दिलाते हुए एशियाई खेलों की पदक तालिका में शीर्ष 10 में पहुंचा दिया जब नीरू ढांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिये पहला स्वर्ण पदक जीता और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स में एकमात्र पीला तमगा दिलाया। इसके साथ ही इन एशियाई खेलों में भारत के पदकों का अर्धशतक पूरा हो गया। छह स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य समेत कुल 52 पदक के साथ भारत पदक तालिका में दसवें स्थान पर पहुंच गया। सुबह पहले सत्र में ढांडा ने ट्रैप फाइनल में 28 स्कोर करके भारत को इन खेलों में व्यक्तिगत निशानेबाजी में पहला स्वर्ण दिलाया। वहीं शाम को किरण , प्राची चौधरी, एम आर पूवम्मा और विथ्या रामराज ने चार गुणा 400 मीटर महिला रिले टीम में तीन मिनट 29 . 69 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। 36 वर्ष की पूवम्मा 2014 और 2018 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रह चुकी है। विथ्या रामराज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीतकर पी टी उषा का चार दशक से अधिक पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। मुक्केबाजी में अंकुश पंघाल 80 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में जीते जिससे आठ साल में पहली बार भारत का कोई पुरूष मुक्केबाज फाइनल में पहुंचा है। भारत ने 2026 एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में अपने अभियान का अंत 24 पदक के साथ किया जिसमें एक स्वर्ण , नौ रजत और 14 कांस्य पदक शामिल थे। हांगझोउ में 2023 खेलों में भारत ने एथलेटिक्स में छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य समेत 29 पदक जीते थे। इससे पहले गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, स्नेहा सत्यनारायण और हरिता भद्रा ने चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले फाइनल में सत्र का सर्वश्रेष्ठ 41-06 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। भारत की पूजा सिंह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहरा नहीं सकी लेकिन। . 84 मीटर की कूद से महिलाओं की ऊंची कूद में कांस्य पदक जीता। वहीं गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों में अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पुरूषों की 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32 . 75 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता जो इन ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है सरकार : योगी

जनहानि पर चार लाख की सहायता, क्षतिग्रस्त मकानों व फसल नुकसान पर 10 दिन में मुआवजे के निर्देश

बी. बी. त्रिपाठी



कुशीनगर। अतिवृष्टि से नारायणी में उफान और तटबंध टूटने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने के बाद वह बेदूपार इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिले और अपने हाथों से कुछ परिवारों को राहत सामग्री वितरित की।

मुख्यमंत्री योगी के पहुंचने से पहले ही जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार रात प्रभावित क्षेत्र पहुंच चुके थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें भी राहत-बचाव में जुटी हैं। चार दिनों की लगातार भारी बारिश के बीच नेपाल में भी अतिवृष्टि हुई। वहां जमा पानी नीचे आने से नारायणी में पानी का प्रवाह अचानक साढ़े पांच लाख क्यूसेक तक पहुंच गया। सामान्य दिनों में नदी से तीन से चार लाख क्यूसेक पानी प्रवाहित होता था। पानी बढ़ने से तटबंध टूटा और कई घरों में पानी पहुंच गया। हालात पर सोमवार से नजर रखी जा रही है। राहत और बचाव के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की दो-दो टीमें तैनात हैं। पीएसी की चार यूनिट भी मैदान में हैं। जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्र में काम कर रही हैं। मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की श्रद्धांजलि सभा समाप्त होते ही खुद भी मौके पर आ गए। उन्होंने हवाई सर्वेक्षण कर तटबंध और इसके कुछ हिस्से के टूटने से प्रभावित हुए क्षेत्रों का जायजा लिया। तटबंध के गांवों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। ऊंचे स्थानों पर शरण लिए ग्रामीणों के बीच जाकर उन्होंने लंच पैकेट और बच्चों को चॉकलेट वितरित किए। इसके बाद वह सेवरही क्षेत्र के इंटर कॉलेज बेदुपार पहुंचे और बाढ़ प्रभावित लोगों का दुख दर्द साझा करते हुए राहत सामग्री का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है। राहत सामग्री का वितरण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चार दिनों तक मूसलाधार बारिश के बाद प्रदेश और देश के विभिन्न ...शेष पृष्ठ 10 पर

सनातन के बगैर भारत की कल्पना नहीं :सीएम

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म भारत का मूल धर्म है। अयोध्या की मर्यादा, काशी की चेतना, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता को जिन्होंने नहीं समझा, वे उत्तर प्रदेश और भारत को भी नहीं समझ पाएंगे। भारतीयों की कमी यह रही कि हमने स्वयं को विस्मृत कर दिया, जबकि दुनिया जब अंधकार में जी रही थी, तब भारत के पास सुसभ्य, सुसंस्कृत और समृद्ध परंपरा मौजूद थी।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को श्री गोरखनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान-यज्ञ के सप्तम दिवस श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में भीषण आपदा से जनजीवन प्रभावित होने के बावजूद यहां कथा अनवरत चलती रही। श्रद्धालुओं का आगमन भी नहीं रुका। आपदा भी उनके मार्ग में बाधक नहीं बन ...शेष पृष्ठ 10 पर


हुक्का बार के संचालन पर हाईकोर्ट की रोक

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश में हुक्का बार के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि रेस्तरां, कैफे या अन्य सार्वजनिक स्थानों में बनाए गए निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र में भी ग्राहकों को हुक्का उपलब्ध कराना अथवा हुक्का की सेवा करना कानूनन अनुमन्य नहीं है। अदालत ने कहा कि ऐसे स्थान पर हुक्का उपलब्ध कराना 2003 के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम तथा 2008 के सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमों के विपरीत है।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति ए के चौधरी की पीठ ने हुक्का बार से संबंधित मुख्य याचिका समेत सभी संबद्ध याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिकाकताओं ने मांग की थी कि वैध खाद्य प्रतिष्ठान का लाइसेंस रखने वाले रेस्तरां को निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र में हुक्का उपलब्ध कराने की अनुमति दी जाए और पुलिस को उनके कारोबार में हस्तक्षेप से रोका जाए। अदालत ने कहा कि निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान प्रतिबंध का सीमित अपवाद है, लेकिन वहां किसी भी प्रकार की सेवा की अनुमति नहीं है। वर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

कैंसर की दवाओं का 10 गुना अधिक दाम वसूलने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अस्पतालों द्वारा कैंसर की दवाओं के मूल्य से 10 गुना अधिक दाम मरीजों से वसूले जाने पर मंगलवार को चिंता जताते हुए इसे लूट करार दिया और सभी दवाओं पर एक समान 16 प्रतिशत मार्जिन की हिमायत की।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार से अस्पतालों द्वारा अपने ही दवाखाना से दवाइयां खरीदने को अनिवार्य बनाने के मुद्दे पर गौर करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस व्यवस्था से आम आदमी को नुकसान हो रहा है। न्यायालय ने कहा यह तो लूट है। कैंसर की दवा का अधिकतम खुदरा मूल्य 27,000 रुपये है, जबकि खुदरा विक्रेताओं को इसकी आपूर्ति 2,700 रुपये में की जाती है। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, निजी अस्पताल किसी को नहीं बख्शते। वे शव भी नहीं ले जाने देते। फार्मा क्षेत्र को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पीठ, औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 के तहत दवाओं की कीमतों के नियमन, चिकित्सकों द्वारा जेनेरिक दवा लिखे जाने और मेडिकल उपकरण पर नियंत्रण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

राज्यों के भ्रमण से युवा सीखेंगे विकास के नये गुर

उत्तराखंड के युवाओं का दल हरियाणा रवाना, सीएम धामी ने दिखाई हरी झंडी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। देश के अलग-अलग राज्यों की परिस्थितियां, जीवनशैली, आर्थिक गतिविधियां और विकास की प्राथमिकताएं अलग हैं। इन विविधताओं को प्रत्यक्ष रूप से जानने से युवाओं को व्यापक अनुभव मिलता है और उनकी सोच का दायरा बढ़ता है। उन्होंने युवाओं से हरियाणा में संचालित योजनाओं, स्थानीय स्तर पर अपनाए जा रहे नवाचारों और विकास के सफल प्रयोगों का अध्ययन करने को कहा। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राज्यीय युवा भ्रमण कार्यक्रम के तहत हरियाणा के भ्रमण पर जा रहे युवाओं के दल को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर व्यक्त किये। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों के सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक अनुभवों से रूबरू कराने की पहल आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य नए स्थानों की जानकारी हासिल करने के साथ वहां किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को समझना और उनसे उपयोगी सीख लेना है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों की परिस्थितियां, जीवनशैली, आर्थिक गतिविधियां और विकास की प्राथमिकताएं अलग हैं। इन विविधताओं को प्रत्यक्ष रूप से जानने से युवाओं को व्यापक अनुभव मिलता है और उनकी सोच का दायरा बढ़ता है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर


एमएलसी चुनाव : भाजपा ने की छह प्रत्याशियों की घोषणा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में एमएलसी चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 11 सीटों में से छह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने वाराणसी स्नातक से केदार नाथ सिंह, मेरठ स्नातक से दिनेश गोयल, इलाहाबाद से झांसी स्नातक से अशोक कुमार राठौर, वाराणसी शिक्षक से डॉ. प्रमोद मिश्रा, आगरा शिक्षक से इंजीनियर हरि किशोर तिवारी और गोरखपुर से फैजाबाद शिक्षक से ध्रुव त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है।

एमएलसी की 11 सीटों और राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव

प्रदेश में शिक्षक एवं स्नातक कोटे की एमएलसी की 11 सीटों और राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आज से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। एमएलसी के नामांकन की प्रक्रिया संबंधित सीटों के मंडल मुख्यालयों पर होगी। विधान परिषद में स्नातक कोटे की लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ और इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक सीटों पर चुनाव होना है। वहीं, शिक्षक कोटे की लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद और गोरखपुर-फैजाबाद सीट पर प्रतिनिधि चुना जाना है। इनके लिए नामांकन प्रक्रिया 6 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, झांसी, बरेली एवं गोरखपुर में संचालित होगी। प्रदेश में विधान परिषद (एमएलसी) की ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 30.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- वन बीएचके से डिफेंस फैक्ट्री तक तन्मय का सफर (पृष्ठ-02)
- बिजली में एफपीपीएस हुआ 5.24 फीसदी (पृष्ठ-02)
- रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 95.95 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की हो सकती है बढ़ोतरी (पृष्ठ-10)
- नेपाल को 1,100 मेगावाट बिजली की होगी आपूर्ति (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

किसानों को मिलेगा बाजार भाव, जान सकेंगे कहां क्या भाव, बाजार में कितनी आवक

राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ीं यूपी की सभी 251 मंडियां

विशेष संवाददाता



लखनऊ। किसानों को बेहतर बाजार सूचना उपलब्ध कराने और मंडी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में योगी सरकार की डिजिटल पहल को नई मजबूती मिली है। उत्तर प्रदेश की सभी 251 कृषि उपज मंडियां अब देश के कृषि बाजार सूचना नेटवर्क 'एगमार्कनेट 2.0' से जुड़ गई हैं।

उत्तर प्रदेश मंडी परिषद के ई-मंडी पोर्टल का एगमार्कनेट 2.0 से एपीआई आधारित एकीकरण पूरा होने के साथ प्रदेश की सभी मंडियों से 100 प्रतिशत मार्केट रिपोर्टिंग सुनिश्चित हो गई है। केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मंडी परिषद की इस उपलब्धि की सराहना की है। योगी सरकार प्रदेश की मंडी व्यवस्था में तकनीक का अधिकतम उपयोग कर किसानों और व्यापारियों तक सेवाओं और बाजार सूचनाओं की पहुंच आसान बनाने की दिशा में काम कर रही है। ई-मंडी व्यवस्था के माध्यम से मंडियों की विभिन्न प्रक्रियाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। अब इसे राष्ट्रीय कृषि बाजार सूचना नेटवर्क से जोड़ने से उत्तर प्रदेश की मंडियों में दर्ज कृषि उपज के भाव और आवक के आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध हो रहे हैं। सभी 251 मंडियों के एकीकरण का ...शेष पृष्ठ 10 पर

एकल के फाइनल में पहुंचे भूमेश व अपराजिता

बीबीडी में किरन अग्रवाल मेमोरियल जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

खेल संवाददाता



लखनऊ। भूमेश उतरानी ने किरन अग्रवाल मेमोरियल लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन के साथ पुरुष एकल की खिताबी होड़ में स्थान सुरक्षित किया। इसके साथ ही अपराजिता घोषाल ने महिला एकल फाइनल में जगह बनाई।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में 29 व 30 सितंबर को सीनियर व अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर में आज खेले गए मैचों में पुरुष एकल के सेमीफाइनल में भूमेश उतरानी को जीत के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने आदित्य सिंह को 16-14, 15-13 से शिकस्त दी। इससे पूर्व क्वार्टर फाइनल में भूमेश ने अतुल मोहन त्रिपाठी को 15-9, 15-12 से, आदित्य सिंह ने अवनीश तिवारी को 15-11, 15-4 से और नीलेश भट्ट ने दिविज सिंह को 15-12, 15-11 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया था। महिला एकल के सेमीफाइनल ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपीआईटीएस में 6,500 करोड़ के एमओयू

- मत्स्य क्षेत्र को 600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव
- सिंगारी इंडस्ट्रीज ने 15 देशों के साथ किए 201 करोड़ से अधिक के एमओयू

15,500 करोड़ के कारोबार का अनुमान



विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)-2026 का पांच दिवसीय आयोजन कारोबार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के नए आंकड़ों के साथ मंगलवार को संपन्न हो गया। 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित ट्रेड शो में करीब 6,500 करोड़ रुपये के 4,400 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जबकि व्यावसायिक पूछताछ के आधार पर 15,500 करोड़ रुपये के संभावित कारोबार का अनुमान लगाया गया। आयोजन में 41,500 बी2बी बैठकें हुईं और कुल 5,98,693 लोगों की भागीदारी दर्ज की गई।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस (एफआईईओ) के आंकड़ों के अनुसार, रिवर्स बायर्स-सेलर्स मीट (आरबीएसएम) में 13,500 और मुख्य प्रदर्शनी क्षेत्र में 28,000 कारोबारी बैठकें हुईं। पिछले वर्ष की तुलना में बी2बी बैठकों में 31.12 प्रतिशत और एमओयू की संख्या में करीब 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

रूस के अलावा ऑस्ट्रिया, जापान, सिंगापुर, बेलारूस और वियतनाम सहित छह देशों ने पार्टनर कंट्री के रूप में भाग लिया। एक जिला, एक व्यंजन (ओडीओसी) पहल के तहत प्रदेश के 75 जिलों के उत्पादों को भी खरीदारों के सामने प्रस्तुत किया गया।

ट्रेड शो में मत्स्य विभाग को विभिन्न क्षेत्रों में कुल 600.20 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इनमें कोल्ड चेन के लिए 509.20 करोड़ रुपये, फीड मिल के लिए 51 करोड़ रुपये, मत्स्य पालन के लिए 13.80 करोड़ रुपये, हैचरी एवं बीज उत्पादन के लिए 6.20 करोड़ रुपये तथा मूल्य संवर्धन एवं निर्यात के लिए 20 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। फिश व्हाइट, बीवीजी इंडिया और पीवीआर एक्वा सहित निवेशकों ने मत्स्य उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्तापूर्ण बीज और आधुनिक भंडारण सुविधाओं में रुचि दिखाई।

नोएडा स्थित सिंगारी इंडस्ट्रीज ने पहली बार यूपीआईटीएस में भाग लेते हुए 15 देशों के प्रतिनिधियों के साथ 201 करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए।

कंपनी ने एयर कूलर और वॉशिंग मशीनों का प्रदर्शन किया तथा पांच दिनों में 50 से अधिक बी2बी बैठकें कीं। नाइजीरिया, इथियोपिया, बोत्सवाना, श्रीलंका, केन्या, तंजानिया, ओमान, ब्रिटेन और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने उत्पादों में रुचि दिखाई। कंपनी के सीईओ देवेंद्र सिंह और प्रबंध निदेशक डॉ. योगेंद्र सिंह के अनुसार, आयोजन ने मेड इन यूपी उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंचाने का अवसर दिया। समग्र रूप से यूपीआईटीएस-2026 ने प्रदेश के एमएसएमई, निमार्ताओं, निर्यातकों और निवेशकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराया। निवेश प्रस्तावों, कारोबारी बैठकों और अंतरराष्ट्रीय संवाद से उत्तर प्रदेश के विनिर्माण एवं निर्यात क्षेत्र के लिए नए अवसर सामने आए।

बीबीडी में मनाया गया विश्व हृदय दिवस



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय द्वारा विश्व हृदय दिवस 2026 पर बड़े उत्साह एवं विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों की सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य, हृदय संबंधी रोगों की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा कम उम्र से ही नियमित स्वास्थ्य जाँच के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।

यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एक जागरूकता रैली के साथ हुआ, जिसका नेतृत्व प्राचार्या डॉ. नीता पासरिचा, विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा पी., संकाय सदस्यों, स्नातक विद्यार्थियों एवं इंटर्न्स ने किया। रैली का प्रभावशाली संदेश "DON'T MISS A BEAT" (एक भी धड़कन न चूके) था, जिसके माध्यम से सभी को स्वस्थ आदतें अपनाने और हृदय स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यार्थियों एवं इंटर्न्स ने पूरे उत्साह के साथ रैली में भाग लिया तथा हृदय के लिए स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियों, संतुलित आहार, हृदय रोगों के जोखिम कारकों की रोकथाम एवं समय पर स्वास्थ्य जाँच के महत्व से संबंधित संदेशों वाले आकर्षक प्लेकार्ड प्रदर्शित किए। इस रैली ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ हृदय के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातक विद्यार्थियों के लिए प्लेकार्ड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने "DON'T MISS A BEAT" विषय पर अपनी रचनात्मकता एवं जागरूकता का प्रदर्शन करते हुए नवीन, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्लेकार्ड प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली तरीके से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेश संप्रेषित करने का अवसर प्रदान किया।

प्राचार्या, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्यों, स्नातक विद्यार्थियों एवं इंटर्न्स की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को सार्थक एवं प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम ने हृदय स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए युवा पीढ़ी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ। "DON'T MISS A BEAT — अपने दिल का ख्याल रखें!

वन बीएचके से 80 हजार वर्गफुट की डिफेंस फैक्ट्री तक पहुंचा तन्मय का सफर

- ब्रिटेन से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर लौटे युवा उद्यमी
- लखनऊ में लगायेंगे अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई

विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा। एक वन बीएचके फ्लैट से शुरू हुआ कारोबार अब 80 हजार वर्गफुट की अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण इकाई तक पहुंचने जा रहा है। डेटम एडवांस्ड कंपोजिट्स के सह-संस्थापक एवं उप प्रबंध निदेशक तन्मय तिवारी की यह यात्रा उत्तर प्रदेश में रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है। अब उनकी कंपनी लखनऊ में उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत नई इकाई स्थापित करेगी।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपीडा के विशेष सत्र में तन्मय ने अपनी उद्यमशीलता की कहानी साझा की। उन्होंने ब्रिटेन में करीब पांच वर्ष बिताकर एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2020 में लखनऊ में आयोजित डिफेंस एक्सपो से प्रेरित होकर उन्होंने ब्रिटेन के बजाय भारत में कारोबार शुरू करने का निर्णय लिया। वर्ष 2021 में भारत लौटकर उन्होंने कंपनी की स्थापना की।

शुरूआत में कंपनी ने कृषि ड्रोन, ऑटोमोबाइल और सुपरबाइक्स में इस्तेमाल होने वाले कार्बन फाइबर एवं ग्लास फाइबर के हल्के पुर्जे बनाए। बाद में आईआईटी कानपुर में उत्पादों के परीक्षण के बाद कंपनी ने रक्षा क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप विनिर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया। एक छोटे शेड से शुरू हुई कंपनी आज कानपुर में करीब 20 हजार वर्गफुट की फैक्ट्री संचालित कर रही है, जहां लगभग 40 कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी एएस 9100 गुणवत्ता प्रबंधन मानक से प्रमाणित है और रक्षा क्षेत्र की कंपनियों को उत्पादों की आपूर्ति करने के साथ विमान संरचनाओं एवं हल्के आयुध से जुड़ी परियोजनाओं में योगदान दे रही है। तन्मय के मुताबिक, लखनऊ में प्रस्तावित नई इकाई का क्षेत्रफल 70 से 80 हजार वर्गफुट होगा। इससे करीब 200 लोगों को प्रत्यक्ष और लगभग 1,500 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

तन्मय ने बताया कि कॉरिडोर में पात्र पूंजी निवेश पर 25 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी सहित अन्य प्रोत्साहन उपलब्ध हैं। इनमें उपकरणों के परिवहन और पेटेंट-ट्रेडमार्क से संबंधित प्रतिपूर्ति जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी सहयोग और औद्योगिक अवसरों से युवाओं के लिए रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में नए रास्ते खुल रहे हैं।

अक्टूबर में बिजली उपभोक्ताओं को राहत, एफपीपीएस हुआ 5.24 फीसदी

जुलाई की बिजली खरीद लागत के आधार पर तय हुआ समायोजन, सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर होगा लागू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अक्टूबर माह में राहत की खबर है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अक्टूबर 2026 के लिए ईंधन एवं विद्युत खरीद समायोजन अधिभार-5.24 फीसदी निर्धारित किया है। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं के बिजली बिल पर पड़ेगा और नियमानुसार यह समायोजन सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर लागू किया जाएगा।

यूपीपीसीएल के रेगुलेटरी अफेयर्स यूनिट की ओर से 29 सितंबर 2026 को जारी पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की 26 मार्च 2025 की अधिसूचना के तहत बिजली खरीद और ट्रांसमिशन लागत में बदलाव के आधार पर एफपीपीएस की गणना की जाती है।



जुलाई 2026 में हुई बिजली खरीद एवं ट्रांसमिशन लागत के आधार पर अक्टूबर में एफपीपीएस लागू किया जाना है। दस्तावेज के अनुसार जुलाई में प्रदेश की बिजली खरीद 16,407.07 मिलियन यूनिट (टव) रही। वास्तविक औसत बिजली खरीद लागत 4.69 प्रति यूनिट रही, जबकि टैरिफ आदेश में स्वीकृत लागत 4.94 प्रति यूनिट थी।

वहीं जुलाई में वास्तविक ट्रांसमिशन चार्ज 1,000.05 करोड़ रहा, जबकि बेस ट्रांसमिशन लागत 979.35 करोड़ निर्धारित थी। गणना में अक्टूबर की अनुमानित बिजली बिक्री 12,732.33 टव और औसत बिलिंग दर 6.36 प्रति यूनिट रखी गई है। एफपीपीएस की गणना में कुल समायोजन राशि -424.45 करोड़ आई, जबकि डिनॉमिनेटर 8,097.76 करोड़ रहा। इसी आधार पर अक्टूबर के लिए एफपीपीएस -5.24 फीसदी निर्धारित किया गया है।

यूपीपीसीएल के मुख्य अभियंता (रेगुलेटरी अफेयर्स यूनिट) पंकज सक्सेना ने निदेशक आईटी को इसे लागू करने और वेबसाइट पर गणना पत्र अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। पत्र की प्रतिलिपि पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक, यूपीईआरसी और सभी वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को भी भेजी गई है। इस दस्तावेज के अनुसार अक्टूबर 2026 के लिए 5.24 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। यानी बिजली बिल में इस मद के तहत अतिरिक्त शुल्क के बजाय समायोजन/राहत का असर पड़ेगा।

प्रमुख आंकड़े

जुलाई 2026 में बिजली खरीद	16,407.07 टव
वास्तविक बिजली खरीद लागत	4.69 प्रति यूनिट
स्वीकृत बिजली खरीद लागत	4.94 प्रति यूनिट
वास्तविक ट्रांसमिशन चार्ज	1,000.05 करोड़
बेस ट्रांसमिशन लागत	979.35 करोड़
अक्टूबर 2026 की अनुमानित बिक्री	12,732.33 टव
औसत बिलिंग दर	6.36 प्रति यूनिट
समायोजन कारक	28.90 करोड़
कुल गणना राशि	424.45 करोड़
डिनॉमिनेटर	8,097.76 करोड़
अक्टूबर 2026	5.24 प्रतिशत

यूपी की पहचान कट्टा उद्योग से नहीं, ब्रह्मोस और फाइटर जेट से : गिरिराज सिंह

- युवा शक्ति और आधुनिक विनिर्माण को बताया विकास की ताकत

विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक पहचान में बदलाव आया है। अब प्रदेश को आधुनिक रक्षा उत्पादन, विनिर्माण, निर्यात और तकनीक से भी जोड़ा जा रहा है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि प्रदेश की पहचान अब पुराने कट्टा उद्योग के बजाय ब्रह्मोस मिसाइल और फाइटर जेट जैसे आधुनिक रक्षा उत्पादन से हो रही है।

उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और हवाई संपर्क, एक्सप्रेसवे तथा औद्योगिक ढांचे से प्रदेश में कारोबारी गतिविधियों को गति मिली है। जेवर एयरपोर्ट और अन्य कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचा निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर तैयार कर रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और उत्तर प्रदेश इस शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि बनारस की साड़ी, मुरादाबाद का पीतल, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पादों को आधुनिक तकनीक, बेहतर पैकेजिंग और वैश्विक बाजार से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूपीआईटीएस ने प्रदेश के उद्यमियों, निर्यातकों, कारीगरों और देश-विदेश के खरीदारों को एक मंच पर लाने का काम किया। आयोजन 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में हुआ। केंद्रीय मंत्री ने ऊर्जा आयात पर निर्भरता घटाने के लिए एथनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने की जरूरत बताई। उन्होंने भारत की वैश्विक आर्थिक भूमिका और युवाओं की भागीदारी को भी रेखांकित किया। समारोह में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समापन समारोह के दौरान गिरिराज सिंह ने विपक्षी दलों पर राजनीतिक टिप्पणियां भी कीं और राहुल गांधी तथा अखिलेश यादव को लेकर आरोप लगाए। ये टिप्पणियां उनके राजनीतिक वक्तव्य के रूप में सामने आईं।

140 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों की बुवाई का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रबी अभियान-2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएससी), पूसा, नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी रबी सीजन में प्रदेश में लगभग 140 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके तहत लगभग 100 लाख हेक्टेयर में गेहूं, लगभग 20 लाख हेक्टेयर में दलहन तथा लगभग 20 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तिलहन की बुवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फसल विविधीकरण, उत्पादकता संवर्धन तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं और उत्तर प्रदेश ने प्रमुख फसलों की उत्पादकता को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

कृषि मंत्री ने तूर, अरहर और मूंग की 4.70 लाख मीट्रिक टन खरीद की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने रबी फसलों के लिए प्रमाणित बीज वितरण के लक्ष्य को पूर्व निर्धारित 98,137 क्विंटल पर बहाल करने का अनुरोध करते हुए कहा कि चना, मटर और मसूर के बीज उत्पादन लक्ष्य को कम किए जाने से राज्य बीज निगम सहित प्रदेश के रबी क्षेत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार दलहन एवं तिलहन के उत्पादन विस्तार के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है और 12 जिलों में कृषि उन्नति योजना एवं धन-धान्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

शाही ने हाल ही में हुई अतिवृष्टि से प्रदेश के 26 जिलों में फसलों को पहुंचे नुकसान की जानकारी देते हुए किसानों को आपदा मद से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि लगभग पांच लाख किसानों की फसल क्षति की सूचना पर कृषि विभाग और बीमा कंपनियों द्वारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है, ताकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत दावों का त्वरित निस्तारण हो सके। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर व भागीरथ चौधरी सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इं. हरिकिशोर तिवारी को मिले टिकट से शिक्षक-कर्मचारी उत्साहित



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी को आगरा स्नातक क्षेत्र से सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किये जाने के साथ ही शिक्षक कर्मचारी संवर्ग उत्साहित है। आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय में टिकट की जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में पहुंचें कर्मचारी शिक्षक ने हरिकिशोर तिवारी का जोरदार स्वागत अभिनदंन किया।

आगरा स्नातक से टिकट मिलने के बाद बधाई देने, प्रचार करने तथा हर स्तर पर सहयोग करने का वायदा करने के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी, घटक संघों के पदाधिकारी, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारी, माध्यमिक, प्राथमिक, विशिष्ट बीटीसी सहित अन्य संघों के पदाधिकारियों से उन्होंने वातार्लाप कर अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया।

इटावा में जन्में हरिकिशोर तिवारी ने बीएससी तक शिक्षा इटावा में प्राप्त करने के बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग में हाथरस से डिप्लोमा ऑनर्स के साथ उत्तीर्ण करते हुए टेक्निकल बोर्ड में उप्र में नवां स्थान प्राप्त किया। एमए अर्थशास्त्र विषय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की करने के बाद उन्होंने अपनी राजकीय सेवा शुरू की थी। इसके पूर्व उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में वर्ष 1978 से 1980 तक हाथरस के जिला प्रमुख रहे तथा इसी के बैनर तले एमजी पॉलीटेक्निक हाथरस में जनरल सेक्रेटरी के एकमात्र चुनावी पद पर 1983 में चुने गये तथा 1984 से 1986 (सरकारी सेवा में आने से पहले) तक भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष इटावा रहे। लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर तैनात हुए, 1986 से ही डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ और संघ के जनपद अध्यक्ष से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष, कानपुर क्षेत्र के वर्ष 2008 तक 22 वर्षों तक बराबर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। 1993-97 तक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला इटावा के मंत्री रहे। वर्ष 2008 में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय अध्यक्ष चुने गये तथा एफोडे की तरफ से विभिन्न कार्यक्रमों में श्रीलंका, बांग्लादेश के कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिनिधित्व किया और नेपाल, चीन, मालदीव एवं दुबई, थाईलैण्ड, सिंगापुर और मलेशिया का भी विभिन्न कार्यक्रमों के तहत भ्रमण किया। सबसे कठिन यात्रा कैलाश मानसरोवर यात्रा में वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2017 मे इंजीनियर संघ के इतिहास में पहली बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने गये।

वर्ष 1990 से 2005 तक कई बार संघीय आह्वान पर जेलों की यात्रा की गई एवं कई बार 06 दिन तक आमरण अनशन जैसे कार्यक्रमों को कराकर प्रोन्नतियां कराने में सफल रहे। इटावा में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रहते हुए रेल रोको आंदोलन देश के सभी केंद्रीय संगठनों के साथ मिलकर करने में सक्रिय भूमिका रही। विभाग में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पहली बार एक कर्मचारी का नाम पद्मश्री अवार्ड के लिए सरकार को वर्ष 2005 में भेजा गया एवं कई वर्षों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये। बेटा निकुंज तिवारी एवं उनकी पत्नी भी भारतीय सेना में मेजर पद पर कार्यरत हैं।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन में भी कार्यकर्ताओं पर भी हुए मुकदमें

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में कांग्रेसी सड़कों पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुन-चुन के षडयंत्र के तहत ज्ञानेश कुमार पूरे देश में वोटर का नाम काटने का काम कर रहे है, भाजपा को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया।

अजय राय ने कहा कि गरीब, झोपड़ पट्टी के लोगों का नाम काटा जा रहा है। अभी कल ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुद जाकर दिल्ली के यमुना के किनारे बिना छत व झोपड़ पट्टी में रहने वाले 730 लोगों के मतदाता सूची से 729 लोगों के नाम काटे गये हैं, देखा है। बकायदा चिन्हित करके गरीबों और कमजोरों का नाम काटा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का काम निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है लेकिन लगातार ज्ञानेश कुमार भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए वोट काटने का कार्य कर रहे हैं। पूरे देश में कल पार्टी ने प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश के 75 जिले में शांतिपूर्वक कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन किया है। किसी भी कार्यकर्ता ने कोई गैरजिम्मेदाराना कार्य नहीं किया, न मारपीट हुई, न कहीं तोड़फोड़ हुई, न सरकारी कार्य में किसी प्रकार की बाधा पहुंचायी गयी और न ही किसी पुलिस की गाड़ी या सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति पहुंचायी गयी।

इसके बावजूद विभिन्न जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। आगरा में कार्यकर्ताओं पर हत्या के प्रयास, जान बूझकर चोट पहुंचाना, दंगा भड़काने आदि अनेक संगीन धाराओं में केस दर्ज किया गया और कार्यकर्ताओं के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। पुलिस ने मारपीट भी किया है तथा 9 गंभीर धाराएं लगाकर फर्जी एफआईआर दर्ज की है। हमारे जिन कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा झूठे मुकदमें लगाकर जेल भेजा गया है। पार्टी पूरी शक्ति के साथ उनके साथ खड़ी है और उनकी कानूनी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि आगरा के अलावा कासगंज में 7, सहारनपुर में 8, गोरखपुर में 9 धाराओं में कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किये गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने एफआईआर की प्रति मीडिया के समक्ष दर्शाते हुए कहा कि अभी अन्य जिलों से मुकदमों की संख्या आना बाकी है।

अजय राय ने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में पुलिस कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को लगातार प्रताड़ित कर रही है। हम लड़ेंगे, लोकतंत्र की हत्या करने वालों के खिलाफ संघर्ष करेंगे। कांग्रेस की सरकार आने पर इस काले कानून को बदला जाएगा, इसके लिए महाभियोग लाया जा रहा है। प्रवक्ता अभय दुबे ने केरल के मामले का जिक्र करते हुए सवाल का जवाब देते हुए कहा जिस प्रदेश में भाजपा का कुछ नहीं है वहां यह एसआईआर में गड़बड़ नहीं करा पाये। डॉ. सीपी राय ने कहा कि सरकार पूरी तरह अलोकतांत्रिक और संविधान विरोधी कार्य कर रही है जनता इसका समय आने पर जवाब अवश्य देगी।

अमरोहा के नीम-मोरिंगा शहद की विदेशी बाजार में मांग

विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा/अमरोहा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)-2026 में अमरोहा के ग्रामीण उत्पादों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार का ध्यान खींचा है। उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के स्टॉल पर प्रखंड बायो एनर्जी किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के ब्रांड ह्यकिसान वेदाह्न के शहद, मिलेट्स उत्पाद और अन्य प्राकृतिक उत्पादों को विदेशी और घरेलू खरीदारों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इटली, ओमान और नीदरलैंड के खरीदारों ने उत्पादों की आपूर्ति को लेकर समझौते किए हैं।

एफपीओ की ओर से तैयार प्राकृतिक शहद और मिलेट्स कुकीज खरीदारों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। एफपीओ के मुताबिक ओमान, जापान और नीदरलैंड के प्रतिनिधियों ने शहद की खरीद में रुचि दिखाई है। नीदरलैंड के खरीदारों ने टन के हिसाब से बल्क सप्लाई की मांग रखी, जबकि शुरूआती चरण में 1,000 से 1,500 बोतलों की आपूर्ति पर सहमति बनी है। इटली के खरीदारों ने ज्वार और रागी से तैयार कुकीज के लिए 1,600 से 2,000 प्रति किलो तक की दर पर अनुबंध किया है। एफपीओ के अनुसार उसके उत्पाद एपीडा और पीजीएस प्रमाणन से जुड़े मानकों के अनुरूप तैयार किए जाते हैं। ट्रेड शो में 35 से अधिक बड़े खरीदारों ने उत्पादों में रुचि दिखाई, जबकि शुरूआती दिनों में 150 से अधिक उपभोक्ताओं ने स्टॉल से खरीदारी की। किसान वेदा के स्टॉल पर कमल ककड़ी, करौंदे, आंवला और लहसुन के अचार के साथ मोरिंगा पाउडर, नीम शहद, मिलेट्स नमकीन और मल्टीग्रेन आटा भी लोगों को पसंद आया।

अंसल में 846 बड़े भूखंडों की रजिस्ट्री होगी निरस्त !

कंसोर्टियम नियमों के उल्लंघन का मामला, जांच के दायरे में 149.459 हे जमीन, एलडीए को बैनामे निरस्त कराने के लिए न्यायालय जाने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में सुशांत गोल्फ सिटी टाउनशिप में कंसोर्टियम व्यवस्था के तहत बेचे गए 846 बड़े भूखंडों की रजिस्ट्री को लेकर अब जांच और कानूनी कार्रवाई की तैयारी है। करीब 1,000 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन से जुड़े इन भूखंडों के आवंटन और बैनामे निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश शासन ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को दिए हैं। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन के मामले में संबंधित खरीदारों को एलडीए की ओर से मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद की ओर से जारी आदेश में एलडीए को कंसोर्टियम एग्रीमेंट के उल्लंघन से जुड़े बैनामों को विधि शून्य घोषित कराने के लिए सक्षम न्यायालय में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही प्राधिकरण को परियोजना से संबंधित मामलों में आईआरपी और एनसीएलटी के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कंसोर्टियम के तहत कुल करीब 163.18 हेक्टेयर जमीन शामिल थी। इसमें से लगभग 149.459 हेक्टेयर जमीन की बिक्री और उससे जुड़े बैनामों को लेकर सवाल उठे हैं। एलडीए को योजना का औपचारिक हैंडओवर मिलने के बाद संबंधित जमीन की बिक्री, आवंटन और रजिस्ट्री से जुड़े अभिलेखों की जांच कराई जाएगी। जांच के दायरे में आए 846 भूखंडों का औसत क्षेत्रफल करीब 19,008 वर्गफुट बताया गया है। इतने बड़े भूखंडों के आवंटन और उनके उपयोग को लेकर भी प्राधिकरण स्तर पर पड़ताल की जाएगी। इनमें से कई भूखंडों के फार्महाउस अथवा निवेश के उद्देश्य से इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है।

सुशांत गोल्फ सिटी टाउनशिप के भीतर आने वाले ये भूखंड लखनऊ के 12 गांवों में स्थित हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार बरौना में 243, पहाड़नगर टिकरिया में 156, सोनेई कजेहरा में 131, हसनपुर खेवली में 66, दाउदनगर में 64 और निजामपुर मजिगांव में 59 भूखंड हैं। इसके अलावा माढ़र मऊ कला में 51, अहमामऊ में 24, मुजफ्फरनगर घुसवल में 22, यूसुफनगर बगियामऊ में 17, हरिहरपुर में आठ और देवामऊ में पांच भूखंड शामिल हैं। मामला हाईटेक टाउनशिप नीति के तहत बनाई गई कंसोर्टियम व्यवस्था से जुड़ा है। इस व्यवस्था में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के भूमिधरों की जमीन को परियोजना में शामिल किया गया था। भूमिधरों को कंसोर्टियम का सदस्य रखते हुए परियोजना से होने वाले लाभ में हिस्सेदारी का प्रावधान था। आरोप है कि अंसल बिल्डर की ओर से कंसोर्टियम सदस्यों को जमीन का भुगतान किए जाने के बाद भी कुछ सदस्यों ने उसी जमीन के हिस्से की दोबारा बिक्री कर दी। इसे कंसोर्टियम एग्रीमेंट के उल्लंघन और डबल सेलिंग से जोड़कर देखा जा रहा है।



अब इन लेनदेन और संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद कानूनी स्थिति स्पष्ट की जाएगी। शासन ने एलडीए को परियोजना की संपत्तियों और देनदारियों से संबंधित प्रक्रिया भी आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए आईआरपी अथवा एनसीएलटी की प्रक्रिया के माध्यम से परियोजना की परिसंपत्तियों और देनदारियों का अध्ययन कराया जाएगा। प्राधिकरण पेशेवर ट्रांजेक्शन एडवाइजर की मदद से उपलब्ध संपत्तियों और देनदारियों का आकलन कराएगा। अध्ययन पूरा होने के बाद परियोजना के टेकओवर की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

अधूरी सड़कें, सीवर, पानी व बिजली के काम होंगे पूरे

लखनऊ। शहीद पथ स्थित अंसल एपीआई की सुशांत गोल्फ सिटी हाईटेक टाउनशिप को अब नैमिष और वरुण विहार आवासीय योजनाओं की तर्ज पर मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए शासन की ओर से लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को बजट उपलब्ध कराया जाएगा। टाउनशिप के व्यवस्थित विकास के लिए तैयार कार्ययोजना में अधूरे अवस्थापना कार्यों को पूरा कराने के साथ आवश्यक स्थानों पर जमीन अधिग्रहण का भी प्रावधान किया गया है।

कार्ययोजना के मुताबिक टाउनशिप के पूर्ण विकसित, आंशिक विकसित और अविकसित हिस्सों को अलग-अलग चिन्हित कर वहां अधूरी सड़क, सीवर, जलापूर्ति और विद्युत सुविधाओं को पूरा कराया जाएगा। कई प्रमुख मार्गों का निर्माण आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण अब तक पूरा नहीं हो सका है। मेदांता अस्पताल और बेस्ट प्राइस के आसपास के क्षेत्रों में सड़क निर्माण भी जमीन की उपलब्धता के अभाव में प्रभावित है। इन मार्गों को पूरा करने के लिए जरूरत पड़ने पर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। टाउनशिप में एसटीपी, सीवर लाइन, विद्युत सब-स्टेशन और रेलवे ओवरब्रिज समेत कई महत्वपूर्ण अवस्थापना कार्य भी अभी पूरे किए जाने हैं। इनके लिए भी आवश्यकता के अनुसार जमीन अधिग्रहण का विकल्प रखा गया है। शेष अवस्थापना विकास कार्यों पर करीब 2,216.91 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। टाउनशिप को पूरा कराने के लिए नए मानचित्रों की स्वीकृति, शमन मानचित्र अथवा कंप्लीशन के समय टाउनशिप कंप्लीशन शुल्क लगाने का प्रस्ताव भी कार्ययोजना में शामिल किया गया है। प्रारंभिक आकलन के आधार पर यह शुल्क करीब 1,150 रुपये प्रति वर्गमीटर प्रस्तावित है। वास्तविक व्यय और कुल आच्छादित क्षेत्रफल के आधार पर अंतिम शुल्क तय किया जाएगा। इसके लिए एलडीए बोर्ड को अधिकृत करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार इस शुल्क का इस्तेमाल केवल सुशांत गोल्फ सिटी के विकास कार्यों में किया जाएगा। इसे एलडीए की नियमित आय का स्रोत नहीं बनाया जाएगा। शुल्क से प्राप्त धनराशि को अलग डेडीकेटेड एस्क्रो खाते में रखने और उसी योजना के विकास पर खर्च करने का प्रस्ताव है। निर्धारित शर्तों के तहत ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के भवनों एवं भूखंडों पर यह शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार, इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था में आवंटित भूखंड के बदले निर्धारित अनुपात में दो या उससे अधिक प्रतिशत अतिरिक्त भूमि देने का विकल्प शामिल किया जा सकता है। हालांकि इस व्यवस्था को लागू करने का निर्णय आगे की कानूनी प्रक्रिया और टाउनशिप के एलडीए के अधीन आने के बाद ही लिया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि टाउनशिप को व्यवस्थित तरीके से विकसित करने की योजना है।

मिश्रीबाग में जलभराव से गुस्सा

- राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल मार्ग करीब एक घंटे रहा जाम
- नाला बंद होने और सफाई में लापरवाही का आरोप

लखनऊ। मिश्रीबाग इलाके में कई दिनों से जारी जलभराव और गंदगी से परेशान आक्रोशित लोगों ने नाराजगी जताई स्थानीय लोगों ने बसंत कुंज बंधा स्थित एलडीए के बाढ़ पंपिंग स्टेशन पर नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल जाने वाला मुख्य मार्ग करीब एक घंटे तक जाम रहा। पुलिस के पहुंचने और लोगों को समझाने के बाद मुख्य मार्ग से जाम हटाया गया, हालांकि लोग पंपिंग स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करते रहे।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र के कई नालों का पानी मिश्रीबाग होते हुए गोमती नदी में जाता है। आरोप है कि सिंचाई विभाग द्वारा नाले का चैनल बंद किए जाने से बारिश और नालियों का गंदा पानी इलाके में जमा हो गया है। कई घरों और गलियों के आसपास पानी भरा है। लोगों के मुताबिक जलभराव वाले पानी में मरे जानवर भी पड़े हैं, जिससे दुर्गंध और गंदगी के कारण स्थिति और खराब हो गई है।

स्थानीय पार्षद सीबी सिंह ने नगर निगम और सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि नगर निगम के अधिकारी फोन पर समस्या दूर करने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन मौके पर जलनिकासी की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। पार्षद के अनुसार, सिंचाई विभाग के के. अरुण कुमार का कहना है कि नाले का चैनल खुला है, जबकि स्थानीय लोग चैनल बंद होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मल्लाही टोला प्रथम वार्ड की मुख्य नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। नालियां कचरे से पटी होने के कारण बारिश के पानी की निकासी प्रभावित है। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय प्रतिनिधियों और नगर निगम अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि जलभराव के दौरान बाढ़ पंपिंग स्टेशन की मोटरें समय पर और पूरी क्षमता से नहीं चलाई जातीं। इससे पानी का स्तर कम होने के बजाय लगातार बढ़ता रहता है। लंबे समय से जमा गंदे पानी के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

इंदिरा नगर में छह करोड़ की जमीन से हटा अवैध कब्जा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने इंदिरा नगर सेक्टर-18 स्थित ग्राम समीउद्दीनपुर में वर्षों से कब्जे में रही करीब 600 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। खसरा संख्या-317 की इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब छह करोड़ रुपये बताया गया है। परिषद के अनुसार, भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा था। अतिक्रमण हटने के बाद परिषद को अपनी परिसंपत्ति पर दोबारा नियंत्रण मिल गया है। अब भविष्य में इस भूमि का नियोजित उपयोग परिषद की योजनाओं के अनुरूप किया जा सकेगा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अधीक्षण अभियंता, निर्माण खंड इकाई-6 की अध्यक्षता में की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के साथ परिषद के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया गया। परिषद ने कहा कि उसकी भूमि और अन्य परिसंपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसके तहत चिन्हित परिसंपत्तियों पर कार्रवाई कर परिषद की जमीन को सुरक्षित रखने और उसके नियोजित उपयोग को सुनिश्चित किया जाएगा।

मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिले नर्सिंग संवर्ग के महामंत्री

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश के नर्सिंग संवर्ग की लंबित मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की । इस दौरान नर्सिंग संवर्ग के गृह जनपद नियुक्ति , पदोन्नति, एसीपी, उच्च संस्थानों की भांति भत्ते,उच्च शिक्षा के लिए सवेतन छुट्टी कैच (पालनाघर), रिक्त पदों पर नियमित भर्ती जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

महामंत्री अशोक कुमार ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि संवर्ग लंबे समय से न्यायोचित मांगों के निस्तारण की प्रतीक्षा कर रहा है। विभागीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई न होने से पूरे प्रदेश के नर्सेज संवर्ग में गहरा रोष व्याप्त है, जिसके चलते बाध्य होकर संवर्ग को 9 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन का मार्ग चुनना पड़ा है। बैठक में आंदोलन के नोटिस और मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। वार्ता के दौरान श्री पाठक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि नर्सिंग संवर्ग की सभी जायज समस्याओं का शासन स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान निकाला जाएगा। वार्ता के उपरांत महामंत्री अशोक कुमार ने कहाउपमुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख का स्वागत करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण का ठोस आश्वासन दिया है। संवर्ग को उम्मीद है कि 9 अक्टूबर से पूर्व शासन स्तर से सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को बिना किसी अवरोध के सुचारू बनाए रखा जा सके।

एसए अपार्टमेंट होगा जमींदोज 250 जैक से संभाली झुकी बिल्डिंग

लखनऊ। गोलागंज के बारूदखाना इलाके में करीब 16 वर्ष पहले बना छह मंजिला एसए अपार्टमेंट अब पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा। एलडीए के मुताबिक भवन का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए जाने के साथ इसकी निर्माण गुणवत्ता भी खराब पाई गई है। ऐसे में अपार्टमेंट को शमन या मरम्मत के जरिए सुरक्षित करने का विकल्प नहीं अपनाया जाएगा। एलडीए अब बिल्डर को नए सिरे से ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी करेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार, बिल्डर शाहबुद्दीन और वकील अहमद ने वर्ष 2010 में भवन का मानचित्र स्वीकृत कराया था। बताया गया कि स्वीकृत योजना में जी+3 निर्माण की अनुमति थी, लेकिन मौके पर छह मंजिला निर्माण कर दिया गया। निर्माण के दौरान चारों ओर के साइट बैक और सेट बैक को भी कवर कर लिया गया। इसके अलावा विरोध के बावजूद छठी मंजिल के ऊपर पेंटहाउस का निर्माण किए जाने की बात सामने आई है। एलडीए के मुताबिक पहले जारी ध्वस्तीकरण आदेश केवल अपार्टमेंट की छत पर बनाए जा रहे अवैध पेंटहाउस से संबंधित था। अब भवन की संरचनात्मक स्थिति और निर्माण में सामने आई अनियमितताओं को देखते हुए पूरे अपार्टमेंट के खिलाफ नए सिरे से कार्रवाई की जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि बिल्डिंग का कंपाउंडिंग मैप स्वीकृत कराने का विकल्प सामान्य परिस्थितियों में हो सकता है, लेकिन यहां निर्माण गुणवत्ता को देखते हुए यह विकल्प सुरक्षित नहीं है। उनका कहना है कि सड़क पर्याप्त चौड़ी होने के कारण बिल्डर के पास शमन का विकल्प हो सकता है, लेकिन भवन की गुणवत्ता खराब होने के कारण इसे शमन के जरिए नियमित करना उचित नहीं होगा। नोटिस में बिल्डर को 15 दिन का सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। इस अवधि में वह अपना पक्ष रख सकेगा। यदि बिल्डर स्वयं भवन को ध्वस्त करता है तो ठीक, अन्यथा नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद एलडीए अपने स्तर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।

बलरामपुर अस्पताल में विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता हुआ कार्यक्रम

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल, लखनऊ के ओपीडी परिसर में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों की जीवनशैली में सुधार वआपातकालीन स्थितियों में उपचार के प्रति जागरूक करना था।

इस मौके पर बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. बी के एस चौहान ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट या हार्ट अटैक के शुरूआती कुछ घंटे बेहद संवेदनशील होते हैं। यदि मरीज को इस दौरान तुरंत अस्पताल लाया जाए, तो तुरंत इलाज देकर मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक नमक के सेवन से बचें ताकि, कोलेस्ट्रॉल व शुगर की जांच करायें। सीने में दर्द, सांस फूलना या बेचैनी होने पर तुरंत निकटतम अस्पताल पहुंचें। नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और तनाव से दूर रहें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने लोगों की दिनचर्या और खान-पान के संयम बरतने की सलाह दी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि कोलेस्ट्रॉल और शुगर के स्तर को संतुलित रखना तथा किसी भी प्रकार के सीने में दर्द या भारीपन को नजरअंदाज न करना ही हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा देता है। डॉ. युसूफ अंसारी (वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट) ने हृदय रोगों के तकनीकी पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। डॉ. एम. एच. उस्मानी (वरिष्ठ विशेषज्ञ) ने तनावमुक्त जीवन शैली और समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि तंबाकू और धूम्रपान से दूरी बनाकर तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपनाकर हृदय को दीर्घकालिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव कुमार, गुरप्रीत के अलावा अस्पताल के समस्त डॉक्टर्स, पैरामेडिकल कर्मी, नर्सिंग कैडर एवं नर्सिंग स्कूल की छात्राएं मौजूद रहे।

सड़कों व जनसुविधाओं पर 300 करोड़ का अतिरिक्त बजट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर की टूटी सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव और मार्ग प्रकाश समेत जनसुविधाओं को बेहतर करने के लिए लखनऊ नगर निगम पुनरीक्षित बजट में करीब 300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान करने जा रहा है। संशोधित बजट को मंजूरी के लिए नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक एक अक्टूबर को बुलाई गई है। बैठक गोमतीनगर स्थित भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के सभागार में होगी। महापौर की ओर से बैठक का आदेश जारी कर दिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष का 347486 लाख का बजट पास किया गया था पुनरीक्षित बजट में 531928 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है यह मूल बजट से करीब 184 करोड अधिक है

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 4,600 करोड़ रुपये का मूल बजट स्वीकृत किया था बारिश से बड़ी संख्या में सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण मरम्मत के लिए करीब 30 करोड़ रुपये की अतिरिक्त जरूरत बताई गई है। इसी को देखते हुए पुनरीक्षित बजट में सड़कों से जुड़े मदों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा गया है। शहर में नई सड़कों के निर्माण के लिए मूल बजट में महज 50 लाख रुपये का प्रावधान था। इसे बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। वहीं सड़कों के पैचवर्क, मरम्मत और नवीनीकरण का बजट 27.10 करोड़ से बढ़ाकर 33.10 करोड़ रुपये किया जा रहा है। इसके अलावा मूल बजट में पैचवर्क के लिए निर्धारित 10 करोड़ रुपये भी अलग से उपलब्ध रहेंगे। विधानसभा, विधान परिषद और शासन स्तर से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर कराए जाने वाले विकास कार्यों का बजट 20 करोड़ से बढ़ाकर 40 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। इसी मद में महापौर और नगर आयुक्त निधि में भी 10-10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है। सीएम ग्रिड योजना के तहत हाईटेक सड़कों के निर्माण के लिए भी बजट को 20 करोड़ से बढ़ाकर 40 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा सफाई, पार्क, मार्ग प्रकाश और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मदों में भी जरूरत के अनुसार बजट बढ़ाने का प्रावधान पुनरीक्षित बजट में किया गया है। बैठक में प्रस्तावित पुनरीक्षित बजट के विभिन्न मदों पर चर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

प्रगति-50 में लखनऊ निकाय चयनित

लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत शुरू की गई प्रगति 50 पहल में लखनऊ नगर निगम समेत उत्तर प्रदेश के छह नगर निकायों को शामिल किया गया है। मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में चयनित नगर निकायों में स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, कार्यों की नियमित निगरानी और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने की। बैठक में बताया गया कि देश के 762 नगर निकायों में से 50 निकायों का चयन प्रदर्शन सुधार और केंद्रित निगरानी के लिए किया गया है। उत्तर प्रदेश से आगरा, अयोध्या, लखनऊ, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज और वाराणसी को इसमें शामिल किया गया है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने चयनित नगर निकायों की नियमित समीक्षा और प्रदर्शन में सुधार के लिए केंद्रित निगरानी व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने ठोस कचरा प्रबंधन, प्रयुक्त जल प्रबंधन, सार्वजनिक स्वच्छता और नागरिक सहभागिता से जुड़े कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन के जरिए नगर निकायों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर बल दिया। राज्य मिशन निदेशक एवं नगर विकास विभाग के सचिव अनुज कुमार झा ने नगर निकायों और शासन के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए एसबीएम अर्बन 2.0 के एसओपी और केपीआई के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई। उन्होंने ठोस कचरा और प्रयुक्त जल प्रबंधन में स्पष्ट, मापनीय और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीए के क्षेत्र में करियर की व्यापक संभावनाएं : सीए देवेश अग्रवाल



लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज में मंगलवार को वाणिज्य संकाय और द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) एवं करियर अवसरों विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए देवेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सीए पाठ्यक्रम, इसकी परीक्षा प्रक्रिया तथा सीए बनने के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीए के लिए ऑडिट, टैक्सेशन, फाइनेंस, कॉरपोरेट सेक्टर, बैंकिंग, वित्तीय परामर्श एवं स्वतंत्र प्रैक्टिस जैसे अनेक क्षेत्रों में कार्य के अवसर उपलब्ध हैं।

वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्षा डॉ. रश्मि मिश्रा ने विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में विद्यार्थियों को समय रहते अपने करियर लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप तैयारी शुरू करनी चाहिए। सेमिनार में विद्यार्थियों ने उअ एवं अन्य व्यावसायिक करियर विकल्पों से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की और विशेषज्ञ से अपने प्रश्न भी पूछे।

निर्माण कार्यों में तेजी लाकर तय समय में पूरा करें कार्य : योगेन्द्र उपाध्याय

लखनऊ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को आशियाना, लखनऊ स्थित उप्र उच्च शिक्षा परिषद एवं उच्च शिक्षा निदेशालय शिविर कार्यालय के निमार्णाधीन भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से विभिन्न कार्यों की स्थिति, मानव संसाधन, निर्माण सामग्री तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य समानांतर रूप से किए जा सकते हैं, उन्हें एक साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि अनावश्यक रूप से समय न लगे। निर्माण की प्रत्येक गतिविधि के लिए स्पष्ट कार्ययोजना एवं समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार कार्य सुनिश्चित किया जाए। मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने निमार्णाधीन भवन में जल निकासी एवं जलभराव की स्थिति को भी गंभीरता से लेते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लविवि की पुरुष क्रिकेट टीम के चयन के लिए चयन ट्रायल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 के लिए पुरुष क्रिकेट टीम के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट टीम चयन परीक्षण का आयोजन मंगलवार को किया गया और बुधवार को भी होगा। चयन परीक्षण एलडीए ग्राउंड, अलीगंज, लखनऊ में दोनों दिन प्रातः 8:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन परीक्षण में विश्वविद्यालय के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण, विकेटकीपिंग, फिटनेस एवं खेल कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। चयन प्रक्रिया का प्रारंभ कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने किया। कुलपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि चयन प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता, खेल के प्रति समझ, अनुशासन, फिटनेस तथा प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा।



नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदिरानगर में गैलरी में रखी दवाई से मरीजों के आने-जाने में हो रही समस्या

विधायक से घूस मांगने का आरोप एलडीए कर्मचारी हिरासत में

विशेष संवाददाता (vol)

- सचिव कार्यालय में हंगामे के बाद पुलिस ले गई

लखनऊ। अलीगंज योजना के एक भूखंड से जुड़े मामले में पत्रावली के निस्तारण के नाम पर 25 लाख रुपये मांगने के आरोप में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोप है कि कर्मचारी लंबे समय से मामले का निस्तारण कराने के नाम पर रकम की मांग कर रहा था और अधिकारियों के नाम पर दबाव बना रहा था।

मंगलवार को मामले की शिकायत मिलने के बाद एलडीए सचिव एसपी सिंह ने कर्मचारी से पूछताछ की। इस दौरान सचिव कार्यालय में हंगामा होने की बात सामने आई। इसके बाद सचिव कर्मचारी को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के कक्ष में ले गए। वहां भी कथित तौर पर बहस और अभद्रता की स्थिति बनी, जिसके बाद कार्यालय परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामला उन्नाव के पुरवा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनिल सिंह से जुड़े भूखंड विवाद की पत्रावली से संबंधित बताया गया है। आरोप के मुताबिक एलडीए के अनुरक्षण विभाग में तैनात कर्मचारी राज किशोर दुबे उर्फ पप्पू दुबे कथित तौर पर अधिकारियों के स्तर से काम कराने के नाम पर 25 लाख रुपये की मांग कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एलडीए उपाध्यक्ष ने गोमतीनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कर्मचारी को अपने साथ थाने ले गई। एलडीए उपाध्यक्ष ने संबंधित योजना प्रभारी को आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए।

हालांकि देर रात तक पुलिस को एलडीए की ओर से लिखित शिकायत मिलने की स्थिति स्पष्ट नहीं थी। गोमतीनगर पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आरोपों की वास्तविकता और रकम की मांग के पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

पत्रांक /88/अ.वि.प्रा.अयो./2026-2027 दिनांक : 29.09.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमन्त्री शहरी विस्तारीकरण एवं नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या द्वारा प्राधिकरण के विस्तारित क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर ग्राम-इब्राहिमपुर दिवली उपरहार स्थित गाटा संख्या-140 से 151तक, 203, 215 से 258तक, 270 से 307 तक, 536से 538 तक, 544 से 566 तक, 585 से 588 तक, 608 से 652 तक, एवं ग्राम-जगनपुर, परगना मंगलसी, तहसील-सोहावल, जनपद-अयोध्या की गाटा संख्या-242 से 250 तक लगभग 69 एकड़ भूमि पर योजना प्रस्तावित (उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 77 (1) की रिजर्व भूमि छोड़कर) है। उपरोक्त विवरण भूमि के हितबद्ध व्यक्तियों के लिये सूचनार्थ इस आशय से प्रकाशित किया जा रहा है कि उक्त भूमि में किसी भी व्यक्ति का हित निहित है और उसका नाम वर्तमान राजस्व अभिलेखों में अंकित नहीं है, तो वह सम्बन्धित तहसील से अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराते हुये सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या के कार्यालय में दावा प्रस्तुत कर सकता है। इस सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि जिस भूमि के सम्बन्ध में कोई दावा प्राप्त नही होता है, तो यह समझा जायेगा कि प्रस्तावित भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति का हित नहीं है। तदनुसार प्रस्तावित भूमि राजस्व अभिलेखों में अंकित व्यक्ति से क्रय करके प्रतिफल का भुगतान किया जायेगा।

सचिव
अयोध्या विकास प्राधिकरण
अयोध्या

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

रंजिश में किसान पर चढ़ाया डाला, मौत, तीन घायल

मलिहाबाद के कसमंडी कला गांव की घटना, बेटे की तहरीर पर तीन नामजद, परिजनों ने शव सड़क पर लगाया जाम

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कसमंडी कला गांव में सोमवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक किसान पर छोटा हाथी डाला चढ़ाने का मामला सामने आया है। हादसे में किसान की मौत हो गई, जबकि पास बैठे तीन लोग घायल हो गए। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कसमंडी कला निवासी श्यामलाल (60) सोमवार शाम करीब सात बजे घर के बाहर चारपाई पर लेटे थे। उनके पास पड़ोस के कुछ लोग भी बैठे थे। मृतक के बेटे मुकेश ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि इसी दौरान गांव निवासी फरजान छोटा हाथी डाला लेकर वहां पहुंचा। कहासुनी के बाद पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने डाला श्यामलाल के ऊपर चढ़ा दिया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें बलरामपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मुकेश का आरोप है कि आरोपी ने घटना से पहले भी उसके पिता को वाहन चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि श्यामलाल को टक्कर मारने के बाद आरोपी ने वाहन को दोबारा बैक किया और वहां मौजूद लोगों को भी कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान रुमन (30), रामनरेश की पत्नी और उनकी सात वर्षीय बेटी रितिका घायल हो गईं। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुकेश ने आरोप लगाया कि घटना के बाद फरजान, अकील अहमद और डॉ. शकील की ओर से उसे और उसके परिवार को धमकाया गया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मुकेश की तहरीर पर फरजान, अकील अहमद और डॉ. शकील पर हत्या, हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा कर धरना प्रदर्शन कर दिया। इस दौरान कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास करती रही। दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।खबर लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं हो सका है।

ट्रैक्टर चालक युवक की संदिग्ध हालत मे मौत : बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के 25 वर्षीय ट्रैक्टर चालक युवक संदिग्ध हालत में घर से बाहर दीवार के सहारे मृत बैठा मिला। युवक के पैरों के तलवों पर करंट से झुलसने के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि रहीमाबाद निवासी मेड़ी लाल यादव का बेटा सचिन यादव उर्फ राजा (25) ट्रैक्टर चलाता था। उसकी करीब डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। परिजनों के मुताबिक सचिन सोमवार शाम करीब 4 बजे घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने अभी किसी पर आरोप नहीं लगाया है, लेकिन ग्रामीणों में चर्चा है कि पैरों में करंट लगाकर हत्या के बाद शव को दीवार के सहारे बिठा दिया गया।

ट्रेलर की टक्कर से डीसीएम चालक की मौत

लखनऊ। सुल्तानपुर रोड पर ट्रेलर की टक्कर से डीसीएम चालक की मौत हो गई। हादसा संत नगर अहिमामऊ स्थित सूर्या होटल के पास सोमवार देर रात हुआ। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार देर रात डीसीएम और ट्रेलर के बीच टक्कर हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसे में डीसीएम चालक अहिमामऊ निवासी 52 वर्षीय नेत्रपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

लखनऊ। बंथरा थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह 50 वर्षीय ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह भोपाल से राजश्री मसाला लादकर लखनऊ आ रहा था। कानपुर रोड पर नाश्ते के बाद शुगर की दवा खाने के कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ी और अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के सागर जिले के सीहोर निवासी कुंदन सिंह लोधी (50) के रूप में हुई। वह क्लीनर महेंद्र सिंह लोधी के साथ ट्रक से माल लेकर आ रहा था। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह बंथरा क्षेत्र में आजाद गेस्ट हाउस के पास ट्रक रोककर दोनों ने नाश्ता किया। कुंदन को पहले से शुगर की बीमारी थी। नाश्ते के बाद उसने अपनी दवा खाई। कुछ देर बाद हालत बिगड़ गई। पुलिस का कहना है कि क्लीनर उसे एंबुलेंस से सीएचसी ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

यूपी पुलिस के स्टॉल को फिर मिला बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में यूपी पुलिस के स्टॉल को लगातार तीसरे वर्ष 'बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड'इ से सम्मानित किया गया। हॉल नंबर-4 में लगाए गए स्टॉल पर पुलिस की आधुनिक कार्यप्रणाली, तकनीक आधारित सेवाओं और जनसुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया गया।



अवार्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने प्रदान किया। इसे पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, मुख्यालय उत्तर प्रदेश राजेश कुमार यादव व प्रभारी मीडिया सेल, यूपी-112 करुणा शंकर सिंह ने ग्रहण किया। यूपी पुलिस के स्टॉल को इससे पहले 2024 और 2025 में भी बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड मिल चुका है। इस तरह ट्रेड शो में लगातार तीसरी बार यह सम्मान पुलिस के स्टॉल को मिला है। स्टॉल पर साइबर अपराध से बचाव, यूपी-112 की सेवाओं, आधुनिक पुलिसिंग और जनसुरक्षा में तकनीक के इस्तेमाल को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास और बदलती पुलिस व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। ट्रेड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्टॉल का अवलोकन किया और पुलिस की तकनीक व सेवाओं के बारे में जानकारी ली।

सेवा संकल्प अभियान के तहत की गयी सफाई

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के तहत दृष्टि सामाजिक संस्थाने के विशेष बच्चों को चॉकलेट बांटी गयी। इस दौरान परिसर के बाहर साफ-सफाई भी की गयी। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में भी सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर उपकुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, सहा. कुलसचिव सुनील पाण्डेय, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह, व्यवस्थाधिकारी प्रवीन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं छात्रों के बीच मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता करायी गयी। छात्रों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस दौरान डॉ. पारूल सिंह, डॉ. शगुन पाल, डॉ. कुमारी पुष्पा, जुही बरतारिया सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



एआई पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



लखनऊ। नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइटी एवं श्री जय नारायण मिश्र पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (केकेसी), लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय क्या एआई युवा पीढ़ी की सोच पर प्रहार है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युवा पीढ़ी की सोच, रचनात्मकता एवं भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास एवं समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में स्वच्छम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। डैनजेल ऑस्कर सिंह एवं अंकिता सिंह ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया, जबकि श्रद्धा पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती स्मृति शर्मा एवं सचिव प्रदीप शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अलका शर्मा एवं प्रो. गिरिजेश त्रिपाठी रहे।

कारोबार के नाम पर 5.61 लाख ठगे

लखनऊ। बीबीडी में फर्नीचर कारोबारी से 5.61 लाख ठगने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी कारोबारी पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि उत्तरधौना निवासी सैफ खान का एसके फर्नीचर शोरूम है। पड़ोस में शादाब आलम का केजीएन फर्नीचर शोरूम है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने डेढ़ करोड़ का सोफा बनाने का कॉन्ट्रैक्ट मिलने की बात कहकर साझेदारी का झांसा दिया। पुलिस का कहना है कि इस नाम पर आरोपी ने 5.61 लाख रुपये ले लिए, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला। रुपये मांगने पर धमकाया गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दी।

पति समेत 6 पर एफआईआर

लखनऊ। इंदिरानगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि प्रकाश लोक कॉलोनी निवासी अनमता सिद्दीकी का निकाह 21 जून 2025 को बहराइच के काजीपुरा निवासी मुदस्सिर खान से हुआ था। पुलिस के मुताबिक निकाह के दौरान पति, ससुर मशकूर खान, सास तरन्नुम, मुस्तफा, बब्बू और मतीन ने पांच लाख की मांग की, जो पीड़िता की मां ने दे दिए। पुलिस का कहना है कि इसके बाद भी विदाई नहीं कराई गई और और दहेज मांगा गया। मना करने पर पति ने 22 फरवरी 2026 को ऑडियो भेजकर तीन तलाक दे दिया। विरोध पर परिजनों ने धमकी दी।

डीलरशिप के नाम पर 5 लाख की ठगी

लखनऊ। पीजीआई में डीलरशिप दिलाने के नाम पर कारोबारी से पांच लाख ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच साइबर सेल को सौंपी है। पुलिस ने बताया कि तेलीबाग निवासी दिनेश कुमार ने 10 सितंबर को रॉयल एनफील्ड डीलरशिप के लिए आवेदन किया था। पुलिस के मुताबिक 21 सितंबर को खुद को कंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर पंकज बताकर एक व्यक्ति ने कॉल की और औपचारिकता के नाम पर पांच लाख जमा करा लिए। पुलिस का कहना है कि रुपये लेने के बाद भी डीलरशिप नहीं मिली।

सहकर्मी ने की युवती संग छेड़छाड़

लखनऊ। गोमतीनगर में साथ काम करने वाले नौकर पर युवती से छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि गोमतीनगर निवासी युवती और वाराणसी के चोलापुर निवासी विकास कुमार एक दंपती के घर नौकरी करते हैं और वहीं रहते हैं। पुलिस के मुताबिक 26 सितंबर सुबह 8 बजे विकास सर्वेंट क्वार्टर में सो रहा था। पुलिस का कहना है कि मालकिन के कहने पर युवती उसे जगाने गई तो आरोपी ने छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध पर मारपीट की।

नहर में उतराता मिला अधेड़ का शव

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में कासा ग्रीन के पास नहर में मंगलवार सुबह अधेड़ का शव तैरता मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने नहर में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। बंगला बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप ठाकुर ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है और शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार आशंका है कि शव बाराबिरवा चौराहे की तरफ से पानी के तेज बहाव में बहकर आया है।

नाबालिग संग छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस कर रही जांच

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता की मां के मुताबिक 28 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे वह घर पर नहीं थी।घर में 12 वर्षीय बेटी अकेली थी। इसी घर पर सांप निकल आया तो उनकी बेटी ने पड़ोस में रहने वाले लक्ष्मीकांत को मदद के लिए बुलाया था। आरोप है कि युवक ने मौका पाकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की और फिर फरार हो गया।पीड़िता ने इसकी शिकायत गोसाईगंज पुलिस से की है।इंस्पेक्टर डी के सिंह ने बताया की तहतीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।यदि घटना सही हुई तो मुकदमा दर्ज कर आरोपित पर कार्रवाई की जाएगी।

कार तोड़कर बेटे की हत्या की धमकी

लखनऊ। आलमबाग के चंदरनगर में महिला की कार का शीशा तोड़कर बेटे की हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि चंदरनगर निवासी संगीता भसीन ने गोपालपुर निवासी विकास भट्ट पर आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब 11:45 बजे वह घर के बाहर बेटे का इंतजार कर रही थीं। तभी आरोपी गली में तीन चक्कर लगाकर आया और पत्थर से कार का अगला शीशा तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि भागते समय आरोपी ने बेटे की हत्या की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने सोमवार को आलमबाग थाने में शिकायत दी।

राधा हत्याकांड का आरोपी, 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार



लखनऊ। कृष्णानगर पुलिस ने मानसरोवर मार्केट में हुए राधा हत्याकांड के 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को मंगलवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से तमंचा, कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी भोला राजपूत उन्नाव के सोहरामऊ क्षेत्र के नदौहा गांव का रहने वाला है। 29 सितंबर की तड़के चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी सवार संदिग्ध डूडा कॉलोनी, आशाराम बापू मार्ग की तरफ आ रहा है। कृष्णानगर पुलिस और सर्विलांस टीम ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और असंतुलित होकर गिर गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। मौके से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद हुई है।

एसीपी कृष्णानगर अभिषेक कुमार पांडेय के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने घटनास्थल से फॉरेंसिक साक्ष्य भी जुटाए हैं। पुलिस ने बताया कि 15 सितंबर की रात नारायणपुरी निवासी रेखा सिंह की बेटी राधा की मानसरोवर मार्केट में ईंट-पत्थरों से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। रेखा सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने भोला को वांछित किया था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था।

15 सितंबर को हुई थी हत्या : पुलिस के मुताबिक 15 सितंबर की रात बाराबिरवा स्थित मानसरोवर मार्केट में राधा की हत्या की गई थी। ईंट-पत्थरों से सिर पर वार कर हत्या को अंजाम दिया गया था।इस मामले में भोला राजपूत मुख्य आरोपी था।

स्कूटी और तमंचा बरामद : पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ स्थल से 315 बोर का तमंचा, खोखा, जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद हुई है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

करंट लगने से व्यक्ति की मौत

लखनऊ। थाना बिजनौर के ग्राम रहीमाबाद, जनपद लखनऊ में एक व्यक्ति की बिजली करंट लग जाने से मौत हो गयी है। सूचना पाकर मौके पर बिजनौर पुलिस मय हमराही के साथ मौके पर पहुंची व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। मौके पर उपस्थित लोगों से पूछताछ पर मृतक की पहचान सचिन पुत्र मेड़ी लाल निवासी ग्राम रहीमाबाद, थाना बिजनौर के रूप में की गई। मृतक के आसपास देखा गया तो बिजली के तार निकले हुए हैं और गहनता से से जांच की गई। प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण करंट लगना प्रतीत हो रहा है।

सीढ़ियों से गिरकर बुजुर्ग की मौत

लखनऊ। आशियाना के भदरूख बंगला बाजार में सोमवार रात सीढ़ियों से गिरकर 68 वर्षीय सेवानिवृत्त बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि भदरूख निवासी हीरालाल नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी पद से सेवानिवृत्त थे। पुलिस के अनुसार सोमवार रात घर की सीढ़ियों से संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गए और गंभीर हालत में परिजन उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत मामले में कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत तीन पर हत्या का मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के सरसवां अर्जुनगंज में युवक की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक की मां ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या बताया है। पुलिस ने बताया कि कानपुर के मीरपुर कैंट निवासी सुशीला देवी की अर्जी पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। उनका आरोप है कि उनके छोटे बेटे राजू श्रीवास्तव की मौत के पीछे उसकी दूसरी पत्नी दामिनी, साला अमित कुमार गौतम और सास हीरा उर्फ रमा गौतम की साजिश है। राजू अमीनाबाद में जेब्रा क्लासिक नाम से चार दुकानें चलाता था और सरसवां अर्जुनगंज में रहता था। पुलिस के मुताबिक अर्जी में कहा गया है कि 23 जुलाई 2025 को राजू ने बड़े भाई संजय को फोन कर बताया था कि आरोपित दुकानें अपने नाम कराने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि कार बेचकर मिले छह लाख, कमेटी के आठ लाख, फ्लैट बिक्री के 52 लाख और 64 लाख के लोन में से 44 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस का कहना है कि सुशीला ने 20 नवंबर को थाने में तहरीर दी थी, कार्रवाई न होने पर कोर्ट गईं। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

20 हजार रुपये रिश्वत लेते महिला कर निरीक्षक गिरफ्तार

लखनऊ। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की प्रयागराज इकाई ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय जोन-7, फाफामऊ में कार्रवाई करते हुए राजस्व निरीक्षक राधा देवी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोप है कि वह बढ़े हुए गृहकर को सही कराने के एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत मांग रही थीं। शिकायत के बाद टीम ने घेराबंदी करके उन्हें रंगे हाथो दबोच लिया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के मुताबिक फाफामऊ क्षेत्र निवासी शारिक अहमद ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निरीक्षक विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की। टीम ने नगर निगम कार्यालय जोन-7, फाफामऊ में राजस्व निरीक्षक राधा देवी को 20 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी राधा देवी प्रयागराज के फाफामऊ क्षेत्र में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह प्रतापगढ़ की रहने वाली हैं और वर्तमान में प्रयागराज के शिवकुटी क्षेत्र में रह रही थीं। मामले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सीएम योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति और डीजीपी राजीव कृष्ण के निदेर्शों के क्रम में की गई।

विरोध करने पर महिला से छेड़खानी 18 पर रिपोर्ट

लखनऊ। दुबग्गा में बाइक की टक्कर का विरोध करने पर महिला से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि दुबग्गा निवासी महिला 21 सितंबर रात करीब 10 बजे पति और बेटे के साथ बाइक से घर जा रही थी।

पुलिस के मुताबिक दुबग्गा एमसी सक्सेना चौराहे पर एक बाइक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बेटे को चोट आई। पुलिस का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी के 17 साथी आ गए और छेड़खानी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने कंट्रोल रूम को सूचना दी तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कोर्ट ने महिला बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में महिला बंदियों को जिला महिला कारागारों में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में राज्य सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी है। न्यायालय ने सरकार को स्पष्ट रूप से यह बताने को कहा है कि जिला महिला कारागारों में निरुद्ध बंदियों को क्या वही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो लखनऊ स्थित नारी बंदी निकेतन और बरेली स्थित महिला सेंट्रल जेल में उपलब्ध हैं। न्यायालय ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से दाखिल किया जाने वाला जवाबी हलफनामा अपर मुख्य सचिव, कारागार एवं जेल सुधार विभाग से अनुमोदित कराने के बाद प्रस्तुत किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने यूपी स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी टाइटिल से दर्ज जनहित याचिका पर पारित किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि राज्य सरकार की अब शेष पांच नारी बंदी निकेतनों का निर्माण कराने की योजना नहीं है। इसके पीछे महिला बंदियों की संख्या में कमी और उनके सामने आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को कारण बताया गया है।

बताया गया कि नारी बंदी निकेतनों में निरुद्ध महिलाओं को अपने परिवार के सदस्यों से मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी को देखते हुए उन्हें वर्तमान में उनके घर के निकट स्थित जिला जेलों में रखा जा रहा है। इस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या इन जिला जेलों में महिला बंदियों को वही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो लखनऊ के नारी बंदी निकेतन और बरेली की महिला सेंट्रल जेल में उपलब्ध हैं।

दबंगों ने सड़क पर युवक को पीटा, वीडियो वायरल

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के विजय नगर चौकी के निकट दिनदहाड़े दबंगों ने युवक को बीच सड़क पीटा । घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । वायरल वीडियो में कुछ युवक एक युवक को घेरकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं । बताया जा रहा है कि इसी दौरान पास से दोपहिया वाहन से गुजर रहे दरोगा के देखने के बाद भी आरोपी बेखौफ होकर युवक की पिटाई करते रहे । वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है ।

कृष्णा नगर कोतवाली के विजय नगर चौकी इंचार्ज योगेश सिंह सेंहगर ने बताया सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो संज्ञान में आया है । वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि अभी तक मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है । शिकायत मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

आरक्षित वर्ग के मेधावी अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा में ही सामान्य वर्ग में शामिल करना होगा : हाईकोर्ट

- उप्र लोक सेवा आयोग की व्यवस्था बदली
- स्क्रीनिंग परीक्षा के 75 प्रतिशत अंक अंतिम मेरिट में जुड़ने का दिया हवाला

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के मेधावी अभ्यर्थियों के सामान्य वर्ग में समायोजन को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि यदि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी बिना किसी रियायत या छूट का लाभ लिए स्क्रीनिंग परीक्षा में सामान्य वर्ग के न्यूनतम कटऑफ से अधिक अंक प्राप्त करता है तो उसे उसी चरण में सामान्य वर्ग की सूची में शामिल करना होगा और उसे अंतिम चयन तक आरक्षित श्रेणी में बनाए रखना उचित नहीं है।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने मंगलवार को भावना यादव एवं अन्य की ओर से दाखिल एक विशेष अपील स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि संबंधित भर्ती में स्क्रीनिंग परीक्षा महज छंटनी या प्रारंभिक परीक्षा नहीं है। इसके अंक अंतिम चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विज्ञापन के अनुसार स्क्रीनिंग परीक्षा के 75 प्रतिशत और साक्षात्कार के 25 प्रतिशत अंक जोड़कर अंतिम मेरिट तैयार की जानी है। इसलिए स्क्रीनिंग परीक्षा में प्राप्त अंक अंतिम चयन का अभिन्न हिस्सा हैं। मामला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती से जुड़ा है। आयोग ने 22 दिसंबर 2025 के विज्ञापन में प्रावधान किया था कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग में केवल अंतिम चयन के समय समायोजित किया जाएगा, बशर्ते उन्होंने स्क्रीनिंग परीक्षा में अर्हकारी मानक में किसी छूट का लाभ न लिया हो।

अभ्यर्थियों ने इस शर्त तथा आयोग के 9 जनवरी 2020 के कार्यालय ज्ञापन को चुनौती दी थी। अपने फैसले में पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 3(6) में ऐसी कोई सीमा नहीं है कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी का सामान्य वर्ग में मेरिट के आधार पर समायोजन केवल अंतिम चयन के समय ही किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस भर्ती पर 9 जनवरी 2020 का कार्यालय ज्ञापन लागू नहीं होगा और विज्ञापन की शर्त को निरस्त किया जाता है। आयोग को तीन माह में उक्त कार्यालय ज्ञापन की समीक्षा करने तथा राज्य सरकार को भी तीन माह में इस संबंध में स्पष्ट नीति बनाने का निर्देश दिया गया है।

तलाक के बाद दो बच्चों के माता-पिता ने फिर रचाई शादी, कोर्ट ने दी सुरक्षा

लखनऊ। विवाह जैसी पवित्र संस्था को हल्के में नहीं लेना चाहिए। मामूली विवादों के कारण आपसी सहमति से तलाक लेना और फिर दो बच्चों के माता-पिता होने के बावजूद दोबारा शादी कर लेना वास्तव में दुखद स्थिति है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक दंपती की याचिका का निस्तारण करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने यह आदेश रूपा रानी व उनके पति की ओर से दाखिल रिट याचिका पर दिया। याचिका में दंपती ने अपने शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में किसी तरह का हस्तक्षेप रोकने तथा उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की थी। याचिका के अनुसार दोनों पहले पति-पत्नी थे और उनके दो बच्चे हैं। मामूली विवादों के चलते उन्होंने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के तहत आपसी सहमति से तलाक ले लिया था। कुछ समय बाद उन्होंने पूरे परिवार के हित में फिर से साथ रहने का फैसला किया और दो अप्रैल 2026 को आर्य समाज मंदिर में दोबारा विवाह कर लिया। पति के पिता इस विवाह से सहमत नहीं थे।


कोर्ट ने कहा कि दोनों पहले पति-पत्नी रह चुके हैं, उनके दो बच्चे हैं और तलाक के बाद उन्होंने दोबारा विवाह किया है तथा अपने बच्चों के साथ रह रहे हैं। ऐसे में कोई भी निजी जीवन में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हाईकोर्ट ने दंपती को सुरक्षा प्रदान किए जाने के सिद्धांत को दोहराते हुए रिट याचिका का निस्तारण कर दिया।

गोमतीनगर में दुकानदारों पर फिलहाल कार्रवाई नहीं

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोमतीनगर में सड़क किनारे कारोबार कर रहे सत्रह दुकानदारों को राहत देते हुए उन पर कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दुकानदार को व्यक्तिगत नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब लेने और इसके बाद सुनवाई कर आदेश पारित करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ

घर पर खाली बैठकर शर्म और निराशा का लंबा दौर देखा है : सुविंदर विक्की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। 'लहरों से लड़कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।' कवि सोहन लाल द्विवेदी ने ये लाइनें यूं ही नहीं लिखी। इसकी जीती जागती मिसालें हमारे आसपास मौजूद हैं और उन्हीं में से एक हैं, ऐक्टर सुविंदर विक्की। साल 2004 में ऐक्टिंग में कदम रखने वाले सुविंदर विक्की ने 20 साल लंबा संघर्ष किया। घर पर खाली बैठे, हताशा का लंबा दौर झेला पर अपने भीतर के ऐक्टर को नहीं मरने दिया और आखिरकार 2023 में वेब सीरीज कोहरा से उनकी किस्मत का सितारा चमका और वे सबके चहेते बन गए।

मन में बुरे ख्याल आने लगे थे: अभी धुरंधर 2, सतलुज और इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही फिल्म आवारापन 2 जैसी चर्चित फिल्मों से लगातार सुर्खियां बटोर रहे सुविंदर विक्की संघर्ष के उस दौर को बहुत ही दुखद करार देते हैं। बकौल सुविंदर विक्की, 'वह बहुत बुरा वक्त था। कई बार रोने वाले हालात हो जाते थे। मां-बाप की आंखों में सवाल होता था कि बेटा कुछ करेगा या ऐसे ही हमारी छाती पर मूंग दलेगा। पुरुष होने के नाते आपका फर्ज है कि आपने परिवार को देखें। बच्चों का पालन पोषण करें। बेशक अभी औरतें भी वर्किंग हैं। मेरी वाइफ भी काम करती है, मगर मर्द घर पर तो बैठा नहीं रहेगा। इसलिए, बड़ी हताशा और शर्म महसूस होती थी कि मेरी पत्नी काम कर रही हैं और मैं घर पर बैठा प्रॉजेक्ट का इंतजार कर रहा हूं। कई बार अजीब-अजीब ख्याल आते थे। बहुत दुखद समय था, पर कहीं न कहीं मेरी सचाई भगवान को दिखी तो उसने कहा कि चल बेटा, तेरा वक्त आ गया। तूने काफी सह लिया।'

अपनी हालिया फिल्म आवारापन 2 के अनुभव पर सुविंदर बताते हैं, 'आवारापन कल्ट फिल्म है। मुझे लगता है कि अगर मुझे आवारापन 2 के साथ जुड़ने का मौका मिला है तो शायद मैंने जिंदगी में अपनी कला या अपने क्राफ्ट के स्तर पर कुछ हासिल किया है। फिल्म में मेरा किरदार तो बहुत बढ़िया है ही, शबाना आजमी जी और इमरान हाशमी के साथ काम करना जबरदस्त अनुभव रहा। वो कहते हैं न कि पेड़ पर फल जितना ज्यादा होता है, वो उतना झुकता है, यही चीज इन लोगों के अन्दर है, जो सीखने लायक है।

बिना स्क्रिप्ट देखे की थी 'धुरंधर 2'

आदित्य धर की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर 2 में सुविंदर विक्की ने ब्रिगेडियर जहांगीर की छोटी भूमिका में भी अपनी छाप छोड़ी। मगर कोहरा में मेन लीड के बाद उन्होंने इतने छोटे रोल के लिए हां क्यों कहा? यह पूछने पर उन्होंने बताया, 'धुरंधर 2 मैंने बिना स्क्रिप्ट देखे की थी। एक दिन मुझे मुकेश छाबड़ा का कॉल आया कि भाई एक बड़ा काम है, मगर और कुछ मत पूछना। कल या परसो, कब शूट कर सकते हो? नाइट चाहिए। मुकेश छाबड़ा से मेरे अच्छे संबंध हैं, पर मैंने कहा- पाजी, एक रात में आप क्या बड़ा काम करवा लोगे? 12-15 दिन हो तो समझ भी आए। वे बोले, विश्वास है? आप मेरे भरोसे पर करो तो मेरे पास उसके बाद कोई ऑप्शन ही नहीं था। मुझे स्क्रिप्ट तब मिली, जब मैं वैनिटी पर पहुंचा तो मुझे कुछ नहीं पता था कि वह किरदार इतना उभरकर आएगा।

दिन में कोहरा, रात में सतलुज शूट की

सुविंदर विक्की की फिल्म सतलुज भी ओटीटी पर आने के दो दिनों में हटाए जाने को लेकर विवादों में रही लेकिन उन्हें अपने किरदार एसएसपी सुरजीत सिंह सुग्गा के लिए बहुत वाहवाही मिली। फिल्म को हटाए जाने पर निराशा जाहिर करते हुए वह कहते हैं, 'यह बहुत ही निराशाजनक था, क्योंकि डायरेक्टर हनी त्रेहान और मेकर्स ने उसे लोगों तक पहुंचाने के लिए इतनी लड़ाई लड़ी। फिर, हर किसी को हक होना चाहिए कि जो चीज आवाम के लिए बनी है, वो उन तक पहुंचे। आपने इतना स्वादिष्ट खाना बनाया है, अच्छे से परोसा लेकिन उसको खाने वाले भी तो हों, तो बुरा तो लगता ही है।' उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा एक रोचक किस्सा भी साझा किया। वह बताते हैं, 'मैंने कोहरा के दौरान ही सतलुज भी शूट की थी। बीच में मेरी डेट भी क्लैश हुई थी।

लखनऊ के मंच पर जीवंत होगा विभाजन का दर्द



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित त्रैमासिक उर्दू ड्रामा कार्यशाला (5वें बैच) के अंतर्गत आगामी 16 अक्टूबर को मंचित होने वाले ऐतिहासिक नाटक जिस लाहौर नई देख्या, ओ जम्याइ नई की तैयारियां अपने अंतिम और बेहद निर्णायक दौर में पहुंच चुकी हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली के स्नातक और प्रख्यात रंग-निर्देशक राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में इन दिनों लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे ऑडिटोरियम हेतु अभ्यर्थियों संग मेहनत कर रहे हैं। कार्यशाला की मीडिया को ऑर्डिनेटर एवं सह-निर्देशक डॉ. सीमा मोदी ने बताया कि, पिछले 2 महीने से उर्दू ड्रामा कोर्स का पांचवां बैच कार्यशाला चल रहा है। अब कड़ी रिहर्सल के साथ अकादमी परिसर में मानसिक, शारीरिक और वोकल (उच्चारण) अभ्यास के साथ नाटक के रिहल्सल को और तीव्र कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक नाटक में 18 वर्ष के युवाओं से लेकर 68 वर्ष के वरिष्ठ अभ्यर्थियों सहित कुल 40 अभ्यर्थी अपनी अदाकारी के रंग बिखेरेंगे। लेखक असगर वजाहत के इस कालजयी नाटक के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं, देश के विभाजन के दर्द और आपसी भाईचारे के संदेश को पूरी भव्यता के साथ मंच पर उतारा जाएगा।

तारिक को सृजन व कुसुम को प्रेरणा सम्मान




लखनऊ। यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा सृजन सम्मान व काव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाहजहाँपुर के डॉ इंदु अजनबी, हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना, विनोद शंकर शुक्ल ने प्रसिद्ध शायर तारिक कमर को उनकी उर्दू सेवा के लिये सृजन सम्मान व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु कुसुम सिंह को सृजन प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ इंदु अजनबी ने -मछेरे तो मछेरे हैं, है फितरत फांस लेने की, मछलियाँ भी तो अक्सर जाल से दूरी नही रखतीं। सुनाकर वर्तमान सामाजिक परिवेश की ओर इशारा किया। डॉ बलवंत सिंह के संयोजन शीतल बाजपेयी के संचालन में रश्मि शरद की वाणी वंदना के साथ प्रारम्भ हुये कवि सम्मेलन में डॉ सुरभि सिंह, अरविंद झा, डॉ सुभाष गुरुदेव, राजीव वत्सल, योगी योगेश शुक्ला, रवि शंकर रवि, अमीर फैसल, प्रो जहाँ आरा, पूजा श्रीवास्तव, तमाचा लखनवी, उमा लखनवी, शकुंतला श्रीवास्तव, अनिता अरोड़ा, डॉ ममता पंकज, रविकांत पांडेय, मनीष शर्मा, अनुराग मिश्रा, सौरभ दीक्षित सार्थक, सुनील राव, डॉ सुभाष रशिया, राजेश राज, राम निवास यादव, विजय आलोक, संजय कुमार चौहान, प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, अच्युतानंद जैसवाल, मधु पाठक मांझी, संतोष मिश्रा, डॉ रश्मि सिन्हा व उत्तम शोला आदि ने कविता पाठ किया।

वंदे मातरम को समर्पित होगा 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला

बलरामपुर गार्डन में पहली को उद्घाटन करेंगे ब्रजेश पाठक

चलेगा साहित्यिक सांस्कृतिक आयोजनों और प्रतियोगिताओं का दौर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बलरामपुर गार्डन, अशोक मार्ग में 11 दिवसीय 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला एक अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। 'वंदे मातरम' के डेढ़ सौ वर्षों की थीम को समर्पित इस पुस्तक मेले के पहली अक्टूबर को शाम पांच बजे उद्घाटन के लिये उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सहमति दी है।

मेला स्थल पर आज आयोजित पत्रकार वार्ता में मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि करीब ढाई दशक पहले शुरू किये हमारे समवेत प्रयासों से शहर में पुस्तक मेलों की संस्कृति अब नियमित आयोजन बन गयी है। यह केवल पुस्तक मेला नहीं, यह ज्ञान और संस्कृति का उत्सव है। हम हर प्रकार के पाठकों की रुचियों को ध्यान में रखते हुए देश भर से प्रकाशनों को एकत्र कर रहे हैं। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने कहा- लगभग 75 हजार वर्ग फीट में फैले पुस्तक मेले का यह भव्य आयोजन 50 से अधिक प्रतिष्ठित प्रकाशकों के 120 से अधिक स्टॉलों के साथ एक विशाल विक्रय प्रदर्शनी के रूप में आकार लेगा। मेले में हजारों पुस्तकों की विविध श्रृंखला में हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य, शैक्षणिक पुस्तकें, बाल साहित्य और दुर्लभ पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध रहेगा। निशुल्क प्रवेश के साथ, यह मेला हर वर्ष पुस्तक प्रेमियों के लिए नये आकर्षण का केंद्र होता है। यह पुस्तक मेला सभी आयु वर्ग के लिए साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र होगा। उद्घाटन दिवस रतन सिस्टर्स के दल का नृत्य कार्यक्रम होगा। मेले में दिल्ली से प्रभात प्रकाशन, अन्बाउंड स्क्रिप्ट, सस्ता साहित्य मंडल, वाणी प्रकाशन, भारतीय ज्ञानपीठ, राजपाल एंड संस, सम्यक प्रकाशन, सामयिक प्रकाशन, वेलायत पब्लिकेशन्स, ग्रीन पाम, फ्लाईड्रीम्स, ईएचएफ लर्निंग, ऋषभ बुक्स, नय्यर बुक, भारतीय कला प्रकाशन, स्टूडेंट बुक सेंटर, यशिका एंटरप्राइजेज, आर्यन बुक, रितेश बुक, बेस्ट बुक, पदम बुक, ज्योति बुक्स व शिवांगी बुक इंटरनेशनल, त्रिदेव बुक्स, परिमल पब्लिकेशन, वर्धमान बुक्स, ऋषि पब्लिकेशन के साथ नोएडा से मंजुल पब्लिशिंग, सेतु प्रकाशन, रेख्ता पब्लिकेशन्स और गाजियाबाद से न्यू बुक और वर्मा बुक के स्टाल होंगे। अन्य शहरों के प्रकाशनों में लोकभारती प्रकाशन प्रयागराज; उपकार, प्रतियोगिता दर्पण, साहित्य सरोवर व निखिल पब्लिशर्स आगरा; दिनकर पुस्तकालय भागलपुर; ऑथर्स अड्डा; गिडियंस इंटरनेशनल; लिंक लिमिटेड और पैराडाइज बुक कंपनी रायपुर के स्टाल होंगे। स्थानीय प्रकाशकों में उ.प्र.हिन्दी संस्थान, उ.प्र.उर्दू अकादमी, रामकृष्ण मठ, ज्ञानार्चा बुक्स, नवपल्लव बुक्स, बोधरस प्रकाशन, आर्य प्रतिनिधि सभा, दस्टैलेक्चुअल्स, उ.प्र.साहित्य सभा, हिन्दी वांग्मय निधि, सत्य मार्ग प्रकाशन, गायत्री ज्ञान मंदिर, हेल्थ केयर सिस्टम्स व देवेंद्र बुक के स्टाल होंगे। साहित्यिक मंच पर साहित्यकारों से संवाद, परिचचाओं और काव्य गोष्ठियों के संग रहीस सिंह, डा.रश्मि श्रीवास्तव, करुणा पाण्डेय, संतोष वाल्मीकि, ब्रजेश कुमार मिश्र, विवेक शुक्ला, नीलम राकेश और मनीष शुक्ला आदि की किताबों के विमोचन होंगे। बच्चों के लिये कहानी सत्र और प्रतियोगिताएँ होंगी। हमेशा की तरह स्थानीय लेखकों की पुस्तकों का एक अलग स्टाल होगा। रोज सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी इस मेले में खरीदी गई हर पुस्तक पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पिछले मेलों की उपलब्धियां गिनाते हुए संयोजक श्री चंदेल ने बताया कि वर्षों से उत्तर भारत के सबसे प्रतीक्षित साहित्यिक आयोजनों में से एक इस वार्षिक पुस्तक मेला आयोजन का उद्देश्य पठन संस्कृति को बढ़ावा देना और प्रकाशकों व लेखकों को अपने कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। पुस्तक मेले के सहयोगी संस्थान यूपी मेट्रो, रेडियोसिटी, ओरिजिंस, किरण फाउंडेशन, ज्वाइन हैंड्स फाउंडेशन, लोकआंगन, विश्वम फाउंडेशन्स, विजय स्टूडियो, गोल्डेन ग्रास और कविता किस्से कहानियां हैं।

गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा रचित साहित्य पुस्तक मेले में प्रदर्शित होगा: बलरामपुर गार्डेन लखनऊ में 1 अक्टूबर से आरम्भ होने वाले राष्ट्रीय पुस्तक मेला 2026 लखनऊ में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण साहित्य प्रदर्शित किया जायेगा।

सृजनात्मक प्रतिभा का मंच है कला आचार्य प्रदर्शनी : अनूप कुमार गुप्ता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश की प्रमुख कला गतिविधियों के अंतर्गत कला आचार्य प्रदर्शनी-2026 (लखनऊ -प्रयागराज क्षेत्र) का आयोजन कला निकेतन सोसाइटी, उत्तर प्रदेश एवं आर्टिलिया इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में राज्य ललित कला अकादमी परिसर स्थित लाल बारादरी भवन, लखनऊ में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति के माननीय सभापति अनूप कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की पूर्व कुलपति प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय विशिष्ट अतिथि तथा राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि कला अध्यापक समाज की रचनात्मक चेतना के निर्माणकर्ता हैं। जब एक शिक्षक स्वयं कलाकार के रूप में अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को सामने लाता है, तो वह विद्यार्थियों के लिए केवल कला का ज्ञान नहीं, बल्कि सृजन की प्रेरणा भी बनता है। ऐसी प्रदर्शनियां कला शिक्षा को नई दिशा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों में सौंदर्य-बोध और रचनात्मक दृष्टि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय जी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा किया जा रहा कला-सृजन नई पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। कला विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सौंदर्य-बोध और रचनात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम है। प्रदर्शनी में लखनऊ -प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न जनपदों के कला शिक्षकों की 56 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इनमें चित्रकला, ग्राफिक, रेखाचित्र, मूर्तिशिल्प, लोकचित्र एवं छायाचित्र सहित विभिन्न विधाओं और माध्यमों की कृतियां शामिल हैं। श्री राजेंद्र प्रसाद, डॉ. सुनीता शर्मा, प्रो. उमेश कुमार सक्सेना, प्रो. सुनील कुमार सक्सेना, श्री हरिमोहन सिंह, डॉ. अंगद वर्मा, श्री रविंद्र नाथ कुशवाहा सहित अनेक कला शिक्षकों की कृतियां प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण हैं। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कलाकारों, कला शिक्षकों तथा कला प्रेमियों की भी उपस्थिति रही। वरिष्ठ कलाकार मोहम्मद शकील, किरण सिंह राठौड़ सहित अनेक कलाकारों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक एवं राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सदस्य श्री अभिनव दीप ने बताया कि प्रदर्शनी 1 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कला प्रेमियों एवं आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

दशहरा पर सिनेमाघरों में धमाल मचायेंगे पवन सिंह

लखनऊ। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म जियो मेरी जान' का टीजर रक्षाबंधन के अवसर पर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें पवन सिंह बेहद रोमांचक अंदाज में नजर आ रहे हैं. रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर फिल्म का टीजर जे पी स्टार पिक्चर्स भोजपुरी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। करीब 1 मिनट 13 सेकेंड के टीजर में पवन सिंह का दमदार अंदाज देखने को मिल रहा है. फिल्म दशहरा के शुभ अवसर पर दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म को लेकर भोजपुरी दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म का निर्माण उमा शंकर प्रसाद ने किया है, जबकि आयुष राज गुप्ता सह-निमार्ता हैं। निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। टीजर को लेकर निमार्ता उमा शंकर प्रसाद ने कहा कि जियो मेरी जान' दर्शकों के मनोरंजन को ध्यान में रखकर तैयार की गई फिल्म है। रक्षाबंधन के अवसर पर टीजर जारी करना हमारे लिए खास पल है। टीजर में फिल्म की कहानी, पवन सिंह का दमदार अंदाज और मनोरंजन के कई रंगों की झलक देखने को मिल रही है, उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर पूरी टीम ने मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे. दशहरा के शुभ अवसर पर फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी और दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने का प्रयास किया गया है। पावर स्टार पवन सिंह ने कहा कि दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद से वह एक बार फिर एक नए एक्शन धमाके के साथ जियो मेरी जान' लेकर आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि फिल्म में मनोरंजन, एक्शन और रोमांच का भरपूर तड़का देखने को मिलेगा. पवन सिंह ने दर्शकों से फिल्म को सिनेमाघरों में जरूर देखने की अपील करते हुए कहा कि टीजर में जितना मजा और उत्साह नजर आ रहा है, फिल्म में उससे कहीं ज्यादा मनोरंजन और रोमांच देखने को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक हमेशा की तरह इस फिल्म पर भी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखेंगे, जियो मेरी जान फिल्म में पवन सिंह के साथ रुपाली जाधव और सपना चौहान मुख्य भूमिकाओं में हैं. इनके अलावा संजय वर्मा, विनीत विशाल, साहिल सिद्दीकी, कुणाल सिंह, स्वर्गीय ब्रजेश त्रिपाठी, जफर खान, संजीव मिश्रा, धामा वर्मा, रवि तिवारी, सुजीत भट्ट सहित कई कलाकार नजर आएंगे।

रोहिणी व्रत कल, होगी भगवान वासुपूज्य की पूजा-अर्चना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जैन धर्म में रोहिणी व्रत का विशेष स्थान माना जाता है. यह व्रत मुख्य रूप से जैन समुदाय के लोग बेहद श्रद्धा और उल्लास के साथ रखते हैं। अक्टूबर के महीने में दो रोहिणी व्रत पड़ रहे हैं. इस दिन जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से जीवन में सुख-शांति और खुशहाली आती है। यह जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण व्रत है, जिसे खासतौर पर महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए रखती हैं. इसके साथ ही यह व्रत अनुशासन, भक्ति और आत्मशुद्धि का प्रतीक भी माना जाता है. पहला रोहिणी व्रत- 1 अक्टूबर 2026, गुरुवार को है और दूसरा रोहिणी व्रत 28 अक्तूबर को रखा जाएगा।

रोहिणी व्रत क्या है: रोहिणी व्रत का संबंध रोहिणी नक्षत्र से होता है, जो हिंदू पंचांग के 27 नक्षत्रों में से एक है. यह व्रत तब रखा जाता है, जब सूर्योदय के बाद रोहिणी नक्षत्र होता है. मान्यता है कि इस व्रत को श्रद्धा और नियम से रखने से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं. गरीबी और दुख कम होते हैं और रास्ते की रुकावटें खत्म होती हैं.

रोहिणी व्रत पूजा विधि: सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर घर की सफाई करें और स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें। घर के पूजा स्थल को साफ कर वहां भगवान वासुपूज्य की पंचधातु, तांबा या स्वर्ण की प्रतिमा स्थापित करें। प्रतिमा को जल, चंदन, पुष्प, धूप, और दीप के साथ पूजा करें। पूजा के दौरान ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः मंत्र का जाप करें। रोहिणी व्रत की कथा पढ़ें या सुनें इस दिन निर्जला उपवास या एक समय फलाहार का नियम लें।

विरह प्रेम से टपका सुख है पुस्तक 'मैं दीवारों पर खिड़कियां लिख रही हूं'

लखनऊ। विनोद कुमार शुक्ल के चर्चित उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' से बिल्कुल अलग संवेदना और काव्य-भूमि रचता है अनामिका अनु का कविता-संग्रह 'मैं दीवारों पर खिड़कियां लिख रही हूं'। वाणी प्रकाशन से प्रकाशित यह संग्रह पाँच खंडों में विभाजित है। इसकी काव्य-यात्रा वह जैसे एक सर्वनाम से आरंभ होती है और मेरा कोई घर नहीं के उद्घोष तक पहुँचती है। यह यात्रा केवल कविताओं की नहीं, बल्कि पहचान, स्मृति, स्त्री-अस्तित्व और आत्म-अन्वेषण की भी यात्रा है।

संग्रह की कविताएँ अपने हर पड़ाव पर पाठक को एक नए अर्थ-संसार में ले जाती हैं। विरह प्रेम से टपका सुख है, मैं दीवारों पर खिड़कियां लिख रही हूं, कविता ज़िन्दगी का लिखत ही तो है, पानी पीकर माटी धीरे-धीरे रंभाती है और जिसने भी लिखी है एक अच्छी कविता वह उम्मीद से है जैसे खंड पाठक को बार-बार ठहरने और लौटकर देखने के लिए विवश करते हैं. इन कविताओं के बिंब, लोक-संवेदना और आत्मीय भाषा लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती है। यह काव्य-यात्रा दरअसल उन खिड़कियों की तलाश है जिन्हें कवयित्री दीवारों पर लिखती है ताकि बंद दुनिया में भी हवा, रोशनी और उम्मीद का प्रवेश बना रहे. संग्रह की कविताएँ संवाद, अभिव्यक्ति और पारदर्शिता की वकालत करती हैं। वे दीवारों के रूपक में मौजूद सामाजिक बंदिशों, लैंगिक असमानताओं और तयशुदा भूमिकाओं को पहचानती हैं, लेकिन वहीं ठहरती नहीं। वे उन दीवारों पर खिड़कियाँ और दरवाजे बनाती हैं जहाँ से स्वतंत्रता, नए दृष्टिकोण और नई संभावनाएँ जन्म लेती हैं. इस तरह संग्रह का केंद्रीय बिंब केवल प्रतिरोध का नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण और उम्मीद का बिंब बन जाता है। यह कविता स्त्री-विमर्श को नारेबाजी से अलग ले जाकर स्वतंत्र अस्तित्व की गहरी मानवीय आकांक्षा में बदल देती है. यहाँ स्त्री किसी संरक्षित पहचान की नहीं, बल्कि अपनी शर्तों पर जीवन जीने की इच्छा व्यक्त करती है. वह अपने लिए ऐसी जगह की कल्पना करती है जिसकी कोई तय जाति, धर्म, परिधि या संरक्षक न हो। इसी तरह चित्र कविता संग्रह की वैचारिक ऊँचाइयों का परिचय देती है. भारतीय चित्रकला परंपरा के अनेक चित्रों को आधार बनाकर कवयित्री यह प्रश्न उठाती हैं कि राजाओं, देवताओं और पुरुष-उत्सवों के चित्रों में स्त्रियों की विवशता और उनकी स्वतंत्रता की आकांक्षा को क्यों अदृश्य कर दिया गया।

लखनऊ में हास्य नाटक वाइफोफोबिया का मंचन आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की 'गुरु शिष्य परम्परा (2026-27)' के अंतर्गत एवं उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से मदर सेवा संस्थान द्वारा कल एक शानदार हास्य नाट्य प्रस्तुति वाइफोफोबिया का आयोजन किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित नाटक का मंचन 30 सितंबर 2026 को शाम 7:00 बजे से राय उमा नाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, लखनऊ में किया जाएगा। कला और नाटक के प्रेमियों के लिए इस कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। यह नाटक सुप्रसिद्ध लेखक डॉ. राकेश ऋषभ द्वारा लिखा गया है। नाट्य परिकल्पना एवं निर्देशनः नाटक की परिकल्पना और निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी महेश चंद्र देवा ने किया है।

यूपी के रंग लोकनृत्य के संग सजी अवध की शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। संस्कृति निदेशालय यूपी के सहयोग से यूपी के रंग लोकनृत्य के संग कार्यक्रम का आयोजन बलराज साहनी सभागार में किया गया। मंगलवार को आयोजित लोकनृत्य कार्यक्रम में स्वाती श्रीवास्तव की लोक नृत्य की प्रस्तुति से अवध की शाम रौशन हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित कपूर, विशिष्ट अतिथि मोहित बरुआ मौजूद रहे। कार्यक्रम का आगाज श्री राम कथा (भवित्त कथा गान) के साथ हुआ। यूपी के रंग लोक नृत्य संग में उत्तर प्रदेश के कुछ प्रमुख लोकनृत्यों पर तैयार प्रस्तुति है जिसमें उत्तर प्रदेश के विलुप्त होते जा रहे कुछ प्रमुख लोक मूल्यों का समावेश है। हम कथा सुनाते राम सकल गुण धान की गीत मूल रूप से महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में उनके शिष्य लव और कुश द्वारा अयोध्या की सभा में गाई गई श्री राम की जीवन गाथा है। यह कथासार लोक नृत्य की प्रस्तुति के लिए संपूर्ण रामकचा के प्रमुख प्रसंगों को क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत किया गया है जैसे राम जन्म एवं बाल लीला ताड़का वध एवं धनुष यज्ञनगमन एवं पंचवटी निवास सीता हरण एवं राम-सुग्रीय मित्रता, लंका दहन एवं सेतु निर्माण, राम-रावण युद्ध एवं विजय अयोध्या वापसी एवं रामराज्य है।

शिव-गौरा कजरी (शिव शंकर चले कैलाश...) यह गीत पूर्वांचल और अवध की प्रसिद्ध शिव कजरी (सावणी लोक शैली) में आता है। वर्षा ऋतु के आगमन रिमझिम बूंदों के बीच भगवान शिव और माता पार्वती (गौरा) के दांपत्य प्रेम तथा कैलाश प्रस्थान के उल्लास को इसमें दशार्या जाता है। जिसमें वर्षा अऋतु एवं सावन का वातावरण गौरा जी का श्रृंगार व मेहंदी शिव शंकर का वात्सल्य व उपहार कैलाश की ओर प्रस्थान एवं आनंदमयी शिव-कजरी लोक नृत्य है।

सोहर-बधावा (युग-युग जिए सुग ललनवा) युग-युग जिए सुग ललनवा लोक परपरा का एक प्रसिद्ध बधावा / सोहर गीत है जो जन्मोत्सव और मांगलिक अवसरों पर गाया जाता है। यह कथासार संतान जन्म की खुशी, पारिवारिक वात्सल्य और लोक उत्सव को मच पर प्रस्तुत करने हेतु तैयार किया गया है। जिसमें खुशखबरी और जन्मोत्सव का आगमन सखियों व बुआ का आगमन माता-पिता एवं शिशु को दुलार उपहार एवं नेग-चार वितरण एव सामूहिक बधावा लोक नृत्य है।

कृष्ण-राधा गोदनवा (गोदनहरी) बनके गोदनहरी (गोदना लीला) लोक परंपरा का एक अत्यंत सुंदर व मधुर प्रसंग है। इसमे श्री कृष्ण राधा जी के प्रति अपने प्रेम व निकटता के लिए एक स्त्री (गोदना गोदने वाली / गोदनहरी) का रूप धारण करते हैं। यह कथासार लोक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति हेतु क्रमानुसार तैयार किया गया है। जिसमें राधा जी की इच्छा एवं गोपी सवाद श्री कृष्ण का छदम रूप बरसाने में आगमन गोदना कला व नैन-मटक्का पहचान एवं रहस्योदद्घाटन एव आनंदोत्सव एव महारास है।

संक्षेप

पिटाई में पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जौनपुर । धान की फसल को पशुओं से नुकसान पहुंचाने और विरोध करने पर महिला से मारपीट के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बलराम दास के आदेश पर जलालपुर थाने में हुई है। मामला नवाबाद बदलपुर का है, जहां शिकायतकर्ता मंजू देवी ने पांच लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मंजू देवी के मुताबिक 15 अगस्त 2026 की सुबह करीब सात बजे रामशरण, विशाल, शुभम, विवेक और माता प्रसाद उनकी धान की फसल में पशु लेकर पहुंचे। आरोप है कि फसल को नुकसान पहुंचाने से रोकने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडे से मारने के लिए दौड़ा लिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह जान बचाने के लिए अपने घर की ओर भागीं, लेकिन आरोपी घर में घुस आए। इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद मंजू देवी ने मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस से संपर्क किया।मंजू देवी का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने अधिवक्ता इंदु प्रकाश चैबे और अभिषेक चतुवेर्दी के माध्यम से अदालत का रुख किया और मामले में कार्रवाई की मांग की।अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बलराम दास के आदेश के बाद जलालपुर थाने में रामशरण, विशाल, शुभम, विवेक और माता प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

दाखिले के नाम पर 71 हजार रुपये लेने का आरोप

जौनपुर। बीटेक में दाखिला दिलाने के नाम पर छात्र से 71 हजार रुपये लेने और रकम वापस मांगने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में सुरेरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई थी। मामले में बीएनएस की धारा 316(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पट्टीजियाराय गांव निवासी लाल बहादुर मौर्य ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पुत्र विक्रम मौर्य की पढ़ाई के दौरान चंदनमणि मिश्र के माध्यम से सुरेरी क्षेत्र के चिलाई निवासी विकास दूबे से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि विकास दूबे ने बीटेक में दाखिला कराने के नाम पर 80 हजार रुपये मांगे। इसके बाद छात्र द्वारा अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन माध्यम से कुल 71 हजार रुपये भेजे गए।रुपये लेने के बावजूद दाखिला नहीं कराया गया। पीड़ित द्वारा रकम वापस मांगने पर दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया, जहां दो माह के भीतर रुपये लौटाने को लेकर सुलहनामा हुआ, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। तो पीड़ित छात्र ने रुपये की मांग की जिसपर आरोपी ने गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। सोमवार की रात्रि सुरेरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध थानाध्यक्ष सुरेरी गंगासागर मिश्र ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रशासन की प्राथमिकता



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी. की अध्यक्षता में हुई। उन्होने जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अनिवार्य है।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, आई०सी०डी०एस० विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि एन0आर0सी0 सेन्टर में सैम मैम बच्चों को भर्ती करने की कार्यवाही सुनिश्चि की जाये जिससे की अति दुर्बल बच्चें जल्द स्वस्थ्य हो सके इस दौरान उन्होने कहा कि जनपद में संचालित एम्बुलेस 102,108 की जॉच समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक द्वारा रैण्डम के आधार पर सुनिश्चित की जाये। उन्होनें सी0एच0ओ0 द्वारा प्रभावी ढंग से कार्य की प्रगति न पाये जाने पर और उनके कार्यो की मानिटरिंग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी के अधीक्षक द्वारा न किये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी एम0वाई0सी0 दुद्धी के वेतन भुगतान पर रोक लगाने पर निर्देश दिये। उन्होंने बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्दों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये तथा जो कर्मी साफ-सफाई के लिये नियुक्त किया गया है उसके कार्यों में लापरवाही पायी जाती है तो चयनित एजेंसी को सूचित कर तत्काल हटाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाये। डी०पी०ओ० आई०सी०डी०एस० को निर्देशित किया गया कि आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा नियमित रूप से आशा आगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाय। इस मौके मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रमेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

दिव्यांग अब्दुल रहमान को मिला आत्मनिर्भरता का पहिया

सोनभद्र। जिलाधिकारी की जनसुनवाई में मिली शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने 90 प्रतिशत दिव्यांग अब्दुल रहमान को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई है। ग्राम रामगढ़, विकासखंड चतरा निवासी अब्दुल रहमान पुत्र स्व. कसीम को यह सहायता सीएसआर फंड के माध्यम से प्रदान की गई।

मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से अब्दुल रहमान के लिए आवागमन आसान होगा। दैनिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलने के साथ ही उनके आत्मनिर्भर जीवन की राह भी मजबूत होगी। जिला प्रशासन के अनुसार जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जा रहा है। पात्र एवं जरूरतमंद दिव्यांगजनों को नियमानुसार आवश्यक सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि जनसुनवाई केवल समस्याओं के निस्तारण का माध्यम नहीं, बल्कि जरूरतमंद नागरिकों को सुविधा, सम्मान और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का प्रभावी जरिया भी है।



● 90 प्रतिशत दिव्यांगजन को सीएसआर फंड से मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, आवागमन की राह हुई आसान

पेंशनरों का प्रदर्शन , सरकार की नीतियों का किया विरोध



जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने धरना-प्रदर्शन करके, मांगो से सम्बन्धित ज्ञापन प्रधान मन्त्री एवं मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार को भेज कर तत्काल पूर्ण करने की मांग किया। बड़ी संख्या पेंशनर्स जनपद मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर मे संगठन के जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे आम सभा करके किया गया ,जिसका संचालन जिला मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सी बी सिंह ने ने कहा कि भारत सरकार के पारित वित्त बिधेयक 2025 मे तिथि के आधार पर पेंशनर्स मे बिभेद के अशं को हटाने की मांग संगठन उसी समय से कर रहा है ।

सरकार अनेक अवसर पर केन्द्रीय वित्त राज्य मन्त्री के बयान आदि से पेंशनर्स की आशंका को निराधार बताया गया, लेकिन सरकार की कार्यवाही मे पुराने पेंशनर्स मे बिभेद के संकल्प को बनाये रक्खा गया है, जो सरकार के दो मुही निति का परिचायक है। इस प्रकार जनवरी 2026 के पूर्व सेवानिवृत सभी अधिकारी कर्मचारी शिक्षक पेंशनर्स सरकार की इस बीभेदकारी नितियो से आक्रोशित है। अध्यक्ष ने सरकार की पेंशनर्स बिरोधी निति से सावधान करते हुए, कहां कि हमे बडे से वडे संघर्ष के लिए संगठन की आवाज पर तैयार रहना होगा।संगठन के बारह सूत्रीय मांग में कर्मचारियों, पेंशनरो,शिक्षको के लिए अलग से सी पी आई बनायी जाए, पेंशनर्स की पैसठ वर्ष आयु पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन की बृध्दि दी जाय,महगाई भत्ता पच्चास प्रतिशत से अधिक होने पर उसे मूल बेतनधेंशन मे मर्ज किया जाय । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पुर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक राकेशकुमार श्रीवास्तव ने पेंशनर्स की मांग को शीध्र निस्तारित करने की सरकार से अपेक्षा करते हुए ,सचेत किए कि हम पेंशनर्स को सरकार हल्के मे न ले अन्यथा इसका खामियाजा भुगतना होगा। कृष्ण कुमार त्रिपाठी.इं0प्रमोद कुमार सिंह, दसरथ राम, चन्द्र शेखर सिंह, राम कृष्ण यादव, ओकांर नाथ मिश्र, नरेन्द्र कुमार सिंह, पुट्टीलाल यादव, सूबेदार यादव, मिठाई लाल, राजेश कुमार श्रीवास्तव, मनीदेवी, महालक्ष्मी वर्मा, नरेन्द्र त्रिपाठी आदि ने सम्बोधित किया।

पैकेटों पर दाम बढ़े पर माल हुआ कम

सोनभद्र। खुले सामानों के साथ साथ पैकेट बंद सामानों पर महंगाई की मार पड़ गयी है।एक तो वैसे ही बेतहासा महंगाई के चलते आम जनमानस परेशान है दूसरे कंपनियों की चतुराई का शिकार भी उपभोक्ता हो रहे हैं। अगर महंगाई पर नजर डालें तो पिछले दस वर्षों की तुलना में वर्तमान में समान्य रूप से सारे सामानों की कीमत काफी बढ़ गयी है। खाद्य पदार्थों से लेकर दैनिक उपभोग की सभी वस्तुओं के दाम का असर किसी पर पड़ा है तो वह पैक में बिकने वाले सामान पर है। क्योंकि इन सामानों के दाम लगभग दो गुने हो गया है। संजय, गिरजा, इन्द्र कुमार, मुकेश, नन्दकिशोर, बलिराज, राकेश, मुन्ना, विजय आदि कहना है कि वाशिंग पाउडर, नमकीन, बिस्कुट, नमक, तेल, घी, साबून, मसाला सहित अन्य रोजमर्रा इस्तेमाल किये जाने वाले सामानों के पैकेटों में माल कम होता जा रहा है लेकिन इनके दाम में वृद्धि हो रही है। हालांकि कुछ सामानों के दाम जस के तस ही हैं। उपभोक्ता कंपनियों की इस नीति की मार आम उपभोक्ता पर साफ दिख रही है। गरीब और मध्यम वर्गीय लोग तो इससे अत्यधिक परेशान हैं। इन कंपनियों ने दाम बढ़ाने के मामले में कांन घुमाकर पकड़ने की कहावत को चरितार्थ किया है। इसमें कुछ कंपनियों द्वारा पैक पर अंकित होने वाले मूल्यों को बढ़ाने के बजाय पैक के अन्दर भरे जाने वाले माल को कम करना शुरू कर दिया है। माल कम करने की कवायद इतने छोटे पैमाने पर की गयी कि ग्राहकों को पता ही नहीं चल सका। कंपनियों की यह चाल देर से सही तो क्या अब ग्राहकों के समझ में आने लगी है। इधर कुछ उत्पादक कंपनियां खाद्य पदार्थों के पैकेटों पर माल इक्स्ट्रा (ज्यादा) होने को छपवाकर ग्राहकों को लुभाने का तरीका भी अपनाने लगी हैं। कंपनियों की इस चतुराई और उपभोक्ताओं के हो रहे शोषण पर कोई जिम्मेदार महकमा ध्यान नहीं दे रहा है। शासन-प्रशासन भी आंख पर गांधारी पट्टी बांध मौन बैठा हुआ है।

संगीता बनीं कांग्रेस प्रदेश को-आर्डिनेटर

सोनभद्र। जनपद की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संगीता श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश को-आर्डिनेटर मनोनीत किया है। यह जानकारी मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। नवनियुक्त प्रदेश को-आर्डिनेटर संगीता श्रीवास्तव ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए वह पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करेंगी। इस मौके पर फरीद अहमद, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, तिवारी, श्रीकांत मिश्रा श्रीकांत सरोज समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



11 से 20 तक जिले में होंगे सामूहिक विवाह

सोनभद्र। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोनभद्र में 11 से 20 अक्टूबर तक विभिन्न स्थानों पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र के दौरान होने वाले इन आयोजनों में पात्र गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन की ओर से प्रति जोड़ा एक लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से 60 हजार रुपये, वैवाहिक उपहार सामग्री पर 25 हजार तथा भोजन, पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं पर 15 हजार रुपये खर्च होंगे।

पुलिस ने 201 मोबाइल बरामद कर लौटाये



जौनपुर। गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पोर्टल की मदद से साइबर क्राइम टीम ने 201 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम टीम द्वारा की गई। टीम ने तकनीकी माध्यमों से मोबाइलों को ट्रेस कर अलग-अलग जिलों और राज्यों से बरामद किया।पुलिस के मुताबिक, अब तक चलाए गए अभियान के तहत कुल 2239 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4.35 करोड़ रुपये है। मोबाइल फोन बरामद होने के बाद पुलिस ने उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की।

जिला कारागार में बैरक का निरीक्षण

मीरजापुर। जनपद न्यायधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जिला कारागार पहुचंकर पुरुष बैरक व महिला बैरक का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जेल के पुलिसकर्मियों के द्वारा बन्दियों के पास रखे झोला आदि को खंगाला गया जिसमें किसी भी प्रकार आपित्तजनक वस्तु नहीं पाई गई। अधिकारियों द्वारा विभिन्न बैरको के अलावा महिला बैरक, जेल के अस्पताल व रसोईघर में पहुचंकर बन रहे भोजन का भी परीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि जेल अस्पताल में भर्ती बन्दियों का नियमित चिकित्सक के द्वारा परीक्षण किया जाए तथा इन्हें आवश्यकतानुसार दवाईयां ससमय उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण समय से भोजन दिया जाए तथा बन्दियों से कहा कि जिस किसी विधिक सहायता, सरकारी अधिवक्ता की आवश्यकता है तो जेल अधीक्षक के माध्यम से अवगत कराएं ताकि उन्हें मानक व पात्रता के अनुसार उपलब्ध कराई जा सके। जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी अधिकारियो द्वारा देखा गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड विजय शंकर गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनन्द कुमार द्वितीय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, जेल अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



दुराचार के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

आजमगढ़। अनुसूचित जाति की युवती के साथ दुराचार के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद एससी-एसटी कोर्ट ने आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुमार्ने की आधी राशि पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया गया है। यह फैसला एससी-एसटी कोर्ट के न्यायाधीश विजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को सुनाया। अभियोजन के अनुसार, जहानागंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती 19 मई 2023 की रात करीब साढ़े दस बजे गांव में आयोजित पूजा में शामिल होने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी अभिषेक चैहान ने युवती को छत पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया। घटना के बाद पीड़िता बेहोश हो गई। परिजनों ने पीड़िता को कोल्हुखोर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। होश में आने के बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत की। अभियोजन के अनुसार, शिकायत किए जाने पर आरोपी की ओर से पीड़िता के परिजनों को जातिसूचक गालियां भी दी गईं। मामले में पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक आलोक त्रिपाठी और अधिवक्ता वंश गोपाल सिंह ने कुल छह गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी अभिषेक चौहान को दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने अर्थदंड की आधी राशि पीड़िता को दिए जाने का भी आदेश दिया।

घर से गायब बालक को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के महेशपुर गांव में ननिहाल से गायब हुए दस वर्षीय बालक को पुलिस की सक्रियता से आठ घंटे के भीतर सोमवार की देर रात प्रयागराज रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी रमन सिंह का नाती वंश सैनी पुत्र सोनू सैनी निवासी समया सोनीपत हरियाणा जो दिमागी रूप से विक्षिप्त है। सोमवार शाम को बिना बताए घर से कहीं चला गया। खोजबीन के बाद भी बालक के नही मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस बालक की तलाश में जुट गई। बालक के प्रयागराज की ओर जाने की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार एसआइ शिवाकांत पांडेय हेड कांस्टेबल हेमन्त नामदेव ने तत्परता दिखाते हुए प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर बालक को बरामद कर लिया। पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर बालक को उसके नाना रमन सिंह व मां सुनीता को सुपुर्द कर दिया। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने ड्रमंडगंज पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने पर बैठक में जोर

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के बीआरसी कार्यालय लहंगपुर पर मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में न्याय पंचायत के समस्त प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा नवीन नामांकन किया जाए। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही डीबीटी, स्मार्ट क्लास, एसएमसी खाते राष्ट्रीयकृत बैंक में खोले जाने के संबंध में, कन्या सुमंगला योजना की पात्र बालिकाओं के ऑनलाइन आवेदन। विद्यालय में जन्मोत्सव एवं विशेष दिवस पर तिथि भोजन कराए जाने की स्थिति एवं लाभार्थी की संख्या उपलब्ध कराए जाने के संबंध में एवं एजेंडा बिंदु के तहत सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने विद्यालय संबंधित सभी विभागीय कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एआरपी ईश्वर चंद यादव, बृजेश मणी त्रिपाठी, स्वाति सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दिनेश कुमार चौबे, गणेश दुबे, साकेत प्रियरंजन दुबे, सुरेश कुमार मौर्या, राकेश यादव, प्राथमिक विद्यालय निनवार उत्तर के प्रधानाध्यापक नागेश्वर सिंह पटेल, दिलीप कुमार यादव, श्याम जी मौर्य, आनन्द सिंह, रंजना भारती, सुनीता यादव, संगीता देवी, शशांक सिंह, आलोक मौर्या, काशी प्रसाद,विमल यादव, उदयन पांडेय, राजभवन सिंह, सतीश यादव, राधारमण गुप्ता, उमाशंकर सिंह, सहायता लेखाकार कृष्णा यादव सहित क्षेत्र के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

मर्डर को सुसाइड का रूप देने का आरोप

मीरजापुर। जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां परिजनों ने अपने बेटे की हत्या कर पेड़ पर लटकाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सबसे बड़ा सवाल जो पूरी घटना को फांसी नहीं बल्कि हत्या की साजिश की तरफ इशारा कर रहा है वो ये है - भला कोई व्यक्ति अपने हाथ खुद बांधकर फांसी कैसे लगा सकता है? मामला संतनगर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित पिता के अनुसार उनके पुत्र शिवम का गांव की ही एक युवती बेबी उर्फ बबिता से प्रेम प्रसंग था। आरोप है कि जब शिवम ने शादी से इनकार किया तो युवती के परिजन उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। परिजनों के अनुसार 6 सितंबर 2026 को युवती पक्ष ने सुनियोजित तरीके से शिवम को घर से दीपनगर बुलाया। रात को शिवम घर नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी तलाश की। उसी रात 10:08 मिनट पर युवती ने फोन कर कहा कि ₹शिवम अब घर नहीं आएगा, उसे भूल जाओ, अब तुम लोग उसका मरा हुआ मुंह ही देखोगे।₹ कुछ देर बाद गांव के एक व्यक्ति से पता चला कि शिवम का शव पेड़ पर लटका है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि शिवम की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया है। परिजनों का आरोप है कि युवती ने अपने परिवार और दो अन्य युवकों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। बंधे हुए हाथों से कैसे फांसी? परिजनों का सबसे बड़ा आरोप है कि मृतक शिवम के दोनों हाथ बंधे हुए थे। अगर यह आत्महत्या थी तो हाथ किसने और क्यों बांधे? मोबाइल से मिटा राजः परिजनों का आरोप है कि शिवम का मल्टीमीडिया मोबाइल गायब है। आशंका है कि मोबाइल में युवती और उसके परिवार से जुड़े कई राज थे, इसलिए सबूत मिटाने के लिए मोबाइल गायब कर दिया गया। पुलिस पर जल्दबाजी का आरोपः परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को नहीं बुलाया और हड़बड़ी में शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आखिर पुलिस को ऐसी क्या जल्दी थी कि बिना साक्ष्य जुटाए ही शव उतार दिया? पीड़ित पिता ने थाने पर सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अब एसपी से थानाध्यक्ष संतनगर को मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच की बात कही है।

महोत्सव में गूंजे कजरी के सुर, लोक संस्कृति से सराबोर हुआ हरिहरपुर

जिला संवाददाता

आजमगढ़। हरिहरपुर संगीत घराना ट्रस्ट एवं हरिहरपुर घराना संगीत संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय हरिहरपुर कजरी महोत्सव का सोमवार को हरिहरपुर संगीत अकादमी के प्रांगण में भव्य शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने कजरी, भजन, सूफी एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से देर तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरूआत गायक अभिषेक मिश्र की गणेश वंदना ह्यगजानंद राखे लाज हमारी.... से हुई। इसके बाद धन्य है ये धरा, धन्य है आज हम...., कजरी बरसन लागी सावन बुंदिया राजा और सूफी गीत सांसों की माला पे की प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी।

भजन गायक उमेश सिंह राठौर ने लगन तुमसे लगा बैठे और कहियो दर्शन दीहे हो... प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वहीं गायिका सपना बनर्जी ने देखो सांवरे के संग गोरी झूले हिंडोला.... बीरन भईया अइहैं अनवईया हो सवनवा में ना जइबे ननदी तथा हमरी अटरिया पे आजा रे सांवरिया जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद अनिल मिश्रा ने ह्यदुनिया में देवो हजारों, बजरंगबली का क्या कहना और कजरी हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया प्रस्तुत कर महफिल में रंग भर दिया।

आदर्श मिश्र ने ह्यसइयां मिले लड़कइया, मैं क्या करूं, ह्यरेलिया बैरंग पिया को लिये जाए रे तथा दोस्त इस जमाने को क्या हो गया, जिसको चाहा वही बेवफा हो गया सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं हृदय मिश्र ने आयो चाहे जो हो सवना, मिजार्पुर कईला गुलजार हो, कचौड़ी गली सूँ कईला बलमू और गोरिया झूला झुलाने अपना...जैसी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। बताते चले कि 30 वर्षों से लोक परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास करने वाले अजय मिश्र के स्वास्थ्य कारणों से यह महोत्सव इस बार सितंबर में आयोजित हुआ। हरिहरपुर कजरी महोत्सव की सबसे खास बात यह रही कि यह आयोजन करीब 30 वर्षों से लोक संगीत की परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास कर रहा है।

संस्था प्रमुख एवं कार्यक्रम व्यवस्थापक अजय मिश्र अपने परिश्रम और लगन से प्रतिवर्ष इस आयोजन को आगे बढ़ाते रहे हैं। अजय मिश्र का कहना है कि हरिहरपुर की पारंपरिक कजरी और लोक संगीत को देश ही नहीं, बल्कि विश्व पटल तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजनों का निरंतर होना जरूरी है। लोक विधाओं को नई पीढ़ी से जोड़ने और कलाकारों को मंच देने की दिशा में महोत्सव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने कहा कि कलाकार सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी संगीत परंपरा को नहीं छोड़ता। जीवन में कोई भी व्यक्ति पूर्ण रूप से हमेशा सफल नहीं रहता, लेकिन परिस्थितियां चाहे जैसी हों, निरंतर आगे बढ़ते रहना ही उसकी महानता है। उन्होंने लोक संगीत और कजरी जैसी पारंपरिक विधाओं को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की। महोत्सव में कजरी और लोक संगीत के बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शक भाव-विभोर नजर आए और तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश मिश्र ने करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय मिश्र, आदर्श मिश्र, दीपक मिश्र, नितीश मिश्र, राहुल मिश्र, विशाल मिश्र, संदीप मिश्र सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।



● सीमित संसाधनों के बावजूद कलाकार अपनी संगीत परंपरा को नहीं छोड़तारू विजय बहादुर पाठक

पीएचसी प्रभारी की कार्रवाई से हड़कंप

मड़िहान, मीरजापुर। पटेहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी द्वारा दीपनगर बाजार में अवैध रूप से चल रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने से हड़कंप मच गया। हालांकि, इस जांच प्रक्रिया को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी असंतोष और आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि जांच के दौरान पीएचसी प्रभारी को पूरे बाजार में मात्र दो झोलाछाप दुकानें ही दिखाई दीं, जबकि दीपनगर बाजार में दर्जनों की संख्या में झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी वैध डिग्री के धड़ल्ले से क्लिनिक खोलकर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि पीएचसी प्रभारी अपने निजी स्वार्थ के चलते बाकी अवैध क्लीनिकों को खुली छूट दे रहे हैं। जांच के दौरान कई ग्रामीणों ने मौके पर ही पीएचसी प्रभारी से अन्य झोलाछाप क्लीनिकों की ओर इशारा करते हुए जांच की मांग की, लेकिन आरोप है कि उन्होंने इन शिकायतों को पूरी तरह अनदेखा कर दिया। ग्रामीणों ने पीएचसी प्रभारी पर झोलाछाप डॉक्टरों के साथ मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है। पीएचसी प्रभारी का कहना है कि दीपनगर में खुले दो अवैध झोलाछाप क्लीनिकों को नोटिस जारी कर दिया गया है और उनके विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आजमगढ़ पब्लिक स्कूल को मिला बेस्ट स्काउट का सम्मान

आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का अवसर है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली स्काउट अंश यादव का चयन सत्र 2026-27 में आजमगढ़ के सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ स्काउट (बेस्ट स्काउट) के रूप में किया गया है।

इस उपलब्धि के लिए उन्हें हरिऔध कला केंद्र, आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, आईएएस द्वारा सम्मानित किया गया। अंश यादव को यह सम्मान स्काउटिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, समर्पण एवं सेवा-भावना के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि ने उनके परिवार, शिक्षकों और सहपाठियों के साथ-साथ पूरे आजमगढ़ पब्लिक स्कूल परिवार को गौरवान्वित किया है। इसी अवसर पर विद्यालय के अन्य स्काउट्स अश्वनी राय, मानस राय एवं श्रेयांश राय तथा विद्यालय के स्काउट प्रभारी मोहम्मद शाहिद को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया ग

संक्षेप

रसिक दुलारी शरण की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोटों का खुलासा

मथुरा। वृन्दावन संत प्रेमानंद महाराज के शिष्य रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की मौत का मामला सामने आने के बाद घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे है। जानकारी के मुताबिक गुरु कृपा कुंज आश्रम परिसर में स्थित चैथी मंजिल से गिरने के बाद उनकी मौत हो गई। घटना को लेकर सामने आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिक ऊंचाई से गिरने के कारण दीपक के शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। रिपोर्ट में हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोट के साथ पसलियों की हड्डियां टूटने की बात भी सामने आई है। अत्यधिक रक्तस्राव से मौत का खुलासा हुआ है। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में आश्रम के नीचे सड़क से कुछ लोग गुजरते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान अचानक दीपक लोधी ऊपर से नीचे गिरते हुए नजर आते हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और उन्हें उपचार के लिए ले जाने की प्रक्रिया की गई, लेकिन उनकी मौत हो गई। फिलहाल घटना की परिस्थितियों को लेकर पुलिस द्वारा जाँच की जा रही है।

सांझी मेले में अवतरित होंगे ठा. गोविन्ददेव

मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा एवं ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 4 अक्टूबर तक पौराणिक ब्रह्मकुंड पर आयोजित होने वाले साँझी मेले के विषय में आयोजकों ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी । वर्ष 2015 में द ब्रज फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए साँझी मेले को हर वर्ष बड़ी धूमधाम से बनाया जाता है। ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने बताया कि इस बार साँझी मेला ठा. गोविंददेव पर एकाग्र होगा। ब्रज में साँझी कला धरोहर के साथ-साथ उपासना में भी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। जयप्रकाश सारस्वत ने कहा कि ब्रज की साँझी में मुख्य रूप से श्रीकृष्ण कथा को चित्रित किया जाता है। जैसे कि ब्रज लीलाएँ और निकुंज लीलाएँ तथा लीला स्थल आदि ब्रज की साँझी कला के संरक्षण में ब्रह्मकुंड साँझी मेले का महत्वपूर्ण योगदान है। इस बार 10 वाँ साँझी मेला 2, 3 व 4 अक्टूबर को प्रतिदिन शाम 6 से 9 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर साँझी और रंगोली प्रतियोगिता तथा कलाकारों का सम्मान भी किया जायेगा। इस अवसर पर एन. एल. शर्मा, आनंद यादव, गोपाल शरण शर्मा, विश्वजीत दास, ब्रजगोपाल चित्रकार, कमलेश्वर शर्मा, जगदीश आदि उपस्थित रहे।

शिल्पा शेट्टी से मिले अंकित बंसल

मथुरा। इंटरनेशनल बिजनेस समिट के दौरान लघु उद्योग भारती मथुरा के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल (बंसल फूड्स) ने बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अंकित बंसल ने उन्हें ब्रज की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी राधा-कृष्ण की मनमोहक मूर्ति भेंट की तथा मथुरा-वृंदावन पधारकर ब्रजभूमि के दर्शन करने का सादर निमंत्रण दिया। राधा-कृष्ण की सुंदर मूर्ति को देखकर शिल्पा शेट्टी भाव-विभोर हो उठीं। उन्होंने ब्रजभूमि और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा, ह्लमैं चाहती हूँ कि भगवान बांके बिहारी जी मुझे जल्द अपने दर्शन के लिए मथुरा बुलाएं।ह्व मुलाकात के दौरान शिल्पा शेट्टी ने मथुरा की बढ़ती वैश्विक पहचान की भी सराहना की।

छात्रों की समस्याओं पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

प्रशासन के खिलाफ उठायी आवाज, सौंपा ज्ञापन



मथुरा। बीएसए कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी के विरोध में एनएसयूआई मथुरा के कार्यकताओं ने कॉलेज परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

एनएसयूआई कार्यकताओं ने महाविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, परिसर में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए और शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। कार्यकताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न उठानी पड़े, यह सुनिश्चित करना महाविद्यालय प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हर्ष चैरसिया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। इस दौरान हर्ष चैरसिया ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्र-छात्राओं के हितों और अधिकारों के लिए मजबूती से संघर्ष करती आई है और छात्रों की समस्याओं का समाधान होने तक संगठन का यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन और सभा के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश पचैरी, पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई प्रवीण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष परीक्ष गौतम, पियूष अग्रवाल, उदय तिवारी, ओंखित यादव, जिला सचिव मनीष शर्मा, केशव मित्तल, कार्तिक उपाध्याय, मान्ये दुबे और बीएसए कॉलेज अध्यक्ष बब्बू कुलश्रेष्ठ सहित सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

छाता चीनी मिल धरना : एफआईआर दर्ज कराने वाले गिर्राज वाल्मीकि ने वापस ली रिपोर्ट

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। छाता चीनी मिल के संचालन को लेकर चल रहे भूतपूर्व सैनिक किसानों के धरने में उस समय एक नया मोड़ आ गया, जब आंदोलनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाले गिर्राज वाल्मीकि कोसीकला अचानक मंगलवार देर शाम 4 बजे खुद धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने किसान और भूतपूर्व सैनिकों के सामने नतमस्तक होकर अपनी रिपोर्ट वापस लेने का ऐलान किया और हाथ जोड़कर सभी से माफी मांगी।

धरने पर पहुंचकर मांगी माफी

गिर्राज वाल्मीकि ने भावुक होते हुए कहा, मैं हनुमान जी का भक्त हूँ। जब से मैंने एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी, मेरी अंतरात्मा गवाही नहीं दे रही थी। मुझे महसूस हुआ कि मुझसे बहुत बड़ा अपराध हो गया है, जिसके कारण मुझे दिन-रात चैन नहीं मिल रहा था। उन्होंने आगे कहा कि हमारा समाज एक स्वाभिमानी समाज है, जिसे कोई खरीद नहीं सकता। समाज के सिर को गर्व से ऊँचा रखने के लिए ही वे बिना किसी भाई दबाव के धरने पर आए हैं। बीजेपी हाईकमान के फोन आने का किया दावा। अपने संबोधन के दौरान गिर्राज वाल्मीकि ने खुलासा किया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद उनके पास बीजेपी हाईकमान के वरिष्ठ लोगों के लगातार फोन आ रहे थे। उनसे कहा जा रहा था कि गिर्राज, तुमने यह बहुत गलत काम कर दिया है।

धरना स्थल पर मौजूद भीड़ के बीच गिर्राज ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, माननीय मंत्रीजी, आज के बाद मैं आपको सदा के लिए अलविदा कहता हूँ। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता नरदेव चैधरी का समर्थन करते हुए अपील की, जो भाई नरदेव बड़ी मेहनत और ईमानदारी से कार्य कर रहा है, जनता तुम्हें आगे मंत्री-विधायक देखना चाहती है, नरदेव आपके ही मंत्री आपको विधायक नहीं बनने देंगे, नरदेव भाई, तुम भी छाता चीनी मिल धरने पर आ जाओ। अपनी जनता के बीच, यह प्यारी भोली भाली जनता आपको विधायक बना देगी। धरना स्थल पर गिर्राज वाल्मीकि का किसानों और मजदूरों द्वारा स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया, जिससे वे काफी भावुक नजर आए। इस घटनाक्रम के बाद आंदोलनकारियों का हौसला और बढ़ गया है। भाई राजनीति में बड़ा भूचाल देखने को मिलेगा।

रेहड़ी दुकानदारों को बांटीं छतरियां अंगोछे और पानी की बोतलें



टूंडला। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने सोमवार को नगर के सुभाष चौराहे पर रेड़ी-पटरी दुकानदारों को छतरियां, अंगोछे और पानी की बोतलें वितरित कीं। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सेवा-सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा देशभर में विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में टूंडला में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित करने के साथ अंत्येष्टि स्थल पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष वृंदावन गुप्ता,एससी मोर्चा ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष रामतीर्थ सिंह चक,पूर्व जिला महामंत्री दीपक चौधरी,नगर अध्यक्ष आजाद जैन,सुशील पोनियां संजय परमार, लोकेश जादौन,दुष्यंत जादौन,रिंकू उपाध्याय,राजेश अग्रवाल, राजन निषाद,महेंद्र झा,गिरवर निषाद,देवेंद्र बघेल प्रधान,रिंकू सविता,महेश बघेल सभासद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एएचटीयू टीम ने भिक्षावृत्ति में लगे दो बच्चों को रेस्क्यू किया

फिरोजाबाद। बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए एएचटीयू पुलिस ने मंगलवार को शिकोहाबाद के एटा चौराहा मैनपुरी चौराहा और प्रतापपुर चौराहा क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने भिक्षावृत्ति में लगे दो बच्चों को रेस्क्यू किया। पुलिस के अनुसार पूर्व में की गई रेकी और सुरागरसी के आधार पर अभियान चलाया गया। रेस्क्यू किए गए दोनों बच्चों को विधिक कार्रवाई के बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेश पर दोनों बच्चों को बाल संप्रेषण गृह में भेज दिया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एएचटीयू थानाध्यक्ष विपिन कुमार व टीम द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से की गई।

सिरसा नदी में मिला दो दिन से लापता युवक का शव

फिरोजाबाद। नारखी थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता चल रहे युवक का शव सिरसा नदी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नदी में शव दिखाई देने पर ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना नारखी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान विशाल (20) पुत्र पप्पन सिंह निवासी गांव गोंछ, थाना नारखी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारण का पता चल सकेगा। घटना को लेकर पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।

छिनैती के मामलों में 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने छिनैती के मामलों में वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी विजय कुमार यादव निवासी नगला विष्णु को मरघटी तिराहा लालऊ के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से छीने गए मोबाइल को बेचकर बची 500 रुपये की धनराशि के अलावा अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी छिनेति के मुकदमे में वांछित था। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।

डीएम जनपद न्यायाधीश और एसएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग और एसएसपी आदित्य लांग्हे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के साथ बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरकों और जेल परिसर का भ्रमण किया। बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं,मुकदमों की पैरवी और विधिक सहायता की स्थिति जानी। बंदियों से भोजन और अन्य दैनिक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों ने जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए किसी तरह की समस्या नहीं होने की बात कही। अधिकारियों ने जेल परिसर और बैरकों में साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी,जो संतोषजनक मिली। निरीक्षण के बाद जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए कि बंदियों को शासन के मानकों के अनुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लगातार दुरुस्त रखा जाए।

श्री राधाष्टमी बधाई व हिण्डोला उत्सव आयोजित



मथुरा। कोसीकलां रामनगर स्थित तोताराम मंदिर में परमपूज्य रासबिहारी शरण दास (गिरी बाबा बरसाना) के सानिध्य में श्रीजी सेवा परिकर द्वारा श्री राधाष्टमी बधाई उत्सव एवं हिण्डोला उत्सव का आयोजन किया गया। राधा रानी की छठी के अवसर पर आयोजित हिण्डोला उत्सव के लिए मंदिर परिसर को देशी-विदेशी खुशबूदार फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। फूलों की मनमोहक सजावट के बीच राधा-कृष्ण के हिण्डोला दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में भजन गायक रूपेंद्र उपाध्याय एवं स्वामिनी शरण (ऋषि पाठक) ने मीठी, मन भूल मत जइयो राधारानी के चरण, प्रभु जी मोरी लागी लगन मत तोड़नाह्व सहित विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों एवं बधाइयों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कलाकारों ने राधा-कृष्ण की विविध लीलाओं पर आधारित नृत्य एवं भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं मोरकुटी लीला, महारास एवं गोचारण लीला का सुंदर मंचन किया गया।उत्सव के दौरान पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल भगतजी, नवल भगतजी, सुभाष शर्मा, सुभाष भगतजी सहित अन्य भक्तों ने राधारानी के जन्मोत्सव की बधाई के रूप में श्रद्धालुओं के बीच चॉकलेट, बिस्किट, टॉफियां एवं मिश्री लुटाई। मंदिर परिसर राधारानी के जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धा से मनायी भगत सिंह की जयंती



टूंडला। गढ़ी निर्भया स्थित केसी इंटर कॉलेज में क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के बैनर तले मंगलवार को शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग रहे। अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि सीजीएम-2 विजय कुमार वर्मा एवं समाजसेवी सुशील कुमार लम्बरदार रहे। संचालन पंकज सारस्वत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश डॉ.बब्बू सारंग ने सरदार भगत सिंह के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला अध्यक्ष जसवीर यादव एवं संगठन की टीम ने अतिथियों का स्वागत किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी ने जिला न्यायाधीश को शील्ड देकर सम्मानित किया। अन्य अतिथियों एवं समाजसेवियों का भी स्वागत किया गया। जिला न्यायाधीश डॉ.बब्बू सारंग ने कहा कि सरदार भगत सिंह ने कम उम्र में देश के लिए जो त्याग और साहस दिखाया वह आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों अपराध से बचाव और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। सीजीएम-2 विजय कुमार वर्मा ने सरदार भगत सिंह के जीवन और उनकी वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए अनेक वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके बलिदान को सदैव याद रखते हुए उन्हें हृदय से सम्मान देना चाहिए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी ने कहा कि भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और अशफाक उल्ला खां जैसे क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा पिछले 11 वर्षों से शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह सहित अन्य क्रांतिकारियों को उचित राष्ट्रीय सम्मान दिए जाने की मांग उठाई जा रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जसवीर यादव सरदार जपजोत सिंह उदयवीर सिंह मेजर, अमीन अहमद देवेंद्र पाल वीर सुरेंद्र पाल सिंह यादव,सरदार मनमिंदर सिंह, हिमांशु पचौरी श्रीप्रकाश तिवारी रमेश परसवार पिंकी शर्मा यतेंद्र कुमार राजू गांधी आदि मौजूद रहे।

बच्चों ने जाना, अपनी बात कहना ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी



स्कूलों में बच्चों को बाल अधिकार और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गयी

फिरोजाबाद। बच्चों को बाल अपराधों से बचाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विशेष पॉक्सो जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श, व्यक्तिगत सुरक्षा अपनी सीमाओं की पहचान, साइबर सुरक्षा और अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि किसी असहज या असुरक्षित स्थिति को छिपाने के बजाय माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति से तुरंत साझा करें।अभियान के तहत शिव प्रसाद मेमोरियल मक्खनपुर, जूनियर हाईस्कूल मोड़ा मक्खनपुर,नगला खन्ना बजीरपुर जेहलपुर और जमालपुर में भी जागरूकता कार्यक्रम हुए।इनमें बच्चों को पॉक्सो अधिनियम बाल अधिकार और विधिक संरक्षण की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत, निजी जानकारी साझा करने, संदिग्ध लिंक व संदेशों तथा सोशल मीडिया के असुरक्षित इस्तेमाल से बचने की सलाह दी गई,सचिव योगेश शिवा ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना परिवार, विद्यालय और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि विशेष पॉक्सो जागरूकता अभियान एक अक्टूबर तक जिले में संचालित किया जाएगा।

कुसुम सरोवर में तड़प-तड़पकर मर रहीं मछलियां, बदबू से श्रद्धालु व लोग परेशान

मथुरा। धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विश्वप्रसिद्ध गोवर्धन के ऐतिहासिक कुसुम सरोवर में इन दिनों एक भयानक जल संकट देखने को मिल रहा है। सरोवर में बड़ी संख्या में मछलियां मृत पाई गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पानी में जगह-जगह तैरती और किनारे पर सड़ती मछलियों के कारण आसपास के क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध फैल गई है, जिससे वहां आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों का जीना दुभर हो गया है। सरोवर की नियमित सफाई और देखरेख का जिम्मा संभालने वाले कर्मचारियों व जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सरोवर में मछलियों के मरने का सिलसिला पिछले कुछ दिनों से जारी है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग ने समय रहते इसका कोई संज्ञान नहीं लिया। यदि वक्त पर मृत मछलियों को बाहर निकालकर पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई होती, तो स्थिति इतनी विकराल न होती। सरोवर में घटते ऑक्सीजन स्तर और दूषित होते पानी की वजह से जलीय पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। कुसुम सरोवर गोवर्धन आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है, ऐसे में इस तरह का दृश्य प्रशासनिक उपेक्षा को उजागर करता है। क्षेत्रीय लोगों और श्रद्धालुओं ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से टीम भेजकर मृत मछलियों को सरोवर से बाहर निकाला जाए। जल की गुणवत्ता और केमिकल टेस्टिंग कराकर मछलियों की मौत के सही कारणों का पता लगाया जाए। सरोवर में ऑक्सीजन का स्तर सुधारने और पानी को स्वच्छ करने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की, तो सरोवर का संपूर्ण जलीय पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो जाएगा और महामारी का खतरा भी बढ़ सकता है।

युवती को कार में जबरन बैठाकर ले जाने का आरोप, गेस्ट हाउस में दुष्कर्म की शिकायत

मथुरा। जैत थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती को कार में जबरन बैठाकर ले जाने और गेस्ट हाउस में दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि नामजद आरोपितों में से कुछ लोग उनकी बेटी को कार में जबरन बैठाकर ले गए। आरोप है कि उसे एक गेस्ट हाउस में ले जाया गया, जहां एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती को कोसी क्षेत्र में छोड़ दिया गया। घर पहुंचने पर युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

तहरीर के अनुसार, बेटी से घटना की जानकारी मिलने के बाद पिता आरोपी युवक के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें तीन पर युवती को जबरन ले जाने और दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है, जबकि तीन अन्य पर गालीगलौज और धमकी देने के आरोप हैं। पुलिस ने सभी आरोपों को विवेचना में शामिल कर जांच शुरू कर दी है। सीओ सदर वरुण मिश्रा ने बताया कि युवती का नियमानुसार मेडिकल परीक्षण कराया गया है। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी सहित आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

'सेवा संकल्प यात्रा' का मथुरा में भव्य स्वागत



मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि वडनगर से शुरू होकर कर्मभूमि वाराणसी की ओर जा रही ह्यसेवा संकल्प यात्राह्ल के मथुरा पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने इसका ऐतिहासिक और अभूतपूर्व अभिनंदन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में और जिला महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी के संयोजन में यह यात्रा मथुरा की सीमा (गांठौली) से प्रवेश कर गोवर्धन, अड़ींग, मथुरा नगर होते हुए गोकुल बैराज तक पहुंची।

गौरतलब हो कि गांठौली प्रवेश द्वार पर पुष्पवर्षा, केसरिया साफा और चंदन का तिलक लगाकर यात्रियों का स्वागत किया गया। गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में श्री गिरिराज जी के दर्शन किए गए और खंडेलवाल सेवा सदन में मनमोहक सांस्कृतिक संध्या आयोजित हुई। दूसरे दिन मंगलवार सुबह गोवर्धन चैराहा पर केएम रेजिडेंसी के सामने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, सुल्तान सिंह तरकर, मधुवन मंडल अध्यक्ष हाकिम सिंह टीटू राघव एवं कृष्णा नगर मंडल अध्यक्ष राजू चैधरी के प्रबंधन में तोप से पुष्पवर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। कृष्णा नगर चैराहा पर लस्सी व छाछ वितरण की व्यवस्था युवा मोर्चा जिला मंत्री प्रणय शर्मा, पार्षद प्रकाश अग्रवाल (गणेश) और डॉ. जमुना शर्मा ने संभाली। वहीं भूतेश्वर के पास 25 वर्ष सेवा संकल्प यात्रा की स्मृति में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। यात्रा के साथ 50 मोटरसाइकिलों का दस्ता साथ चला और आगंतुकों को मथुरा के प्रसिद्ध पेड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी, विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोकुल बैराज मोड़ से यात्रा को अगले गंतव्य के लिए विदाई दी गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों को वितरित की गयीं यूनिफॉर्म



टूंडला। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने एवं जन्मोत्सव के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत टूंडला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित की गईं। कार्यक्रम में विधायक प्रेमपाल धनगर ने बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान तक जरूरतमंदों की सहायता पहुंचाना सेवा एवं समर्पण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करना समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष वृंदावन लाल गुप्ता दीपक चौधरी नगर अध्यक्ष आजाद जैन मंडल अध्यक्ष अजीत जुरेल संजय परमार, सुशील पोनिया दुष्यंत जादौन लोकेश जादौन रामतीर्थ चक पवन अग्रवाल, देवेंद्र बेनीवाल राजेश अग्रवाल महेंद्र झा,रिंकू राना आदि मौजूद रहे।

पदकों का अर्द्धशतक

जापान के आइची नागोया में 20 एशियाई खेल चल रहा है। जापान तीसरी बार एशियाई खेलों की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले वह 1958 में टोक्यो, 1994 में हिरोशिमा में एशियाई खेलों की मेजबानी कर चुका है। एशियाई खेलों की पदक लिस्ट में पहले ही तरह चीन और जापान का दबदबा है। हालांकि भारत भी धीरे-धीरे एशियाई खेलों की पदक लिस्ट में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है और यह भविष्य को लेकर बेहतर उम्मीद बंधाती है, लेकिन इस दिशा में भारत को अभी बहुत कुछ प्रयास करने होंगे। देश में खेलों के विकास के लिए, खेल सुविधाओं, खिलाड़ियों की आर्थिक जरूरतों, खेल से संबंधित बुनियादी संरचना विकसित करने के वास्ते भारत को बड़े निवेश, दीर्घकालिक रणनीति और सतत प्रयास की जरूरत है। 20वें एशियाई खेल में अभी पांच दिन बाकी हैं और भारत ने अब तक पदकों का अर्द्धशतक लगा लिया है। भारत 6 स्वर्ण पदक, 21 रजत और 26 कांस्य पदकों सहित कुल 53 पदक जीत चुका है। क्रिकेट में भारत ने अपनी बादशाहत एशियाई खेलों में फिर से जमायी है। कबड्डी की पुरुष और महिला टीमें अपने परंपरागत प्रतिद्वंद्वी ईरान की टीमों को परास्त कर स्वर्णिम उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। यह भारत की मिट्टी और ग्रामीण अंचल का खेल है, जिसके हम सनातन चैंपियन हैं। पुरुष टीम ने 9वीं बार और महिला टीम ने



चौथी बार कबड्डी में स्वर्णिम बादशाहत साबित की है। क्रिकेट में भारत विश्व चैंपियन रहा है। जापान में भी हमारी बेटियों ने एकतरफा मुकाबले में श्रीलंका की टीम को जमीन दिखा दी। वैश्विक और ओलिंपिक पदकधारी मीराबाई चानू भारोत्तोलन की ऐसी खिलाड़ी हैं, जिनकी झोली में एशियाई खेलों का पदक नहीं था। उन्होंने 49 किग्रा. भार-वर्ग में रजत पदक हासिल किया। यह उपलब्धि 28 सालों के बाद नसीब हुई है। 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी ने भी रजत पदक जीता था, लेकिन उसके बाद भारोत्तोलन की जीत हमसे रूठ गई। अंततः चानू ने उस खालीपन को भरा। इसी तरह मैराथन और ऊंची कूद में क्रमशः 44 और 56 लंबे सालों के बाद एशियाई रजत पदक भारत के हिस्से आए। स्कवैश जैसे गैर-परंपरागत खेल में भी हमारे नवयुवा अभय सिंह और अनाहत सिंह ने रजत पदक जीत कर भारत की उपलब्धियों को समृद्ध किया है। पदकवीरा अनाहत ऐसी पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। बीते रविवार को खेल-प्रतियोगिता के 8वें दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 7 पदक जीते, जिनमें 4 रजत पदक थे। ऊंची कूद में सर्वेश कुशारे, मैराथन में रिकॉर्डधारी सावन बरवाल और लंबी कूद में ऐन्सी सोजन के रजत पदक के बाद हम कह सकते हैं कि ऐसे खिलाड़ी ही हमारे राष्ट्रीय नायक हैं। भारत ने मिश्रित निशानेबाजी में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत के पास तेजस्विन शंकर, पारुल चौधरी, अंकुश पंघाल, नरेन्द्र बेरवाल, परवीन हुड्डा सरीखे खिलाड़ी मौजूद हैं, जिनमें पदक जीत भी चुके हैं और पदक पक्का भी कर लिया गया है। बहरहाल एशियाई खेलों में भारत अपनी सफलताओं और उपलब्धियों से खुश हो सकता है, गौरवान्वित महसूस करता है, लेकिन कुछ सवालों के साथ असंतुष्ट भी होना चाहिए। दरअसल चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देश अंतरराष्ट्रीय और ओलिंपिक के स्तर पर हमसे बहुत आगे हैं। भारत फिलहाल पदक तालिका में 10वें स्थान पर है। ओलंपिक जैसे खेलों में तो हम इक्का-दुक्का स्वर्ण पदक को भी तरस जाते हैं। चीन, जापान, कोरिया के किशोर उम्र के खिलाड़ी विश्व कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। कमोवेश वे भी खिलाड़ी ही हैं रोबो नहीं। खेलो इंडिया की 5 सालों (2026-31) की निरंतरता के मद्देनजर और विभिन्न खेल महासंघों की योजनाओं के लिए कुल 36,441 करोड़ रुपये खर्च करने का ऐतिहासिक फैसला किया गया है। लक्ष्य तय किया गया है कि 2036 के ओलिंपिक खेलों में भारत शीर्ष-10 देशों में शामिल हो। लेकिन अगर इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करनी है, तो हमारे प्रयास भी इसी तरह होने चाहिए।

विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

-स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

रोजगार के मुद्दे पर सतर्क हुईं सरकारें



संजय श्रीवास्तव



लगता है रोजगार के क्षेत्र में जल्द नई बहार की आमद है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'रोजगार बढ़ाने के लिए हर मोर्चे पर काम करने' का आश्वासन दिया तो यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 'विपक्ष गिनता जाए, सरकार नियुक्तियां देती जाएगी।' वे अगले 6 महीनों में 1 लाख और नियुक्ति पत्र जारी करने की घोषणा भी करते हैं। इन दोनों के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री का दावा है कि 2030 तक 1 करोड़ लोगों को रोजगार देने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ चले हैं तो गैर भाजपाई राज्य कर्नाटक ने भी कमर कसी है कि वे अगले साल के भीतर ही 5 लाख प्राइवेट नौकरियां सृजित करेगा। हिमाचल प्रदेश का वादा है कि दिसंबर 2026 तक 50,000 नियमित सरकारी नौकरियां बहाल करेगा जबकि आंध्र प्रदेश चुनावी वादे के अनुरूप 20 लाख रोजगार पैदा करने की कोशिशें कर रहा है, तो पंजाब की आप सरकार का लगातार 25 लाख रोजगार सृजन का आश्वासन दोहरा रही है। हरियाणा की योजना है कि वह 2030-31 तक 5 लाख करोड़ निवेश आकर्षित कर 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित करेगी।

उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, मणिपुर, गोवा, उत्तराखंड और गुजरात जैसे जिन राज्यों में अगले छह महीनों में चुनाव होने हैं, वहां से भी रोजगार देने के बड़े-बड़े दावे और वादे शीघ्र ही आने वाले हैं। यह बेरोजगारी उन्मूलन के प्रति नई शासकीय सक्रियता और राजनीतिक इच्छाशक्ति का सकारात्मक संकेत है। चुनावी दहलीज, ह्यजेन-जीह्व वाले युवाओं की आकांक्षाओं और जनसांख्यिकी लाभांश के इस दौर में सत्ता के शीर्ष नेतृत्व की यह सकारात्मक तत्परता स्वागत योग्य है। नेताओं का रोजगार बढ़ाने या बहाली संबंधी बयान उस सामाजिक बेचैनी को बताते हैं, जिसे युवा रोजगार के प्रश्न पर महसूस करता है। इस राजनीतिक सक्रियता ने यह जिज्ञासा जगा दी है कि क्या अगले वर्ष तक रोजगार परिदृश्य में कोई क्रांतिकारी बदलाव देखने में आने वाला है अथवा यह महज चुनावी मौसम की एक रणनीतिक घोषणाएं ही हैं? रोजगार के मोर्चे पर सक्रियता का मूल्यांकन मात्र नारों, रोजगार मेलों, नियुक्ति-पत्रों अथवा योजनाओं की संख्या से होगा अथवा

> केंद्र और कई राज्य सरकारें युवा और जेन-जी से जुड़े रोजगार के मुद्दे के प्रति अचानक ही अधिक तत्पर और सक्रिय दिखने लगी हैं। क्या वाकई आने वाले कुछ महीनों के भीतर देश के रोजगार के क्षेत्र में नई बहार आने की उम्मीद है? रोजगार की संख्या बढ़ेगी तो क्या गुणवत्ता भी?

युवाओं को स्थायी, पर्याप्त आय और सामाजिक सुरक्षा वाला काम मिलने से। प्रथम दृष्ट्या देश में बेरोजगारी दर काफी सुधरी हुई दिखती है। 2025 की वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु में बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत के आसपास रही और शिक्षित लोगों की बेरोजगारी भी 2024 के 7 प्रतिशत से घटकर 2025 में 6.5 प्रतिशत हुई यानी बेरोजगारी का स्तर पिछले दशक के ऊंचे स्तरों की तुलना में कम हुआ है। भले ही राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी और निजी शोध संस्थानों जैसे कई स्रोतों के आंकड़ों में भारी भिन्नता देखने को मिलती हो। ये संस्थान शहरी बेरोजगारी दर को 7 से 8 प्रतिशत के बीच आंकते हैं। सवाल है कि आखिर आंकड़ों में यह विरोधाभास क्यों है? हम यह मान भी लें कि बेराजगारी घटी है फिर भी युवाओं और शिक्षित युवाओं में यह समस्या गंभीर अभी भी है; क्योंकि बेरोजगारी दर केवल उन लोगों को गिनती है, जो काम की तलाश में हैं और काम नहीं पा रहे। जो व्यक्ति कम आय वाला, अस्थायी अथवा कुछ घंटों का काम कर रहा है, वह बेरोजगार नहीं माना जाता। इसलिए बेरोजगारी दर घटने का अर्थ यह नहीं कि अच्छी नौकरियां उसी अनुपात में बढ़ी हों। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार 2025 में नियमित वेतनभोगी रोजगार का हिस्सा 23.6 प्रतिशत हुआ, जो 2024 के 22.4 प्रतिशत से बढ़ा है। यह सकारात्मक संकेत है, मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि रोजगार का बड़ा हिस्सा अब भी स्वरोजगार, असंगठित अथवा अस्थिर प्रकृति का है। यह रोजगार के आंकड़ों की बढ़त की गुणवत्ता पर गहरा प्रश्नचिह्न है। आज भी देश के कुल कार्यबल का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है, जबकि संगठित क्षेत्र मात्र 10 से 12 प्रतिशत लोगों को ही खपा पाता है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि देश का एक विशाल कार्यबल जो तकरीबन लगभग 70 प्रतिशत से अधिक है, वह सालाना 5 लाख रुपये से भी कम कमा पाता है। वर्तमान में देश में गिग वर्क्स, जोमैटो-स्वीगी डिलीवरी बॉय, उबर चालकों और संविदाकर्मियों की संख्या 80 लाख से 1 करोड़ के बीच आंकी जा रही है।

प्रतिबिंब

नीति आयोग का अनुमान है कि यह संख्या आने वाले वर्षों में ढाई करोड़ तक पहुंच जायेगी। जायज सवाल है कि क्या अत्यंत अल्प आमदनी, बिना किसी स्वास्थ्य बीमा, पेंशन या सामाजिक सुरक्षा के काम करने वाले युवाओं को 'सुरक्षित रोजगार' की श्रेणी में गिना जाना चाहिए? जून 2020 में उत्तर प्रदेश सरकार ने सवा करोड़ लोगों को रोजगार देने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी, जिसमें एमएसएमई और मनरेगा का बड़ा योगदान था। परंतु इनमें से अधिकांश अस्थायी और मौसमी रोजगार थे, जिन्हें स्थायी नौकरियों के समकक्ष नहीं रखा जा सकता। सरकारी महकमों, जैसे रेलवे, दिल्ली परिवहन निगम, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निजी ठेकेदारों के जिम्मे आउट सोर्सिंग के माध्यम से भर्तियां जारी हैं। एक बार इन पर निर्भरता हो जाने और इस आसान रास्ते के बाद यह प्रक्रिया असली और स्थायी रोजगार सुनिश्चित करने में सबसे बड़ी बाधक बनने वाली है। जब सरकार स्वयं संविदा पर काम कराने को बढ़ावा देती दिखेगी तो वह निजी क्षेत्र को शोषणकारी मॉडल अपनाने से कैसे रोक पायेगी? जनता का यह सवाल वाजिब है कि यदि सरकारें रोजगार देने के प्रति इतनी ही गंभीर हैं, तो देश भर के सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे और रक्षा बलों में लाखों पद वर्षों से रिक्त क्यों पड़े हैं? आंकड़े बताते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों के अधीन लगभग 35 लाख स्वीकृत पद खाली हैं। 2014 में प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार सृजित करने का जो चुनावी दावा किया गया था, वह अधूरा क्यों रहा? कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और स्वचालन के चलते आईटी और सेवा क्षेत्र, जो कभी रोजगार के सबसे बड़े प्रदाता थे, अब छंटनी और नई भर्तियों में कटौती कर रहे हैं। देश में निर्माण क्षेत्र बढ़ रहा है, लेकिन विनिर्माण यानी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर अभी भी सुस्त है। 'मेक इन इंडिया' के बावजूद कुल जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा 16 से 17 प्रतिशत पर ही अटका हुआ है। जब तक विनिर्माण इकाइयां बड़े पैमाने पर स्थापित नहीं होंगी, तब तक गैर-कुशल और अर्ध-कुशल युवाओं को स्थायी रोजगार देना कठिन होगा।

कौशल विकास की चुनौती भी बड़ी है। पी एम के वी वाई के ऑडिट में 56.14 लाख प्रमाणित उम्मीदवारों में केवल 23.18 लाख यानी करीब 41 प्रतिशत, प्लेसमेंट में दर्ज हुए। कहने का मतलब प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ना अभी भी बड़ी चुनौती है। सरकारी दावा है कि विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए द्वार बनेंगे। बेशक, मुक्त व्यापार समझौते इस दिशा में अवसर दे सकते हैं। आईटी, इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य, शिक्षा, वस्त्र और विनिर्माण को बड़े विदेशी बाजार मिल सकते हैं। पर इसकी शर्तें हैं और इसे इस लायक होने में कम से कम पांच साल लगेंगे।

सोशल मीडिया



एशियन गेम्स की पुरुष 5000 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने पर अलीगढ़ के सपूत व सेना के नायक सूबेदार गुलवीर सिंह को हार्दिक बधाई। केशव प्रसाद मौर्य



भाजपा में कुछ पहिये अपने को 'स्टीयरिंग' समझने लगे हैं। बच्चे बाइक पर बैठते हैं तो बिना बात के हॉर्न बजाते रहते हैं। सत्ता पक्ष के लोग बिना बात के हॉर्न न बतायें। अखिलेश यादव



कानपुर में जिन मदरसों से अंग्रेजों के खिलाफ फतवे जारी हुए थे। उत्तर प्रदेश की सरकार आज उन्हीं मदरसों को निशाना बनाने का कार्य कर रही है। असदुद्दीन ओवैसी

कबड्डी में बरकरार है भारत की बादशाहत



खेल जगत

सारिम अन्ना

हिरामत्सु हिसामोटो, मंगा (जापानी कॉमिक्स) को जीवित होता हुआ देखने के लिए आये थे। नागोया के इस 16-वर्षीय किशोर ने कबड्डी को 'बर्निंग कबड्डी' के पन्नों पर खोजा था, जोकि पुरस्कार-विजेता जापानी उपन्यास है। इसी मंगा ग्राफिक नावेल ने कबड्डी को जापान में पॉपुलर किया है। चालीस मिनट तक भारत व ईरान के बीच फाइनल मुकाबले को देखने के बाद वह नये उत्साह के साथ लौटे कि स्वयं कबड्डी खेला करेंगे। भारत ने 40-33 से जीत दर्ज की और 2026 एशियन गेम्स की इस स्पर्धा (पुरुष कबड्डी) का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले महिला वर्ग में भारत ने 2018 की चैंपियन ईरान को एक चुनौतीपूर्ण मुकाबले में 3 अंक (37-34) के मामूली अंतर से पराजित करके गोल्ड मेडल हासिल किया। इस प्रकार दोनों पुरुष व महिला वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत ने कबड्डी में अपनी बादशाहत को बरकरार रखा, जिसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि 10 सत्रों (पुरुष कबड्डी) में भारत का यह नवां गोल्ड मेडल है। वर्तमान एशियन गेम्स में कबड्डी के दो स्वर्ण पदक जीतने से यह भी सुनिश्चित हो गया है कि इन खेलों में कबड्डी भारत के लिए सबसे भरोसेमंद उम्मीद है।

जिन लोगों ने कबड्डी को कॉमिक्स के जरिये खोजा है उनके लिए इसे लाइव देखना परम आनंद से कम नहीं है- रेडर्स का शिकंजों से बच निकलना, डिफेंडर्स का पैरों को जकड़े रहना, हाथ से लाइन को स्पर्श करना जब शेष शरीर दूसरी दिशा में खींचा जा रहा हो। यह सीन अक्सर ऐसा प्रतीत होता है जैसे सीधे मंगा से निकला हो। अब मैं इसे अवश्य खेलूंगा, हिसामोटो ने कहा। स्वर्ण पदक के लिए फाइनल कबड्डी का मैच क्लासिक साबित हुआ। इस खेल को लेकर भारत व ईरान के बीच इतिहास भी है और यादें भी। भारत ने एशियन गेम्स (पुरुष वर्ग) में लगातार सात गोल्ड मेडल जीते थे और इस विजय रथ को ईरान ने 2018 के सेमीफाइनल में रोका। भारत को अपना खिताब वापस हासिल करने के लिए पांच साल तक प्रतीक्षा करनी पड़ी, और जब यह किया तो वह भी ईरान के खिलाफ ही था, 2023 हांगझोऊ में 33-29 की जीत के साथ। उस फाइनल में जब स्कोर 28-28 की बराबरी पर था, तो जबरदस्त तकरार, विरोध और एक घंटे तक खेल रुका रहा था।

इसलिए 26 सितम्बर 2026 का मुकाबला केवल एक अन्य फाइनल नहीं था। एक पेंच फंसा था, जिसे निकालना था। एशियन गेम्स से पहले जब तैयारी करने के लिए ईरानी टीम ने पाकिस्तान की यात्रा की थी, तो मुहम्मद रजा शादलोई ने कहा था कि गोल्ड मेडल तो उन्हीं का होकर रहेगा। इस पर भारतीय कप्तान सुनील कुमार ने कहा था, 'मैं उन्हें सिर्फ इतना याद दिलाना चाहता हूं कि वह भारत के विरुद्ध खेल रहे हैं।' इस पृष्ठभूमि में फायर वर्क्स का होना लाजमी था। हर रेड ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे वह कुछ पिछली यादें लिए हुए हो। डिफेंडर्स रेडर्स के मुंह पर दांव का जश्न मना रहे थे। रेडर्स रुककर उकसा रहे थे और थाह ले रहे थे। हर प्वॉइंट के बाद खिलाड़ियों में तू-तू, मैं-मैं की हद तक कहा सुनी हो रही थी। प्रत्येक चुनौती पर दोनों भारतीय व ईरानी बेंचों की तरफ से प्रतिक्रिया हो रही थी। शुरूआती 20 मिनटों के दौरान तो ऐसा लगा जैसे कोई भी सिर्फ जीतना नहीं चाह रहा था बल्कि एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास कर रहा था। आखिरकार जीत भारत की हुई।

मैट पर बहस, उकसाने और पुराना हिसाब चुकता करने की कोशिशों के बावजूद, दोनों प्रतिद्वंदी, जो फाइनल में टकराते रहते हैं, एक दूसरे को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं, आखिरकार ऐसे खेल का प्रदर्शन करते हैं, जो हमेशा के लिए यादों में समा जाता है। पवन सहरावत ने कहा, 'हम हमेशा जी जान लगा देते हैं, चाहे हमारे सामने अपना भाई हो या ईरान हो।' अंत में एक दूसरे के लिए सम्मान भी रहता है। क्योंकि दोनों टीमों के सदस्य बहुत अच्छे खिलाड़ी भी हैं, तभी तो बार-बार भारत व ईरान फाइनल में पहुंच रहे हैं। जो जापानी मैच देखने आये थे, उन्होंने मंगा को 'जीवित' होते हुए देखा। वे स्टेडियम से इस चाहत के साथ बाहर निकले कि वे स्वयं भी कबड्डी खेलेंगे। इससे पहले भारत की महिला टीम को 2018 की चैंपियन ईरान से कड़ी चुनौती मिली। इस उतार-चढ़ाव वाले फाइनल में भारत की परियों ने 3 अंक के मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीता, जबकि पहले हाफ में भारत 22-16 पर 6 अंक की लीड लिए हुए था। दूसरे हाफ में ईरान अधिक आक्रमक हुआ और उसने अंतर को कम किया।

प्रयासों की सफलता

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्नता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है और न मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

अंतर्दृष्टि

जो नहीं होना चाहिए वो हो रहा

व्यंग्यलोक

पहले वे छंटे गुण्डे थे। बाद में अखबार भी निकालने लगे, तो चार चाँद लग गये। एक दिन मैंने कहा 'भानुजी, यह मारधाड़ से यकायक जन-सेवा की तरफ कैसे रूझान हुआ? वे बोले-शर्मा जी, अकेले मारधाड़ से काम नहीं चलता। जनता की आँखों में धूल झोंकने के लिए तथा पुलिस को डराने के लिए अखबार निकालना जरूरी था। प्रेस से पुलिस पूरी तरह आतंकित रहती है। 'वह कैसे, खुलकर बताओ। अरे भाई बात साफ है, हमें पुलिस की बदमाशियों का पता है और पुलिस को हमारी कारस्तानियों का। ज्यादा गड़बड़ करे तो हम अपने अखबार के जरिये उजागर करके रख दें। यही वजह है कि दोनों हाथ मिलाकर रखते हैं। पुलिस और गुण्डा हाथ मिला लेंगे तो भला बताइये, धन्धे में क्या कमी रह जायेगी। वे भी कमायें-हम भी करें मनवाही लूटपाट और तस्करी। मैंने दाँतों तले अँगुली दबाई तो वे खीसें निपोर कर बोले-'ऐसा है-शर्माजी, आप उल्लू के पट्ठे हैं। बाल की खाल निकाल कर खामख्वाह परेशानी मोल लेते हैं। मसलन आप इसी समय अपनी कलाई पर बँधी घड़ी उतार कर दे दीजिये। मैं भीतर तक काँप गया। अखबार के संपादक की यह मुद्रा मैंने पहली बार देखी थी, बोला-'यह आप क्या कह रहे हैं, मैं आखिर आपका परिचित और फिर पुलिस के लोग भी मुझे जानते हैं। फिर घड़ी भी मात्र सौ रूपट्टी की है। 'ज्यादा मत बोलो, घड़ी उतारो और दफा हो जाओ। वरना रामपुरी की खरोंच जीवन भर याद करोगे। चुपचाप घड़ी उतार कर भानुजी को सौंपी और दनदनाता हुआ पुलिस स्टेशन के इंचार्ज से जा भिड़ा-'इंस्पेक्टर साहब, आपके होते हुए मेरी घड़ी दिन-दहाड़े भानु प्रताप ने उतरवा ली है, उसे अरेस्ट करिये, मैं उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराता हूँ। इंस्पेक्टर की आँखें खुली की खुली रह गई, बोला-'हम उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकेंगे। 'वह क्यों ? 'वह एक अखबार का संपादक है। सम्माननीय व्यक्ति है। जनसमर्थन उसके साथ है। कल कोई बलवा हो जाये। 'इंस्पेक्टर ज्यादा मत बनाओ। वह कोई सम्माननीय व्यक्ति नहीं है। वह एक गुण्डा-उठाईगीर है। तुम डर के मारे उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रहे। तुम्हें यह भी डर है कि वह तुम्हारे भ्रष्टाचार को अपने अखबार के जरिये खोल देगा। लेकिन तुम नहीं माने तो मैं, इस मामले को लेकर आगे तक जाऊँगा। मैंने कहा। इंस्पेक्टर ने सोचा जान छूटी, वह प्रसन्नता से बोला-'यह मामला ही आगे तक ले जाने का है। मेरे पास तो ऐसे संगीन मामले आते नहीं। आप आगे जाओ। मैं आगे गया तो एसपी पहले से ही मूड बनाये बैठा था, बोला-'मेरे बस की बात नहीं है। आईजी साहब के पास जाओ। मैंने कहा-'ये क्या हो रहा है? एस.पी. बोला-'वही हो रहा है जो नहीं होना चाहिए।



पूरन सरमा

आप की बात

समाज में कानून का भय

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है।

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

बेरोजगारी का कारण

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसलिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

मेडिकल बोर्ड कमेटी गठित

बाराबंकी। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को सकुशल एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी, प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनगणना कार्य में नियुक्त किये जाने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के ड्यूटी से छूट संबंधी प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु कमेटी मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने कमेटी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक को अध्यक्ष, मुख्य चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सदस्य नामित किया है। गठित कमेटी के अधिकारियों जनगणना-2027 के कार्य में नियुक्त होने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के ड्यूटी से छूट संबंधी प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समुचित जांच कराते हुए स्पष्ट संस्तुति सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें।

नगर पालिका कर्मचारियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

ललितपुर। नगर पालिका परिषद की ओर से पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को पालिका सभागार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों, स्वास्थ्य नायकों सहित अन्य कर्मचारियों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यकतानुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कॉलेज से पहुंची चिकित्सकों की टीम ने पालिका कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने कर्मचारियों की ब्लड प्रेशर, शुगर सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांचें कीं। जांच के दौरान कर्मचारियों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या और आवश्यक सावधानियों का पालन करने की सलाह दी। जांच के उपरांत जिन कर्मचारियों को आवश्यकता थी, उन्हें चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सहित मेडिकल ऑफिसर डा.मानसी चैबे, स्टाफ नर्स दिलाशा पाल, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी सहित नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

सिविल जज ने बच्चों को दी पॉक्सो एक्ट पर जानकारियां

ललितपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं इसके कानूनी परिणामों के संबंध में बच्चों को संवेदनशील एवं जागरूक करने के उद्देश्य से पी.एन. इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

यह जागरूकता कार्यक्रम सिविल जज (जूनियर डिवीजन) श्रीमती श्वेता यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि पॉक्सो अधिनियम, 2012 का उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान करना तथा ऐसे मामलों में प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अपराध की प्रकृति एवं परिस्थितियों के अनुसार दंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों से संबंधित मामलों मंआ पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में जानकारी देते हुए इनके उपयोग के प्रति जागरूक किया। संचालन राहुल जैन द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार सक्सेना ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती स्मृति खरे, बाल विकास परियोजना अधिकारी, आशीष वर्मा, शैलेन्द्र जैन, विवेक गुप्ता, श्रीमती रितु, श्रीमती साक्षी जैन, जागेश्वर, जैनुल खान तथा पराविधिक स्वयंसेवक श्रीमती प्रीति राठौर सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

संदिग्ध आईडी से रहें सावधान

डीएम ने अधिकारियों को सजग रहने के दिये निर्देश



ललितपुर। प्रशासनिक अधिकारियों के नाम, पद और फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने और उनके माध्यम से लोगों से रुपये या अन्य अनुचित मदद मांगने के मामलों को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों के लिए सतर्कता संदेश जारी किया है। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड? पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी शरारती या आपराधिक तत्व द्वारा जिलाधिकारी अथवा किसी अन्य प्रशासनिक अधिकारी के नाम, पद या फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाया जाता है और उसके माध्यम से किसी नागरिक से अवैध धन, वित्तीय लाभ अथवा किसी अन्य प्रकार की अनुचित मदद मांगी जाती है तो मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। डीएम ने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय विशेष सतर्कता बरतें। किसी अनजान आईडी, संदिग्ध प्रोफाइल, मैसेज अथवा फ्रेण्ड रिक्वेस्ट पर बिना सत्यापन के भरोसा न करें। खासकर यदि किसी प्रशासनिक अधिकारी के नाम या फोटो वाली आईडी से रुपये अथवा किसी प्रकार की आर्थिक मदद मांगी जाए तो पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध संदेश के आधार पर कोई भुगतान न करें। यदि किसी व्यक्ति को प्रशासनिक अधिकारी के नाम, नंबर या फोटो का इस्तेमाल कर धनराशि मांगने वाला संदेश प्राप्त होता है तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन, नजदीकी पुलिस थाने अथवा साइबर क्राइम सेल को दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों की पहचान का दुरुपयोग कर नागरिकों को भ्रमित करना और आर्थिक लाभ लेने का प्रयास गंभीर मामला है। ऐसे मामलों में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा अन्य संबंधित आपराधिक कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए नागरिक किसी भी सोशल मीडिया संदेश, कॉल या प्रोफाइल को सत्यापित किए बिना उस पर विश्वास न करें। फजीवाड़े का संदेह होने पर स्वयं कार्रवाई करने के बजाय तत्काल संबंधित पुलिस अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दें। उन्होंने जनपदवासियों से सचेत और सुरक्षित रहने तथा साइबर धोखाधड़ी के किसी भी प्रयास की सूचना तत्काल देने की अपील की है, ताकि ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई कर नागरिकों को संभावित आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

केरल एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल चोरी

ललितपुर। ट्रेन में सफर के दौरान यात्री के सोने का फायदा उठाकर मोबाइल फोन चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। दिल्ली से कोयंबटूर जा रहे यात्री का मोबाइल ट्रेन नंबर 12626 केरल एक्सप्रेस में चोरी हो गया। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जीआरपी में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली के रानीबाग थाना क्षेत्र स्थित मुल्तानी मोहल्ला निवासी शशांक पुत्र भूपति छह सितंबर 2026 को ट्रेन नंबर 12626 केरल एक्सप्रेस से दिल्ली से कोयंबटूर की यात्रा कर रहे थे। उनके पास ट्रेन के कोच ए-01 में बर्थ संख्या 23 और 24 थी। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना वीवो कंपनी का वी/50ई मॉडल का सफेद रंग का मोबाइल फोन चार्जिंग प्वाइंट के पास सीट पर रखा और सो गए।

बाल अधिकारों को लेकर छात्रों को किया जागरूक

डर या दबाव में न रहें चुप खुलकर बतायें अपने अभिभावकों को समस्या



ललितपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज सभागार में पोक्सो एक्ट 2012 बाल अधिकार, बाल संरक्षण, लैंगिक अपराधों से बचाव, विधिक सहायता एवं उपलब्ध सहायता तंत्र के संबंध में छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को विभिन्न प्रकार से जानकारियां दीं गईं। छात्रों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि किस प्रकार का टच उनके लिए अनुकूल है तथा किस प्रकार का टच उनके प्रति गजलत है। इस संबंध में सिविल जज (सी.डि.) रविशंकर गुप्ता द्वारा बाल अधिकार, बाल संरक्षण एवं लैंगिक अपराधों से बचाव विषय पर विशेष जानकारी दी गई। उन्होंने छात्रों को पोक्सो अधिनियम 2012 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में सरल एवं सहज भाषा में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे एवं बुरे स्पर्श के बीच अंतर के बारे में बताते हुये अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी भी विश्वसनीय वयस्क को जानकारी देने के संबंध में समझाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार ने बच्चों को बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार के दबाव या डर के संकोच में चुप नहीं रहना चाहिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल, जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन ने भी कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति उचित जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता रमेश कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजब सिंह, संजीव कुमार शुक्ला, बालकरण, रामकृष्ण चैबे, गौरव खैरा, रीना परमार, प्रीति रजक, रोहित राठोर, विशाल अहिरवार, आलोक पुरोहित, अरविंद कुमार मौजूद रहे।

चौका बाग में शराब दुकान के सामने युवक की चाकू एवं पत्थरों से मारकर हत्या

ललितपुर। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के चैकाबाग स्थित शराब की दुकान के सामने सोमवार रात हुई मारपीट की वारदात में गंभीर रूप से घायल युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना 28 सितंबर 2026 की रात करीब 9 से 9.24 बजे के बीच चैकाबाग स्थित शराब की दुकान के सामने हुई। यहां किसी बात को लेकर मारपीट की घटना हुई, जिसमें भूपेंद्र अहिरवार उर्फ छोटू पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी मसौराकलां हाल निवासी पटेल नगर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी-5807 तत्काल मौके पर पहुंची और घायल भूपेंद्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ग्राम मसौरा कला निवासी लक्ष्मी प्रसाद थाना की तहरीर के आधार पर कोतवाली में पुलिस ने मामले में मोहल्ला चैकाबाग निवासी करन कुशवाहा पुत्र ताराचंद कुशवाहा, ग्राम रघुनाथपुरा निवासी अजय अहिरवार पुत्र राधेलाल सहित रूपेश साहू, पुण्य प्रताप सिंह समेत अन्य अज्ञात हत्यारोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 61(2) एवं 103(1) तथा एससीएसटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में पुण्य प्रताप नामक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

मनायी गयी शहीद-ए-आजम की जयंती

भगत सिंह को मार सकते है लेकिन उनके विचारो को नहीं : सुमन



बाराबंकी। सिक्ख कांउसिल ऑफ इंड़िया के तत्वाधान मे शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर समारोह का आयोजन शहर के लैय्या मण्डी स्थित काउंसिल कार्यालय पर किया गया।

सर्वप्रथम शहीदे-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरूआत की गई। तत्पश्चात उनके त्याग और विचारों को याद कर भगत सिंह के संघर्ष, बलिदान और युवाओं में राष्ट्रप्रेम जगाने के विचारों पर चर्चा की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा ने की। संचालन उप प्रधान अमरजीत सिंह कालरा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि भगत सिंह को मार सकते है लेकिन उनके विचारो को नही मारा जा सकता। उनके शरीर को कुचला जा सकता है।

लेकिन उनकी आत्मा को कुचलने मे कोई भी सक्षम नही होगा। इस मौके पर अधिवक्ता भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की ने कहा कि भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के बंगा गांव में किशन सिंह और विद्यावती के घर हुआ। उन्होंने आजादी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में हुए भीषण नरसंहार जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड को भला कौन भूल सकता है। इस कांड ने भगत सिंह को अंदर तक झकझोर दिया था। उनके अंदर बस एक ही बात थी सिर्फ और सिर्फ मुल्क की आजादी। कैसे भी हो लेकिन अब बस मुल्क आजाद होना चाहिए। लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आजादी के लिये नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी। इस मौके पर जुबेर अंजुम खान, सलाम मोहम्मद, आसिफ अहमद खान, हरविंदर सिंह कली, आसिफ अंसारी, सरदार गुरमीत सिंह रिंकू, शैलेंद्र चोपड़ा, सरदार जितेंद्र सिंह मिंदे, संजय मिश्रा, एड़वोकेट सरदार त्रिपथ सिंह, आर0एन0चोपड़ा काके, सूरज बाजपेयी, लवकुश, फूल चंद्र वर्मा मौजूद रहे।

संत वर्णी जी की 152वीं जयंती पर की गई पुष्पांजलि

ललितपुर। परम पूज्य क्षुल्लकश्री 105 गणेशप्रसादजी वर्णी महाराज की 152वीं जन्म-जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को वर्णी चैराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर सामूहिक पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैन समाज के लोगों सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर वर्णी जी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को श्रद्धापूर्वक नमन किया। आयोजन श्री वर्णी जैन कॉलेज समिति के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन, दिगंबर जैन पंचायत समिति अध्यक्ष डा.अक्षय जैन, संयोजक सनत जैन, कोषाध्यक्ष सीए सौरभ जैन, श्री वर्णी जैन कॉलेज समिति अध्यक्ष संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स तथा कार्यक्रम संयोजक अभिषेक अनौरा उपस्थित रहे। इसके अलावा हरीश कपूर एवं लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा सहित दिगंबर जैन पंचायत समिति, जैन मिलन, श्रीवर्णी जैन कॉलेज समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, श्री वर्णी जैन जूनियर कॉन्वेंट स्कूल के स्टाफ, व्यापारीगण, पत्रकार एवं समाजजन मौजूद रहे।

डीएम ने नामित किये नोडल और अपर नोडल अधिकारी

निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाएं और भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश



बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन की घोषणा को लेकर आगामी 23 अक्टूबर 2026 को सम्पन्न होने वाले मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मतदान कार्मिकों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्यों के लिए मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा को नोडल अधिकारी, यातायात व्यवस्था, भारी एवं हल्के वाहनों की उपलब्धता, वाहनों के अधिग्रहण तथा रूट चार्ट तैयार कराने की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार यादव, टेंट, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था एवं लाउडस्पीकर की व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-3 राजीव कुमार राय तथा मतपत्रों की छपाई, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, पैकिंग, पोलिंग स्टेशनवार बंडलिंग, बैलेट बॉक्स एवं निर्वाचन सामग्री के वितरण तथा मतदान के पश्चात अवशेष सामग्री जमा कराने के लिए उप निदेशक कृषि उमेश कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया है। मतदान के पश्चात गोपनीय अभिलेखों एवं सील्ड मतपेटिकाओं को जमा कराने हेतु उप जिलाधिकारी न्यायिक नवाबगंज भावना सिंह एवं तहसीलदार नवाबगंज भूपेन्द्र विक्रम सिंह तथा सील्ड मतपेटिकाओं को रिटर्निंग ऑफिसर लखनऊ तक पहुंचाने के लिए उप जिलाधिकारी न्यायिक फतेहपुर रामेश्वर प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों के ठहरने, वाहनों एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के लिए सहायक महानिरीक्षक, स्टाम्प एवं निबंधन कार्यालय नवीन कुमार तथा सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट एवं मतदान कार्मिकों को हल्का नाश्ता एवं यात्रा भत्ता उपलब्ध कराने के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह नोडल अधिकारी होंगे। निर्वाचन के दौरान चिकित्सा व्यवस्था एवं मतदान पार्टियों को आवश्यक किट उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रंजन गौतम, निर्वाचन संबंधी सांख्यिकीय सूचनाओं का प्रेषण सुनिश्चित कराने के लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार सिंह तथा मतदान केंद्रों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं सीसीटीवी, वेबकास्टिंग हेतु कैमरों की व्यवस्था के लिए उपायुक्त मनरेगा विकास को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मतदाता सूचियों की प्रतियां तैयार कराने का दायित्व संबंधित उप जिलाधिकारियों को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन अधिकारी आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ, रिटर्निंग ऑफिसर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण से संबंधित समस्त कार्यों के लिए उप जिलाधिकारी न्यायिक रामनगर प्रज्ञा पाण्डेय एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

ललितपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में निर्वाचन कार्यक्रम, नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और आदर्श आचार संहिता सहित निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 29 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चलेगी। नामांकन संबंधी प्रक्रिया न्यायालय आयुक्त, झांसी मंडल, झांसी में संपन्न होगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 7 अक्टूबर को तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान 23 अक्टूबर 2026 को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर 2026 को कराई जाएगी। जनपद ललितपुर में निर्वाचन प्रक्रिया के लिए कुल 8 मतदान केंद्र और 13 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि निर्वाचन लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निदेर्शों का अक्षरश पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रशासन के साथ समन्वय और सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी, समस्या या सुझाव के लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन से संबंधित अनुमति प्रक्रियाओं की ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने और निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन कार्यक्रम और प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

टूटी सड़कों के कारण श्रद्धालु हिचकाले खा रहे, श्राद्ध के लिए त्रिवेणी संगम पहुंचने में हो रही परेशानी

प्रयागराज। वर्ष 2025 में आयोजित महाकुंभ में रिकॉर्ड 62 करोड़ श्रद्धालुओं का स्वागत करने वाली संगम नगरी में पिछले एक महीने से नजारा बदल गया है और भारी बारिश के बाद उखड़ी सड़कों से गुजर कर श्रद्धालु श्राद्ध कर्म करने संगम तट पर पहुंच रहे हैं। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के महामंत्री मधु चकहा ने बताया कि उनके ज्यादातर यजमान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से हैं और रास्ते की सड़कें उखड़ी हुई होने से उन्हें प्रयागराज जंक्शन से संगम तक पहुंचने में काफी समय लग रहा है। यात्रियों को संगम में तर्पण के पश्चात काशी और फिर गया जाना होता है। लेकिन प्रयागराज में ही उन्हें काफी समय लग जाता है। श्रद्धालु प्रयागराज नगर निगम और सरकार को कोस रहे हैं कि सरकार क्या कर रही है। चकहा ने कहा कि श्रद्धालुओं का यह भी कहना है कि महाकुंभ के समय जो प्रयागराज का नजारा था, वह बिल्कुल ही बिगड़ गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार तो अच्छा काम कर रही है, लेकिन जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी सरकार का बंटाधार करने में लगे हुए हैं। शहर की खस्ताहाल सड़कों, हर जगह धूल उड़ने से परेशान लोगों की इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि उच्च न्यायालय तो आदेश ही पारित कर सकता है, उसे लागू करना सरकार का काम है। वरिष्ठ समाजसेवी मनोज उपाध्याय ने धूलधूसरित हो रहे प्रयागराज शहर की ओर प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है और वह जल्द ही अभियान पूरा कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। उपाध्याय ने कहा कि जिन सड़कों पर खुदाई का कार्य पूरा कर सड़क को पाट दिया गया है वहां सड़क बनाने में जिला प्रशासन और नगर निगम को क्या दिक्कत है। कीडगंज थाना अंतर्गत पुराना बैरहना में मुख्य सड़क पर कंठी-माला की दुकान चलाने वाले अजय जायसवाल का कहना है कि सड़क पर फैली मिट्टी और चौराहे पर फैली गिट्टी से सारा दिन धूल उड़कर मेरे दुकान और घर में आती है। पत्नी बच्चों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया है। जनपद न्यायालय में वकालत कर रहे संजीव यादव ने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो हम उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की तैयारी कर रहे हैं। रोज कचहरी पहुंचते-पहुंचते हमारी कोट धूल से गंदी हो जाती है। प्रयागराज में गड्ढायुक्त सड़कों की समस्या के बारे में जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया , लेकिन जिला मजिस्ट्रेट का फोन नहीं उठा। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की पीठ ने बीते दिनों भारी बारिश से पूरे शहर में हुए जलभराव को लेकर जिला प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई थी जिसके बाद जिला मजिस्ट्रेट, नगर आयुक्त और मंडलायुक्त ने स्वयं मौके पर जाकर जल निकासी सुनिश्चित किया। हालांकि, बारिश बंद होने के बाद सड़कों से पानी सूखने के बावजूद सड़कों के गड्ढे भरने का काम शुरू नहीं किया गया है और और हर जगह वाहनों के आवागमन से धूल उड़ रही है।

सिलेंडर विस्फोट में झुलसे एक और युवक की मौत, मृतकों की संख्या हुई पांच

कानपुर। फतेहपुर जिले में एक मकान में हुए धमाके में मंगलवार तड़के गंभीर रूप से झुलस गए एक युवक की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। युवक ने मलवां मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दम तोड़ दिया। मलवां कस्बे में धमाके में दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गया जिसमें दो लोग घायल भी हुए और पड़ोस के कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पीटीआई भाषा को बताया कि धमाके में गंभीर रूप से घायल आलोक गुप्ता (25) ने मंगलवार तड़के दम तोड़ दिया। इसके पहले सोमवार को चार लोगों कुणाल गुप्ता (18), अर्पित गुप्ता (15), वेद गुप्ता (8) और यश गुप्ता (4) की उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में धमाका रसोई गैस सिलेंडरों के कारण होने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी संकेत मिला है कि घर के अंदर रखी सौर ऊर्जा प्रणाली में इस्तेमाल होने वाली बैटरियों में भी धमाका हुआ, जिससे घटना का असर बढ़ गया। पुलिस के मुताबिक, धमाका सोमवार शाम करीब पांच बजे उस समय हुआ, जब फल-सब्जी विक्रेता सुरेश गुप्ता के घर में खाना बनाया जा रहा था। प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार गैस रिसाव से आग लगी और फिर धमाका हुआ। मलबे से सात लोगों को निकालकर अस्पताल ले जाया गया था। सुरेश गुप्ता (50) और उनका सात वर्षीय भतीजा ओम भी घायल हुए हैं, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

तेज धमाके से गुप्ता का घर और दो सटे हुए ढांचे ढह गए, जबकि आसपास के कई अन्य मकान क्षतिग्रस्त हो गए। गली संकरी होने से दमकल और भारी बचाव वाहनों को मौके तक पहुंचने में कठिनाई हुई। पुलिस और दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से प्रारंभिक बचाव अभियान चलाया, बाद में लखनऊ से एसडीआरएफ की टीम भी अभियान में शामिल हुई। मलबे तक पहुंच बनाने के लिए आसपास की संपत्तियों के हिस्सों को हटाने के बाद भारी मशीनरी मंगाई गई। एसपी ने कहा कि धमाके के सटीक कारण और क्रम की जांच की जा रही है।

संभल जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद की सुनवाई 16 अक्टूबर तक के लिए टली

संभल। चंदौसी के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की कोर्ट ने उच्चतम न्यायालय के स्थगनादेश के कारण स्थानीय शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद की सुनवाई 16 अक्टूबर के लिए टाल दी है। एक अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने नवंबर 2024 में संभल की 16वीं शताब्दी की शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण पर अंतरिम स्थगनादेश जारी किया था और निचली अदालत में इस विवाद से जुड़ी सभी कार्यवाहियों पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील श्रीगोपाल शर्मा ने बताया कि मामला मंगलवार को चंदौसी अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, क्योंकि शीर्ष अदालत के आदेश की पृष्ठभूमि में मामले पर रोक बरकरार है। अधिवक्ता ने बताया कि यह मामला संभल स्थित चंदौसी के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन अदालत ने इसे 16 अक्टूबर के लिए टाल दिया है। उन्होंने बताया कि शीर्ष अदालत से अगला आदेश मिलने के बाद ही इस पर आगे सुनवाई होगी। यह कानून

संक्षेप

मेकमाईट्रिप ने लॉन्च किया प्राइस ड्रॉप प्रोटेक्शन फीचर

नईदिल्ली। भारतीय यात्रियों के लिए ट्रिप प्लान करने का मतलब है यह सोच-समझकर तय करना कि बुकिंग कब की जाए। इसमें किराए पर नजर रखना, यह हिसाब लगाना कि अभी बुक करें या इंतजार करें, और अक्सर यह सोचते रहना कि बुकिंग कन्फर्म होने के बाद कहीं किराया कम तो नहीं हो जाएगा। किराए को लेकर इसी चिंता को दूर करने के लिए मेकमाईट्रिप ने प्राइस ड्रॉप प्रोटेक्शन, एक नया फीचर लॉन्च किया है, जो बुकिंग के बाद अगर फ्लाइट का किराया घटता है तो उसका अंतर रिफंड करता है। इस फीचर के साथ यात्री भरोसे के साथ जल्दी बुकिंग कर सकते हैं, यह जानते हुए कि अगर डिपार्चर से पहले कम किराया मिलता है, तो उन्हें उसका फायदा मिलेगा। भारतीय यात्रियों की इस सोच-समझकर फैसला लेने की आदत उनके बुकिंग व्यवहार में भी दिखती है। वे बुकिंग करने से पहले एक ही फ्लाइट को कई बार सर्च करते हैं। और जब आखिरकार बुकिंग करते हैं, तो अक्सर वह ट्रैवल डेट के करीब ही होती है।

जावा, येज्दी और बीएसए ने त्योहारी सीजन का जश्न मनाया

नईदिल्ली। जावा, येज्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने अपनी पूरी मोटरसाइकिल रेंज में कई नए और महत्वपूर्ण अपडेट्स देने की घोषणा की है। इस अपडेट में सबसे बड़े आकर्षण जावा 42 ओजी के अलावा, कंपनी अपनी सभी बाइक्स में नए और आकर्षक रंग, बेहतर लुक और राइडर्स की सुविधा से जुड़े कई अपडेट्स लेकर आई है। इन नए बदलावों के साथ हर एक ब्रांड की पुरानी पहचान, विरासत और उनके ओरिजिनल राइडिंग अंदाज का बरकरार रखा गया है। क्लासिक लीजेंड्स के लिए यह साल बेहद उत्साहजनक रहा है, जिसमें हमने जावा, येज्दी और बीएसए के तहत नई मोटरसाइकिलें और बेहतरीन अपग्रेड्स पेश किए हैं। त्योहारों के इस पावन समय पर आए ये पोर्टफोलियो अपडेट्स हमारी तीनों ब्रांड्स की बाइक्स को एक नया और फ्रेश लुक देते हैं। हमारी मोटरसाइकिलें भले ही आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ रही हैं, लेकिन हमारा ध्यान आज भी वही है जावा, येज्दी और बीएसए की असली पहचान, उनके अनोखे अंदाज और उनकी समृद्ध विरासत को संजोकर रखना।

पैंथर ने की चराग के साथ एक नये सफर की शुरुआत

नई दिल्ली। भारतीय हिप-हॉप की सबसे दमदार आवाजों में से एक, पैंथर 'चराग' के साथ वापस लौटे हैं। तीन गानों की यह एल्बम इस कलाकार के तीन अलग-अलग पहलुओं को पेश करती है; उनकी कामयाबी की भूख, उन्हें गढ़ने वाले लोग और उनके अनुभव, और प्यार व अपनेपन से जुड़ा उनका एक सौम्य रूप। इस एल्बम में 'रईस', 'मिजाज' और 'ठिकाना' शामिल हैं, जो श्रोताओं को संगीत के पीछे छिपे इस कलाकार की निजी जिंदगी की एक झलक दिखाते हैं। 'चराग' के बारे में बात करते हुए पैंथर ने कहा कि एल्बम का हर गाना एक अलग अहसास जगाता है, जो श्रोताओं को पैंथर की महत्वाकांक्षा, वफादारी और प्यार से रूबरू कराता है। 'रईस' संघर्ष, शानो-शौकत और कामयाबी पर आधारित एक जोशीला एंथम है, जो अपनी पहचान बनाने की चाहत को दर्शाता है। साथ ही, यह उनके मूल्यों, भाईचारे और संगीत के प्रति उनके समर्पण को भी बरकरार रखता है।


सिलेंडरों का अवैध उपयोग रोकने की मांग

नोएडा। प्रदेश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का अवैध रूप से उपयोग किए जाने का मामला सामने आने के बाद इसे रोकन की मांग की गयी है। इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने सरकार को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा जमीनी स्तर पर किए गए निरीक्षण और सर्वेक्षण के बाद एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार की गई है।

डियाजियो ने किया ट्रांसफॉर्मेशन्स में से एक का अनावरण

नई दिल्ली। डियाजियो इंडिया ने भारतीय अल्कोबेव इंडस्ट्री में सबसे महत्वपूर्ण ट्रांसफॉर्मेशन्स में से एक का अनावरण किया है। इसमें दिखाया गया है कि भारत के सबसे आइकॉनिक ब्रांड्स में से एक नई पीढ़ी के लिए किस तरह विकसित हो रहा है। यह बदलाव केवल पारंपरिक पैकेजिंग रिफ्रेश से कहीं आगे है। इस रिइन्वेंशन में अतिरिक्त साथ एक अपग्रेडेड ब्लेंड शामिल किया गया है। इसमें पारंपरिक कोड्स को बरकरार रखते हुए उन्हें नई पीढ़ी के लिए मॉडर्नाइज किया गया है।

सेंसेक्स में 243 अंकों की गिरावट



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट बनी रही और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 243 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 64 अंक नीचे आया। कच्चे तेल के दाम में तेजी, ईरान के साथ शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि और विदेशी पूंजी की निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 242.65 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 72,529.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 707.72 अंक की गिरावट के साथ 72,064 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 64.05 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,716.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में टाइटन, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.1 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 5,353.22 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल के लगभग दो दशक के उच्च स्तर पर बने रहने और एफआईआई की लगातार बिकवाली के कारण रुपये पर दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। इसके अलावा, आईपीओ के जरिये धन जुटाने की तेज रफ्तार भी अतिरिक्त नकदी को बाजार से निकाल रही है। वैश्विक स्तर पर सख्त मौद्रिक रुख के बीच इस साल नीतिगत दर में वृद्धि की संभावना बढ़ने के साथ निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कमजोर बनी हुई है। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के बीच भी बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा। मासिक सौदों के निपटान वाले दिन बाजार बिकवाली के दबाव में रहा और गिरावट का रुख जारी रहा। कमजोर शुरुआत के बाद ज्यादातर समय प्रमुख सूचकांक दबाव में रहे और करीब छह महीने के निचले स्तर के आसपास कारोबार करते रहे। हालांकि, बाद में निचले स्तर से मामूली सुधार हुआ। कच्चे तेल की कीमत ऊंची बने रहने और अमेरिका में 10 साल के बॉण्ड प्रतिफल के मजबूत बने रहने से वैश्विक चिंताओं के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.99 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.25 प्रतिशत चढ़ा।

रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 95.95 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की उम्मीद से रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे मजबूत होकर 95.95 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग आने और मजबूत अमेरिकी मुद्रा ने रुपये की बढ़त सीमित कर दी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये के 96 प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंचने पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से भी हस्तक्षेप किए जाने की संभावना है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 96.03 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 96.15 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह पिछले बंद भाव से दो पैसे मजबूत होकर 95.95 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। सोमवार को रुपया दो सप्ताह में दूसरी बार 96 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे गया था और 22 पैसे गिरकर 95.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, मजबूत डॉलर और अमेरिकी ट्रेजरी पर बढ़ती ब्याज दरों के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थों के जरिये बातचीत की उम्मीद निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकती है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत बढ़कर 101.44 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.40 प्रतिशत गिरकर 106.86 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 242.65 अंक गिरकर 72,529.07 अंक और निफ्टी 64.05 अंक टूटकर 22,716.20 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 5,353.22 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से अगस्त में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 7.4 प्रतिशत थी।

जुलाई में सेवा उत्पादन सूचकांक के 10 उप-क्षेत्रों ने दर्ज की दोहरे अंक की वृद्धि

नयी दिल्ली। जुलाई में 19 सेवा उप-क्षेत्रों में से 10 ने दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है। मंगलवार को जारी सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार प्रायोगिक आधार पर प्रकाशित आईएसपी आंकड़ों से पता चला है कि जुलाई में 17 उप-क्षेत्रों ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। मंत्रालय ने कहा कि मरम्मत सेवाओं और हवाई परिवहन को छोड़कर सभी श्रेणियों ने सालाना आधार पर जुलाई में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इस दौरान हवाई परिवहन में 8.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि मरम्मत सेवाओं में पांच प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया। एमओएसपीआई ने 2024-25 को आधार वर्ष मानते हुए 19 उप-क्षेत्रों के लिए जुलाई, 2026 के आईएसपी आंकड़े जारी किए हैं। जुलाई, 2026 में सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज करने वाले प्रमुख उप-क्षेत्रों में प्रशासनिक एवं सहायक सेवाएं (20.9 प्रतिशत), खुदरा व्यापार (18.5 प्रतिशत), रियल एस्टेट (14.4 प्रतिशत), आवास एवं खाद्य सेवाएं (12.6 प्रतिशत) और बैंकिंग (12.3 प्रतिशत) शामिल रहे। जुलाई, 2025 की तुलना में जुलाई, 2026 में 19 में 10 उप-क्षेत्रों ने दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की।

सोने की कीमत 1.50 लाख से नीचे, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत दो महीने में पहली बार 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे आ गई। स्थानीय मांग में कमजोरी और अमेरिकी डॉलर में मजबूती के कारण सोने के भाव में 1400 रुपये की गिरावट आई है।

स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और इसका भाव 1400 रुपये टूटकर (सभी करों सहित) 148,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। इससे पहले सोना 31 जुलाई को इसी स्तर के आसपास था और उस समय इसका भाव ।,48,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया था। हालांकि, चांदी की कीमत (सभी करों सहित) 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इससे पहले पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई थी, जबकि शुक्रवार को चांदी की कीमत 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर दबाव के कारण सितंबर में सोने में तेज गिरावट आई और यह 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गया। विदेशी बाजारों में पिछले सत्र में चार प्रतिशत की गिरावट के बाद हाजिर सोने में मामूली सुधार देखा गया। सोने की कीमत 30.34 डॉलर यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 4,145.26 डॉलर प्रति औंस हो गई। चांदी की कीमत में भी सुधार आया और यह 60.69 डॉलर प्रति औंस पर लगभग स्थिर रही। पिछले सत्र में इसमें करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोने की कीमतों में मामूली सुधार के साथ यह करीब 4,140 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी करीब 60.5 डॉलर पर कारोबार कर रही है। यह सात सप्ताह के निचले स्तर के करीब है क्योंकि लंबे समय तक ऊंची अमेरिकी ब्याज दरों की संभावनाओं से बॉण्ड प्रतिफल ऊंचा बना हुआ है।

कौशल विकास अवसंरचनाओं के वित्त पोषण तक दायरा बढ़ाये एआईआईबी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) से कृत्रिम मेधा (एआई), सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) तथा कौशल विकास पर केंद्रित नई तरह की अवसंरचना के वित्तपोषण का दायरा बढ़ाने का सुझाव दिया।

साल की पहली छमाही में बैंक के मजबूत प्रदर्शन के लिए बधाई देने के साथ 2027 के बजट तथा परिचालन विस्तार की प्राथमिकताओं के लिए भारत का समर्थन भी जताया। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि बैंक का क्षेत्रीय केंद्र उसकी संस्थागत पहचान और उसके कामकाज का महत्वपूर्ण आधार बना रहना चाहिए। भारत एआईआईबी का दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है, जबकि चीन की इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीतारमण ने कहा कि एआईआईबी भौतिक अवसंरचना के वित्तपोषण से आगे बढ़कर एआई, एमएसएमई और कौशल विकास पर केंद्रित नई अवसंरचना को भी अपने दायरे में शामिल करे। एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और एआई को अपनाने तथा मानव संसाधन के प्रशिक्षण में सहायता से इन उद्यमों को मदद मिल सकती है।

नेपाल में भारत से 1100 मेगावाट तक बिजली आयात करने की योजना



काठमांडू। नेपाल आगामी शुष्क मौसम में घरेलू बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत से ।,100 मेगावाट तक बिजली आयात करने की योजना बना रहा है।

नेपाल में हाल ही में आई अचानक बाढ़, भूस्खलन की घटना और भारी मानसूनी बारिश से पनबिजली परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा है, जिससे देश की बिजली उत्पादन क्षमता अस्थायी रूप से कम हो गई है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) दिसंबर से मई, 2027 तक शुष्क मौसम के लिए कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इस दौरान देश की नदी प्रवाह आधारित पनबिजली परियोजनाओं से उत्पादन में काफी गिरावट आती है, जबकि खासकर सर्दियों के अंत और वसंत के महीनों में बिजली की मांग बढ़ जाती है। हालांकि, नवंबर के बाद हमें भारत से कुछ बिजली आयात करने की जरूरत होगी, लेकिन मांग का सबसे अधिक दबाव फरवरी से मई के बीच रहेगा। ढकाल ने कहा कि नेपाल में वर्तमान में करीब 3,740 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता चालू है। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में मौसम से जुड़ी आपदाओं से देश के बिजली क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंचा है। भोटेकोशी क्षेत्र में 26 अगस्त को आई अचानक बाढ़ से कई पनबिजली संयंत्रों और इससे जुड़े बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा, जिससे करीब 450 मेगावाट उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई। इसके बाद 24 से 27 सितंबर के बीच हुई भारी मानसूनी बारिश से 190 मेगावाट क्षमता वाली कालीगंडकी पनबिजली परियोजना को नुकसान पहुंचा। ढकाल ने कहा कि भोटेकोशी बाढ़ और हालिया अत्यधिक बारिश से हुए नुकसान के कारण कुल करीब 640 मेगावाट उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है। इसलिए एनईए आगामी सर्दी के मौसम में भारत से ।,100 मेगावाट तक बिजली आयात करने पर विचार कर रहा है।

आरबीआई दो बार में रेपो दर में कर सकता है 0.50 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी

मुंबई। अक्टूबर और दिसंबर की मौद्रिक समीक्षा बैठकों में नीतिगत रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी किए जाने का अनुमान जताया है। ऐसा होने पर नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी।

मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि इन दो बढ़ोतरी के बाद फरवरी, 2027 से दरों में वृद्धि की संभावना घट सकती है। अगले साल उपभोक्ता खर्च में संभावित नरमी और मुद्रास्फीति के कमजोर परिदृश्य को इसका कारण बताया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा की जाएगी। इस दौरान रेपो दर पर फैसला किया जा सकता है। आरबीआई अक्टूबर और दिसंबर की बैठकों में 0.25-0.25 प्रतिशत अंक की दर बढ़ोतरी करेगा और नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत के अंतिम स्तर पर पहुंच जाएगी। एक ही बार दर बढ़ाए जाने की कुछ संभावना भी है। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर नोमुरा ने अगले छह महीनों में खाद्य और ऊर्जा कीमतों से दबाव बढ़ने का अनुमान जताया है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने दिये औसतन 15 लाख का डेथ क्लेम

मुंबई। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 में परिवारों को औसतन 15 लाख का व्यक्तिगत डेथ क्लेम (मृत्यु दावा) दिया है। कंपनी लगातार दूसरे साल इस मामले में सबसे आगे रही है, जो समय पर वित्तीय सहायता देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले छह वित्त वर्षों के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध उद्योग आंकड़ों के अनुसार, कंपनी द्वारा भुगतान की गई औसत व्यक्तिगत डेथ क्लेम राशि वित्त वर्ष 2021 के लगभग 10 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 15 लाख हो गई है। पिछले चार वर्षों में यह औसत क्लेम लगातार लगभग 14-15 लाख के आसपास बना हुआ है। जैसे-जैसे आय, कर्ज और पारिवारिक जिम्मेदारियां बदलती हैं, ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि पॉलिसीधारकों को समय-समय पर अपने लाइफ कवर (जीवन बीमा राशि) की समीक्षा क्यों करनी चाहिए।

बिग बिलियन डेज की पहुंच का 750 से ज्यादा नये पिन कोड तक विस्तार

नईदिल्ली। फ्लिपकार्ट ने आज द बिग बिलियन डेज और त्योहारी सीजन से पहले ईकार्ट की सप्लाई चेन के विस्तार की घोषणा की। ईकार्ट ने देशभर में 1.4 करोड़ क्यूबिक फीट वेयरहाउसिंग स्पेस जोड़ा है, जिससे उसकी स्टोरेज क्षमता में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन में किए गए सुधारों से पीक प्रोसेसिंग क्षमता में भी 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। देशभर में फास्ट डिलीवरी को लेकर ग्राहकों की उम्मीदें बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए त्योहारी सीजन के दौरान लास्ट-माइल डिलीवरी की पहुंच बढ़ाने और अधिक से अधिक संख्या में ऑर्डर के दिन (सेम-डे) तथा अगले दिन (नेक्स्ट-डे) डिलीवरी को संभव करने के लिए विशेष रूप से 900 से अधिक अतिरिक्त डिलीवरी हब जोड़े गए हैं। इसके साथ देशभर में ईकार्ट के कुल केंद्रों की संख्या 8,200 से अधिक हो गई है।

पेज एक का शेष

एफबीआई

और हथियारों की तस्करी जैसी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल है। एफबीआई ने कहा कि गोल्डी बराड़ अमेरिका में है और उत्तरी अमेरिका में गिरोह का कथित सरगना है। अमेरिकी अटॉर्नी (फर्स्ट असिस्टेंट) बिल एसाइली ने कहा, एफबीआई की 10 शीर्ष वांछित भगोड़ों की सूची में इस आरोपी का शामिल होना अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों पर कानून का शिकंजा कसने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, कनाडा, यूरोप और एशिया की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर हम गोल्डी बराड़ जैसे अपराधियों को पकड़ने का अभियान जारी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि वे दोबारा कभी जेल से बाहर न आ सकें। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की उप आयुक्त लिसा मोरलैंड ने कहा, गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह ने हत्याओं, गोलीबारी, जान से मारने की धमकियों, रंगदारी, आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया है और मादक पदार्थ की तस्करी कर कई जिंदगियों को तबाह किया है। लॉस एंजिलिस में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मोरलैंड ने कहा, अगर हमें पता होता कि वह इस समय कहां है, तो हम आज यहां नहीं होते। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी के प्रति किसी तरह की हमदर्दी नहीं रखनी चाहिए। अमेरिका के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की डिस्ट्रिक्ट अदालत ने एक जुलाई को गोल्डी बराड़ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसके खिलाफ रैकेटियर इन्फ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गनाइजेशंस (आरआईसीओ) कानून के तहत आपराधिक साजिश, वसूली के जरिए कारोबार को प्रभावित करने, ऐसा करने का प्रयास करने की साजिश तथा मादक पदार्थों की तस्करी और उन्हें तस्करी के इरादे से अपने पास रखने की साजिश के आरोप लगाए गए हैं।

महिला रिले

खेलों में उनका तीसरा पदक था। इन खेलों में भारत की आखिरी एथलेटिक्स स्पर्धा में धरमवीर चौधरी, मनु थेक्किनलिल, जय कुमार और विशाल थेन्नारासू ने पुरूषों की चार गुणा 400 मीटर रिले फाइनल में कांस्य पदक जीता। जापान को स्वर्ण और कतर को रजत पदक मिला। गुलवीर ने पुरूषों की 1500 मीटर और 10000 मीटर रेस में रजत पदक जीता था। इसके साथ ही वह ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में एक ही एशियाई खेलों में तीन पदक जीतने वाले भारत के दूसरे पुरूष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 1951 में दिल्ली में हुए पहले एशियाई खेलों में भारत के लेवी पिंटो ने 100 मीटर, 200 मीटर में स्वर्ण और चार गुणा 100 मीटर रिले में रजत पदक जीता था। भारत के देव कुमार मीणा ने पुरूषों के पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 5 . 50 मीटर का प्रयास किया लेकिन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की 800 मीटर में पूजा ओल्ला और पुरूष वर्ग में मोहम्मद अफजल क्रमशः सातवें और आठवें स्थान पर रहे। मुक्केबाजी में अंकुश पंघाल ने फाइनल में पहुंचकर भारत का आठ साल का इंतजार खत्म किया, वहीं परवीन हुड्डा ने शानदार जीत के साथ महिलाओं के 65 किलोग्राम वर्ग में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई लेकिन नरेंदर बेरवाल को 90 किलोग्राम से अधिक वर्ग के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

बाढ़ प्रभावितों

क्षेत्रों में त्रासदी का सामना करना पड़ा है। जैसे-तैसे चार दिन व्यतीत हुए लेकिन नेपाल में अतिवृष्टि होने से भारी पैमाने पर जल नीचे आ गया। सामान्य दिनों में तीन से चार लाख क्यूसेक पानी नारायणी में आता है लेकिन कल अचानक यह साढ़े पांच लाख क्यूसेक पानी आ गया। इसके कारण एपी तटबंध से सटे कई गांवों में पानी आ गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी जानकारी होते ही तत्काल ही बचाव और राहत कार्य बड़े पैमाने पर शुरू कर दिए गए। यहां एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की दो-दो टीमों के साथ ही पीएसी की फ्लड यूनिट को भी लगाया गया है। स्थानीय सांसद और विधायक भी राहत कार्य में सहयोग कर रहे हैं। प्रभावित परिवारों के लिए पांच हजार पैकेट में खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई है। इनमें 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, दो किलो दाल के साथ चना, तेल, मसाले, नमक और अन्य सामग्री शामिल है। बाढ़ प्रभावित लोगों को तत्काल राहत शिविरों तक पहुंचाने और वहां रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा में जनहानि होने पर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। मकान क्षतिग्रस्त होने पर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाएगा। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए भी धनराशि देने के निर्देश हैं। फसलों के नुकसान का सर्वे कर पीड़ित किसानों को 10 दिनों के भीतर मुआवजा दिया जाएगा। बाढ़ से प्रभावित सड़कों और तटबंध की मरम्मत कराने के साथ सिंचाई विभाग को किसानों के खेतों को नुकसान से बचाने के लिए जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी गई है।

सनातन के

पाई, यही भारत की पहचान है। मुख्यमंत्री योगी ने व्यासपीठ से कथा सुना रहे मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र देवाचार्य का आभार जताया। कहा कि सात दिनों तक उन्होंने कथा के साथ समसामयिक और ज्वलंत विषयों पर होने वाली गोष्ठियों में भी मार्गदर्शन दिया। उनके संदेश व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन की पहचान गौ माता में है। भारतीय परंपरा में पहला ग्रास गौ माता और अंतिम ग्रास श्वान के लिए निकालने की व्यवस्था थी। इसका पालन होता तो गौवंश सड़कों पर नहीं घूमता और निराश्रित कुत्ते राहगीरों को अपना शिकार नहीं बनाते।

उन्होंने भारतीय नस्ल के गोवंश के संरक्षण और संवर्धन का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार 7,700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक गोवंश का पालन कर रही है। किसान अपने घर में निराश्रित गोवंश रखता है तो प्रति गोवंश 1,500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। चार गोवंश रखने पर यह राशि छह हजार रुपये प्रतिमाह होगी। कुपोषित बच्चे वाले परिवार को गोआश्रय स्थल से ब्याही गाय देने के साथ उसके पालन के लिए भी प्रतिमाह 1,500 रुपये देने की व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि घर में स्थान नहीं होने पर लोग गोशाला में गाय गोद लेकर उसके संरक्षण में सहयोग कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने रासायनिक खाद, केमिकल और पेस्टिसाइड के अत्यधिक प्रयोग को खाद्यान्न के प्रदूषित होने से जोड़ते हुए गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया।

हुक्का बार

2017 में नियमों में किए गए संशोधन के बाद कोई अन्य सेवा नहीं के स्थान पर कोई सेवा नहीं किया गया है। इसका अर्थ है कि वहां हुक्का तैयार करना, उसमें तंबाकू भरना, अंगारे लगाना, ग्राहक तक पहुंचाना अथवा अंगारे बदलना भी सेवा मानी जाएगी। याचिकाकताओं की ओर से यह तर्क दिया गया था कि ग्राहक को तैयार हुक्का देकर उसे स्वयं इस्तेमाल करने दिया जाए तो इसे सेवा नहीं बल्कि उपकरण किराये पर देने के रूप में माना जाना चाहिए। अदालत ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कहा कि हुक्का तैयार करने और उसके संचालन की प्रक्रिया में सेवा का तत्व अंतर्निहित है। केवल ग्राहक से स्वयं हुक्का चलवाने से इस गतिविधि की कानूनी प्रकृति नहीं बदल जाती। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा विभाग और नगर निकायों को हुक्का बार संचालन के लिए अलग लाइसेंस जारी करने का अधिकार नहीं है।

राज्यों के

युवाओं से हरियाणा में संचालित योजनाओं, स्थानीय स्तर पर अपनाए जा रहे नवाचारों और विकास के सफल प्रयोगों का अध्ययन करने को कहा। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान युवाओं को वहां के आम जनजीवन से भी जुड़ना चाहिए। किसान, खिलाड़ी, उद्यमी, कारीगर, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और स्थानीय युवाओं से बातचीत कर यह जानने का प्रयास करें कि वे अपने क्षेत्र में किस तरह कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रत्यक्ष संवाद से मिलने वाली सीख युवाओं के लिए भविष्य में उपयोगी साबित हो सकती है।

एमएलसी चुनाव

खाली हो रही 11 एमएलसी सीटों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना के बाद 27 अक्टूबर को चुनाव के अंतिम परिणाम सामने आयेंगे। जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर निर्धारित है।

भाजपा ने पहले ही पांच प्रत्याशी घोषित कर दिए थे। जिनमें पुराने चेहरे शामिल हैं। पांचों वर्तमान में एमएलसी हैं। लखनऊ स्नातक सीट पर अवनीश कुमार सिंह, आगरा स्नातक सीट पर डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह व बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को प्रत्याशी बनाया है। लखनऊ शिक्षक सीट पर उमेश द्विवेदी व मेरठ शिक्षक सीट से श्रीचन्द्र शर्मा को पार्टी ने फिर मैदान में उतारा है। इस वर्ष छह दिसंबर को जो 11 सीटें रिक्त हो रही हैं फिलहाल उनमें भाजपा की छह, सपा की तीन, एक शिक्षक दल व एक निर्दलीय के पास हैं।

राष्ट्रीय नेटवर्क

सबस



महिला रिले टीम और निशानेबाज नीरू को स्वर्ण, भारत एशियाड पदक तालिका में शीर्ष दस में

नागोया। भारी बारिश और ठंडे मौसम के बीच नारी शक्ति ने भारत को सुनहरी सफलता दिलाते हुए एशियाई खेलों की पदक तालिका में शीर्ष 10 में पहुंचा दिया जब नीरू ढांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिये पहला स्वर्ण पदक जीता और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स में एकमात्र पीला तमगा दिलाया। इसके साथ ही इन एशियाई खेलों में भारत के पदकों का अर्धशतक पूरा हो गया। छह स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य समेत कुल 52 पदक के साथ भारत पदक तालिका में दसवें स्थान पर पहुंच गया। सुबह पहले सत्र में ढांडा ने ट्रैप फाइनल में 28 स्कोर करके भारत को इन खेलों में व्यक्तिगत निशानेबाजी में पहला स्वर्ण दिलाया।



वहीं शाम को किरण , प्राची चौधरी, एम आर पूवम्मा और विथ्या रामराज ने चार गुणा 400 मीटर महिला रिले टीम में तीन मिनट 29 . 69 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। 36 वर्ष की पूवम्मा 2014 और 2018 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रह चुकी है। विथ्या रामराज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीतकर पी टी उषा का चार दशक से अधिक पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। मुक्केबाजी में अंकुश पंघाल 80 किलोवर्ग के



सेमीफाइनल में जीते जिससे आठ साल में पहली बार भारत का कोई पुरूष मुक्केबाज फाइनल में पहुंचा है। भारत ने 2026 एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में



अपने अभियान का अंत 24 पदक के साथ किया जिसमें एक स्वर्ण , नौ रजत और 14 कांस्य पदक शामिल थे। हांगझोउ में 2023 खेलों में भारत ने एथलेटिक्स में छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य समेत 29 पदक जीते थे। इससे पहले गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, स्नेहा सत्यनारायण और हरिता भद्रा ने चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले फाइनल में सत्र का सर्वश्रेष्ठ 41.06 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। भारत की पूजा सिंह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहरा नहीं सकी लेकिन। . 84 मीटर की कूद से महिलाओं की उंची कूद में कांस्य पदक जीता। वहीं गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों में अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पुरूषों की 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32 . 75 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता जो इन खेलों में उनका तीसरा पदक था। इन खेलों में भारत की आखिरी एथलेटिक्स स्पर्धा में धरमवीर चौधरी, मनु थेक्किनलिल, जय कुमार और विशाल थेन्नारासू ने पुरूषों की चार गुणा 400 मीटर रिले फाइनल में कांस्य पदक जीता।

भारतीय तेज गेंदबाजों पर होगी नजर

कप्तान गिल ने भी इस मैच में शतक जड़ा था जिससे भारत ने 296 रन का लक्ष्य 42 ओवर से भी कम में हासिल कर लिया था

एजेंसी

गुवाहाटी। बल्लेबाजी निस्संदेह भारत की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम के लिए तेज गेंदबाजी का अस्थिर संयोजन चिंता का विषय होगा। विराट कोहली पर फिर से नजर होगी जिन्होंने तिरुवंतपुरम में तीन मैच की श्रृंखला के पहले मैच में रिकॉर्ड तोड़ शतक बनाया था। कप्तान गिल ने भी इस मैच में शतक जड़ा था जिससे भारत ने 296 रन का लक्ष्य 42 ओवर से भी कम में हासिल कर लिया था।

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने भी चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में तेज गेंदबाजी विभाग कमज़ोर नज़र आया। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी को नई गेंद सौंपी गई थी जबकि मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया गया था। रेड्डी से गेंदबाजी की शुरुआत करने से कई सवाल खड़े हो गए क्योंकि टीम की यह रणनीति नहीं चल पाई। बाएं पैर की जांघ की मांसपेशी में चोट से उबरकर लौटे रेड्डी लय हासिल करने के लिए



संघर्ष करते दिखे, जिस कारण उन्होंने सात गेंदों के एक ओवर में 18 रन लुटा दिए। हार्दिक को अभी तक फिटनेस मंजूरी नहीं मिली है और बुमराह एशियाई खेलों के लिए जापान में हैं।

इस श्रृंखला को हालांकि अगले वनडे विश्व कप से पहले भारत के विकल्पों का आकलन करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। रेड्डी को दीर्घकालिक ऑलराउंड विकल्प माना जा रहा है और उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का पूरा समर्थन प्राप्त था। वह छठे गेंदबाजी विकल्प भी हो सकते थे, लेकिन उन्होंने लगातार निराश किया है। अब सवाल यह है कि क्या भारत नई गेंद से रेड्डी को आजमाना जारी रखेगा या दूसरे वनडे के लिए अधिक भरोसेमंद सिराज को वापस मौका देगा।

ऐसे में जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को पदार्पण का मौका देना बुरा नहीं होगा। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल होने के बावजूद नबी को अभी भी अपने पदार्पण का इंतजार है। टीम ऑलराउंडरों की तलाश में है और इसलिए पहले मैच में बल्लेबाजी ऑलराउंडर नमन धीर को पदार्पण का मौका दिया गया।

धीर ने पांच ओवर में 33 रन दिए, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। अगर सिराज की वापसी होती है तो ऑलराउंडर विकल्पों में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। अगर नबी को मौका मिलता है तो भारत को एक अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज को उतारने और बाकी खिलाड़ियों के बीच संतुलन बनाना होगा।

आंकड़े नहीं बल्कि जीत की चाह ने इतने लंबे समय तक मुझे आगे बढ़ाये रखा : कोहली

तिरूवनंतपुरम। एकदिवसीय क्रिकेट में हाल ही में 15,000 रन पूरे करने वाले दिग्गज विराट कोहली ने कहा कि इस प्रारूप में उनकी लंबे समय तक कायम सफलता का आधार व्यक्तिगत रिकॉर्ड हासिल करने की बजाय भारत को जीत दिलाने की कोशिश रही है। कोहली महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बाद वनडे में 15,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के केवल दूसरे बल्लेबाज बने। उन्होंने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शृंखला के पहले मुकाबले में रिकॉर्ड 55वां वनडे शतक जड़कर भारत को जीत दिलाई। कोहली ने बीसीसीआई टीवी से कहा, निश्चित तौर पर आंकड़ों के नजरिये से देखें तो यह बड़ा आंकड़ा है। लेकिन लक्ष्य हमेशा सरल रहा है। यह



अलग-अलग और मुश्किल परिस्थितियों में टीम को जीत दिलाने की कोशिश करना। मैंने वर्षों से यही करने की कोशिश की है। सैतीस वर्षीय कोहली ने कहा कि अगर कोई खिलाड़ी मुख्य रूप से आंकड़ों के पीछे भागता है।

गुलवीर ने 5000 में जीता कांस्य, पदक की हैट्रिक

एजेंसी



नागोया। भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों में अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पुरूषों की 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32 . 75 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता जो इन खेलों में उनका तीसरा पदक था। गुलवीर ने पुरूषों की 1500 मीटर और 10000 मीटर रेस में रजत पदक जीता था। इसके साथ ही वह ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में एक ही एशियाई खेलों में तीन पदक जीतने वाले भारत के दूसरे पुरूष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 1951 में दिल्ली में हुए पहले एशियाई खेलों में भारत के लेवी पिंटो ने 100 मीटर, 200 मीटर में स्वर्ण और चार गुणा 100 मीटर रिले में रजत पदक जीता था। पी टी उषा ने सियोल में 1986 एशियाई खेलों में चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता था।

पथिरागे को एशियाई खेलों में नीरज चोपड़ा की कमी खली

नागोया। श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश थरंगा पाथिरागे ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के चोट के कारण एशियाई खेलों से बाहर होने को दुर्भाज्ञपूर्ण करार देते हुए कहा कि उन्हें इस महाद्वीपीय खेल महाकुंभ में उनकी कमी खली। चीन में हुए पिछले एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले महीने अभ्यास के दौरान टखने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण इस बार मैदान पर नहीं उतर सके।

इस सत्र में तीन बार 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंक चुके पाथिरागे ने सोमवार को बारिश से प्रभावित मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में 88.55 मीटर के प्रयास के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने यह दूरी अपने छठे और अंतिम प्रयास में हासिल की।

चोटिल चोपड़ा की जगह भारतीय एथलेटिक्स टीम में शामिल यशवीर सिंह ने 85.72 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता। भारत के ही रोहित यादव ने 84.35 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

संक्षेप

धीरज व नीरज तीरंदाजी के क्वार्टर फाइनल में

नागोया। भारतीय तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा और नीरज चौहान ने एशियाई खेलों में मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। प्री-क्वार्टर फाइनल में नीरज ने दक्षिण कोरिया के 22 वर्षीय किम जे डिओक को 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। किम तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। नीरज ने मुकाबला 30-28, 29-29, 29-30, 29-29, 29-27 के स्कोर से अपने नाम किया। धीरज ने चीनी ताइपे के चेंग हिसयांग-हुई को 6-2 से मात दी। धीरज ने 29-27, 27-28, 30-28, 29-28 के स्कोर से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में धीरज का सामना उज्बेकिस्तान के अमिरखोन सादिकोव से होगा, जबकि नीरज चौहान भूटान के लाम दोरजी के खिलाफ उतरेंगे। इससे पहले धीरज ने अंतिम 32 में फिलीपींस के गिरविन कलन निगेल गार्सिया को 6-0 से हराया था। नीरज ने इंडोनेशिया के रियाउ ईगा अगाता सालसाबिला को 6-4 से मात देकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

भारतीय कैनो स्लैलम पैडलर्स सेमीफाइनल में

नागोया। भारतीय कैनो स्लैलम पैडलर्स ने एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरुषों की कयाक एकल और महिलाओं की कैनो एकल स्पर्धाओं में सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की कयाक एकल स्पर्धा में हितेश केवट 118.22 सेकंड के समय के साथ आठवें, जबकि प्रद्युम्न सिंह राठौड़ 127.70 सेकंड का समय लेकर 10वें स्थान पर रहे। महिलाओं की कैनो एकल स्पर्धा में पल्लवी जगताप 224.20 सेकंड के समय के साथ सातवें, जबकि रीना सेन 342.72 सेकंड के समय के साथ नौवें स्थान पर रहीं। चारों भारतीय पैडलर बुधवार को अपने-अपने सेमीफाइनल में हिस्सा लेंगे।

भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया

एजेंसी

राजकोट। यशवर्धन चौहान ने 75 रन देकर छह विकेट लिए और ईशान ओम ने 62 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि लक्ष्य रायचंदानी ने 240 रन की पारी खेली जिससे भारत अंडर-19 ने मंगलवार को यहां पहले युवा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पारी और 48 रन से करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर अपना दबदबा कायम रखा। भारतीय टीम ने दो मैच की इस बहुदिवसीय श्रृंखला से पहले खेली गई युवा एकदिवसीय शृंखला में भी ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराया था।

भारत अंडर-19 ने पहली पारी में 277 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद ही मैच का परिणाम लगभग तय कर दिया था। रायचंदानी के दोहरे शतक और चौहान (54) तथा मोहित उलवा (92) के अर्धशतकों की मदद से भारत ने पहली पारी में 494 रन बनाए। चौहान भारत के लिए सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ते हुए ब्लेक कैटल (123) और सलामी बल्लेबाज नील पटेल (41) के महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। कैटल ने मेहमान टीम की ओर से अकेले संघर्ष करते हुए शानदार शतक लगाया। उन्होंने 114 गेंद में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से 123 रन बनाए। उन्होंने हालांकि दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला और ऑस्ट्रेलिया के सात बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए। जहां चौहान ने ऑस्ट्रेलिया



की पारी को समेटने का काम किया, वहीं बाएं हाथ के स्पिनर ईशान ओम ने विशेषज्ञ बल्लेबाजों को परेशान किया। उनकी बाएं हाथ की पारंपरिक स्पिन का ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। इससे पहले मैच के दूसरे दिन भारत ने रायचंदानी के नाबाद 210 रन की मदद से 213 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। तीसरे दिन 430 रन पर सात विकेट से आगे खेलते हुए भारत ने अपनी पहली पारी 494 रन पर समाप्त की।

भारतीय महिला ए टीम नौ विकेट पर 351 रन

मोहाली। तनीषा सिंह (92), निकी प्रसाद (नाबाद 78) और शुभा सतीश (59) की पारियों की मदद से भारत महिला ए ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को नौ विकेट पर 351 रन बनाये।

भारत ने बल्लेबाजी के अनुकूल हालात का पूरा फायदा उठाते हुए दबदबा बनाये रखा। शुभा ने 117 गेंद में दस चौकों की मदद से 59, प्रिया पूनिया ने 46 रन बनाये और दोनों ने 102 रन की साझेदारी की। यास्तिका भाटिया (पांच) और तेजल हसबनिस (दो) जल्दी आउट हो गई। तनीषा ने 166 गेंद में 92 रन बनाये जिसमें 12 चौके शामिल थे। निक्की प्रसाद ने 99 गेंद में नाबाद 78 रन बनाये जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल हैं। अनुष्का शर्मा ने 44 रन बनाये। आस्ट्रेलिया के लिये चार्ली नॉट और लिली मिल्स ने तीन तीन विकेट लिये।

इटली ने नेशंस कप में तुर्किये को 4-1 से हराया

एजेंसी

मिलान। रॉबर्टो मैनसिनी के मार्गदर्शन में इटली की टीम ने बेहद कम समय में शानदार बदलाव के संकेत देते हुए नेशंस कप फुटबॉल में सोमवार को तुर्किये को उसी के मैदान पर 4-1 से करारी शिकस्त दी। मैनसिनी के कार्यभार संभालने के बाद यह टीम का दूसरा मुकाबला था और लंबे समय बाद इटली का प्रदर्शन इतना प्रभावशाली



फ्रांस ने दी बेल्जियम को मात

नजर आया। इससे पहले शुक्रवार को बेल्जियम के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 की हार में इटली की टीम संघर्ष करती दिखाई दी थी। यह हार उस निराशा के छह महीने बाद आई थी, जब इटली लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहा था। इटली को अगले मुकाबले में कहीं ज्यादा कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। शुक्रवार को उसे फ्रांस के खिलाफ उसी की धरती पर खेलना है। फ्रांस ने भी नये कोच जिनेदिन जिदान के नेतृत्व में शुरुआत की है। चोटिल किलियन एमबापे के बिना खेल रही फ्रांस की टीम ने बेल्जियम को 1-0 से हराया। ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर माइकल कायोडे ने इटली की ओर से अपने पदार्पण मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल किया और एक गोल में सहायता की। इटली के लिए अन्य गोल एलेसांद्रो बास्तोनी, डेविडे फ्रात्तेसी और पियो एस्पोसितो ने किए। बारिस अल्पर यिलमाज ने दूसरे हाफ की शुरुआत में इटली की रक्षापंक्ति को चौंकाते हुए तुर्किये के लिए मैच का इकलौता गोल किया। फ्रांस ने बेल्जियम पर पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और दो बार गेंद गोलपोस्ट से टकराई। लेकिन उसे जीत दिलाने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी माइकल ओलिस के आखिरी लम्हों में किए गए गोल का इंतजार करना पड़ा। फ्रांस को एमबापे की कमी खली।

विशेष खबर भारतीय टीम अब अपनी इस लय को बरकरार रखकर इतिहास रचने की करेगी कोशिश

कोरिया की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा भारत को

एजेंसी

काकामिगाहारा (जापान)। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के 44 साल के इंतजार को खत्म करने की कवायद में लगी भारतीय महिला हॉकी टीम को बुधवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। भारतीय महिला टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह अजेय है।

भारतीय टीम अब अपनी इस लय को बरकरार रखकर इतिहास रचने की कोशिश करेगी। वह एशियाई खेलों में दूसरा स्वर्ण पदक हासिल करने से सिर्फ दो जीत दूर है। इससे पहले उसने एकमात्र स्वर्ण पदक 1982 में जीता था। भारतीय टीम लगातार पांच मैच जीतने और बेहतर विश्व रैंकिंग के साथ कोरियाई टीम के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।



भारत विश्व रैंकिंग में आठवें जबकि कोरिया 15वें स्थान पर है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में केवल मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ही भारत से ऊपर चौथे स्थान पर है। भारतीय टीम पूल बी में पांचों मैच जीतकर आत्मविश्वास से भरी हुई है, लेकिन उसे दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से मिलने वाली चुनौती के प्रति भी सचेत रहना होगा। भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसने अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के खिलाफ 19-0 की जीत से की। इसके बाद इंडोनेशिया को 17-1 से हराया और फिर थाईलैंड पर 20-1 से जीत दर्ज की। मेजबान जापान के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-1 की जीत से भारत ने अपनी लय को बरकरार रखा और अंत में सिंगापुर पर 7-0 की शानदार जीत के साथ पूल चरण का समापन किया। दक्षिण कोरिया ने पूल ए में चीन के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

आम्रपाली योजना व वृंदावन शाखा बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। एलपीएससी आम्रपाली योजना व वृंदावन शाखा की टीमों ने एलपीएससी क्राउन इंटर ब्रांच हैंडबॉल टूर्नामेंट में बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस द्वारा सेक्टर ई आम्रपाली योजना शाखा में आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट में एलपीएससी की बालिका वर्ग में छह और बालक वर्ग में नौ टीमें भाग ले रही हैं।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा आनन्देश्वर पाण्डेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच मोहम्मद



तौहीद भी मौजूद रहे। समारोह में अतिथिगण का स्वागत लखनऊ पब्लिक कॉलेज प्रधानाचार्या कहकशां अरबी ने स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया।


उन्होंने बताया कि लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेजेस के इतिहास में पहली बार हैंडबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डा सुमंत पाण्डेय, आम्रपाली योजना शाखा की एचओडी सुषमा सिंह और मुख्य कोच शिवनाथ व नेहा भी मौजूद रहे।

भारत-अमेरिका के बीच संबंध होंगे बेहतर

व्यापार समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकता है : जयशंकर

न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच यदि व्यापार समझौता संपन्न होता है, तो इससे दोनों देशों के संबंध बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता में तेजी से प्रगति की उम्मीद के सामने जमीनी हकीकत कहीं अधिक जटिल रही है। जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के उच्चस्तरीय सप्ताह के समापन पर एशिया सोसाइटी द्वारा आयोजित विशेष संवाद में भारतीय-अमेरिकी एवं प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों तथा नीति विशेषज्ञों को संबोधित किया।

एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के डिस्टिंग्विश्ड फेलो और पूर्व अमेरिकी राजनयिक डेनियल रसेल की अध्यक्षता में हुए संवाद के दौरान जयशंकर से भारत-अमेरिका संबंधों, खासकर पिछले एक साल में व्यापार एवं शुल्क से जुड़े घटनाक्रम तथा द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए क्या किए जाने की जरूरत है, इस बारे में पूछा गया। जयशंकर ने कहा कि अगर मैं संबंधों की बात करूं तो दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए अमेरिका के साथ संबंध निभाना काफी कठिन रहा है। मेरा मतलब है कि यह कोई तसल्ली देने वाली बात तो नहीं है लेकिन यही हकीकत है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के सामने मौजूद मुद्दों में से एक व्यापार वार्ता है। वार्ता में शामिल दांव और जटिलता की ओर इशारा करते हुए जयशंकर ने कहा, यह ध्यान में रखना चाहिए कि



भारत छोटे उत्पादकों, छोटे कृषि उत्पादकों और छोटी फैक्टरी वालों का देश है। भारत और अमेरिका के बीच प्रति व्यक्ति आय के अंतर के अलावा, उत्पादन की प्रकृति एवं समाज की प्रकृति भी बहुत अलग है। उन्होंने कहा, व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए काफी धैर्य और बारीकियों पर ध्यान देने की जरूरत होती है... इसके तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद को ऐसी जमीनी हकीकत की कसौटी पर परखा गया, जो कहीं अधिक जटिल थी। जयशंकर ने कहा कि आज हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं जहां व्यापार समझौते को लेकर कमोबेश एक समझ बन गई है। भारत और अमेरिका ने फरवरी में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिका के शुल्क ढांचे में बदलाव के कारण समझौते पर आगे भी बातचीत हुई है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आपातकालीन शक्तियों के तहत लगाए गए जवाबी शुल्क को रद्द कर दिया था। इसके बाद अमेरिका ने शुल्क का एक अलग ढांचा अपनाया। अमेरिका ने जुलाई में भारत से आयात पर व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया था। यह कदम भारत द्वारा बंधुआ मजदूरी के जरिये बनाई गई वस्तुओं से जुड़े उपायों की जांच के बाद उठाया गया था। इसके बाद से दोनों देशों ने अमेरिका के शुल्क व्यवस्था में बदलाव के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणियों का संदर्भ देते हुए जयशंकर ने कहा कि अब मुद्दा यह है कि अमेरिकी पक्ष में क्या बदलाव आया है और धारा 301 की नयी प्रक्रिया समझौते को किस तरह प्रभावित करेगी। जयशंकर ने कहा कि 301 प्रक्रिया अभी जारी है और आगे बढ़ रही है। इसलिए हमारे लिए मुद्दा यह है कि किस बिंदु पर ऐसे समझौते को अंतिम रूप दिया जाए।

ई-20 पेट्रोल से आयात पर निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी

अहमदाबाद। ओएनजीसी के निदेशक (अन्वेषण) ओम प्रकाश सिन्हा ने सोमवार को कहा कि ई20 पेट्रोल से आयात में उल्लेखनीय कमी लाने और आत्मनिर्भरता को काफी हद तक बढ़ाने में मदद मिल सकती है।



सिन्हा ने अहमदाबाद में ओएनजीसी इंस्टीट्यूट ऑफ रिजर्वायर स्टडीज में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2027 के सोमवार को आयोजित कर्टन रेजर कार्यक्रम में कहा, ई20 पेट्रोल एक चुनौती है, लेकिन प्रौद्योगिकी के साथ इसका समाधान भी निकलेगा। हम करीब 90 प्रतिशत आयात करते हैं। इसलिए अगर हम उपभोक्ताओं के लिए किसी तरह की परेशानी पैदा किए बिना 20 प्रतिशत एथनॉल का सफलतापूर्वक मिश्रण कर पाते हैं, तो आप समझ सकते हैं कि आयात में कितनी महत्वपूर्ण कमी आएगी और हमारी आत्मनिर्भरता कितनी बढ़ेगी। अहमदाबाद के कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा कि भारत में ऊर्जा की अतिरिक्त आवश्यकता दुनिया में सबसे अधिक है, जिससे ऊर्जा संबंधी जरूरतों, समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा के लिए आईईडब्ल्यू एक महत्वपूर्ण मंच बन जाता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच देश विदेशी स्रोतों पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे हैं। युद्ध के कारण आज हर देश समझता है कि हमें विदेशी देशों पर अपनी निर्भरता जितना संभव हो सके उतना कम करनी चाहिए। हमारे पास केवल एक विकल्प नहीं होना चाहिए। हमें कई विकल्प रखने चाहिए। अगर कोई एक रास्ता बंद हो जाता है, तो हमारे पास वैकल्पिक रास्ते होने चाहिए, ताकि हमारे लोगों की जरूरतें प्रभावित न हों। इस दिशा में पहले से ही काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए ओएनजीसी गहरे पानी वाले क्षेत्रों समेत सीमांत और कम खोजे गए क्षेत्रों पर अपना ध्यान बढ़ा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, आईईडब्ल्यू के 2027 संस्करण में 75,000 से अधिक ऊर्जा क्षेत्र के पेशेवरों और 700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। इससे नवाचार प्रदर्शित करने, रणनीतिक संवाद को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने के लिए एक बड़ा मंच तैयार होगा।

संक्षेप

एस्सार अमेरिका में बनायेगा सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि भारतीय बहुराष्ट्रीय समूह एस्सार ग्रुप आयोवा में 15 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र बनाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक कार्यालय ओवल ऑफिस में एस्सार ग्रुप के सह-संस्थापक रवि रुइया और उनके बेटे रेवंत की मौजूदगी में सोमवार को यह घोषणा की। ट्रंप ने कहा कि आज हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेसाबी मेटालिक्स आयोवा राज्य में अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र बनाएगी। अमेरिका में चीजों के निर्माण के महत्व को वापस लाने के लिए ट्रंप का आभार जताया। नया इस्पात संयंत्र मेसाबी मेटालिक्स बना रही है, जो भारत के एस्सार ग्रुप के स्वामित्व वाली मिनेसोटा की कंपनी है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि मेसाबी मेटालिक्स 2030 तक संयंत्र में उत्पादन शुरू करने के लक्ष्य के साथ इसका निर्माण कर रही है। इस संयंत्र में सालाना एक करोड़ टन इस्पात का उत्पादन होने और राज्य में 1,750 तक स्थायी रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

2-3 साल में दुनिया पूरी तरह मानव निर्मित सामग्री की ओर बढ़ेगी

मुंबई। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि अगले दो से तीन साल में दुनिया एआई (कृत्रिम मेधा) के कम इस्तेमाल वाले, कम फिल्टर वाले और पूरी तरह मानव निर्मित कंटेंट या सामग्री की दिशा में बढ़ना शुरू कर देगी।

इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलाव के इस दौर में हमें यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना होगा कि यह अवसर हमारी रचनात्मकता को कम न करे। केंद्रीय मंत्री नेकहा कि भारत के पास न केवल समृद्ध सामग्री है बल्कि उसका कोई न कोई महत्वपूर्ण संदर्भ भी है, साथ ही कहानी कहने की लंबी परंपरा भी मौजूद है। शेखावत ने कहा कि अगले दो-तीन वर्षों में दुनिया ऐसी सामग्री की ओर बढ़ना शुरू करेगी जिसमें एआई की भागीदारी बहुत कम हो, फिल्टर कम हों और जो पूरी तरह से इंसानों द्वारा तैयार किया गया हो। हमें समान दृढ़ संकल्प के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एआई हमारी मौलिक रचनात्मकता को कम न करने पाए।

खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में बड़ी गिरावट नहीं आयेगी: चौहान

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि अल नीनो और देश के कुछ हिस्सों में बाढ़ एवं सूखे से जुड़ी चिंताओं के बावजूद 2026-27 फसल सत्र में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में कोई बड़ी गिरावट आने की आशंका नहीं है। चौहान ने रबी सत्र की तैयारियों पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने अप्रैल से ही व्यापक तैयारियां शुरू कर दी थीं और अल नीनो की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्यों के साथ रबी फसलों की योजना पर चर्चा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 2026-27 के लिए रबी खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 177.72 करोड़ टन रखा गया है, जबकि पिछले वर्ष वास्तविक उत्पादन 174.51 करोड़ टन रहा था। रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं है। चौहान ने कहा कि कुछ खरीफ फसलों का रकबा घटा है, लेकिन बुवाई का कुल रकबा पिछले साल के लगभग बराबर है। फिलहाल करीब 12 प्रतिशत कम बारिश हुई है जबकि बारिश में कमी 20 प्रतिशत से अधिक होने पर ही सूखे की स्थिति मानी जाती है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस स्तर की कमी से खाद्यान्न उत्पादन



पर कोई बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खरीफ उत्पादन का अंतिम अनुमान जल्द जारी किया जाएगा। सरकार ने 2026-27 सत्र के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 196.21 करोड़ टन रखा है, जबकि पिछले साल वास्तविक उत्पादन 174.14 करोड़ टन रहा था। खरीफ फसलों में से धान के रकबे में सबसे अधिक करीब 16.32 लाख हेक्टेयर की कमी आई है। उड़द, बाजरा, ज्वार, तिल, सूरजमुखी, मूंग और अरहर का रकबा बढ़ा है। चौहान ने कहा कि यह दलहन और मोटे अनाज की तरफ लोगों के बढ़ते झुकाव को दर्शाता है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में खेती का रकबा कम होने की सूचना है। इन राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ से करीब 6.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रभावित हुई है। नुकसान का विस्तृत आकलन किया जा रहा है। अल नीनो के 2026 के अंत तक बहुत मजबूत होने के वैश्विक अनुमानों पर चौहान ने कहा कि सरकार मौजूदा परिस्थितियों के अनुरूप बोई जाने वाली फसलों और किस्मों को लेकर राज्यों के साथ विस्तृत चर्चा कर रही है। बारिश, पानी की उपलब्धता और मिट्टी की नमी में क्षेत्रीय अंतर के आधार पर फसल योजना में बदलाव किया जा रहा है और सूखे की स्थिति वाले क्षेत्रों में आकस्मिक उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बारिश में करीब 12 प्रतिशत कमी होने के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा संकट नहीं है और दिक्कतें कुछ खास क्षेत्रों तक सीमित हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र के अलावा आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तेलंगाना तथा राजस्थान के कुछ हिस्सों में चिंता जताई गई है। राज्यों से विस्तृत रिपोर्ट आने का इंतजार है। कर्नाटक के अनुरोध पर तीन अक्टूबर को केंद्रीय दल वहां जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने भी केंद्रीय आकलन दल भेजने का अनुरोध किया है।

सीतारमण ने कई देशों के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की

दोहा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) की सालाना बैठक के दौरान सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, जॉर्डन और नेपाल के मंत्रियों के साथ अलग से द्विपक्षीय बैठकें कीं। कतर की अपनी यात्रा के पहले दिन 28 सितंबर को सीतारमण ने सऊदी अरब के वित्त मंत्री मोहम्मद अल-जदान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सऊदी अरब द्विपक्षीय निवेश संधि को जल्द लागू किए जाने की उम्मीद कर रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने भारत-सऊदी अरब द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत के सफल समापन का स्वागत किया। यह द्विपक्षीय निवेश के लिए एक मजबूत और अधिक भरोसेमंद रूपरेखा प्रदान करेगी और निवेशकों का विश्वास को और मजबूत करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सऊदी अरब भारत का भरोसेमंद और महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति तथा दोनों देशों के लोगों के बीच सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक साझेदारी का भी उल्लेख किया। मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच



रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की। सऊदी अरब के मंत्री ने भारत से निवेश में रुचि जताई। सीतारमण ने स्विट्जरलैंड से एआईआईबी गवर्नर पिएत्रो लाजेरी से भी मुलाकात की और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) को भारत में अवसर तलाशने वाले विदेशी निवेशकों के लिए एक भरोसेमंद भागीदार बताया। उन्होंने स्विट्जरलैंड के निवेशकों को भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश का लाभ उठाने के लिए एनआईआईएफ अवसंरचना कोष में अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया। भारत में निवेश में विविधता लाने और निवेश के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने भारत की आगामी यात्रा और नयी दिल्ली में होने वाले दूसरे ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) समृद्धि सम्मेलन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में स्विट्जरलैंड के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की वृद्धि वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की वृद्धि से तेज है। लाजेरी ने द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौते को अंतिम रूप देने के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने वित्तीय क्षेत्र और टिकाऊ वित्त के क्षेत्र में सहयोग में भी रुचि जताई। वित्त मंत्री ने स्विट्जरलैंड के निवेशकों और वित्तीय सेवा क्षेत्र की इकाइयों को भारत के घरेलू वित्तीय सेवा केंद्र गिफ्ट आईएफएससी में निवेश के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। यह केंद्र वित्तीय सेवाएं और उत्पाद, कर लाभ तथा कारोबार के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराता है। सीतारमण ने नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले से मुलाकात की और बाढ़ के बाद नेपाल के पुनर्निर्माण और राहत कार्यों के आकलन तथा प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

महाराष्ट्र के युवाओं को वैश्विक रोजगार अवसरों का लाभ उठाने के लिए नये कौशल सीखने होंगे

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि 28 से अधिक देशों में कुशल श्रमबल की बढ़ती मांग के बीच राज्य सरकार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है।

फडणवीस ने कोंकण और नासिक संभाग के सभी जिलों में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा रोजगार मेले के उद्घाटन के अवसर कहा कि देश के युवाओं को रोजगार योज्ञ बनाने के लिए शिक्षा को कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा रोजगार से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा, केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है। एआई (कृत्रिम मेधा), सेमीकंडक्टर और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप लगातार कौशल बढ़ाना तथा नए कौशल हासिल करना समय की जरूरत है।


रोजगार उपलब्ध कराने के मकसद से यह अभियान मुंबई में श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी (एसएनडीटी) महिला विश्वविद्यालय में फडणवीस की मौजूदगी में ऑनलाइन शुरू किया गया।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म रामायण के बिहाइंड द सीन विजुअल आये

मुंबई। 28 सितंबर 2026 को रणबीर कपूर के 44वें जन्मदिन के खास मौके पर मोस्ट अवेटेड फिल्म रामायण का बिहाइंड द सीन वीडियो जारी किया गया है। फिल्म के कई हिस्सों को ग्रीन स्क्रीन में शूट कर वीएफएक्स के जरिए भव्य इमारत में तब्दील किया गया है। इस दौरान रणबीर कपूर ने भगवान राम का किरदार निभाने की जिम्मेदारी पर भी बात की है। रणबीर कपूर ने भगवान राम का किरदार निभाने की जिम्मेदारी पर कहा है कि यह सिर्फ फिल्म का रोल नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, यह रोल नहीं है। ऐसा नहीं है कि मुझे एक फिल्म ऑफर हुई और यह रोल रोमांचक लगा। यह एक जिम्मेदारी है। रणबीर ने अरुण गोविल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अरुण सर हम सभी के लिए आइकॉनिक भगवान राम हैं। रणबीर ने बताया कि अरुण गोविल की एक बात उनके मन में रह गई। उन्होंने कहा, क्षमा धर्म, क्षमा यज्ञ, क्षमा वेद, सनातन।

> रणबीर ये सिर्फ रोल नहीं, जिम्मेदारी है, देखिए ग्रीन स्क्रीन में किस तरह हुई फिल्म की शूटिंग



भगवान राम की सबसे बड़ी शक्ति उनका धनुष नहीं था। वह उनकी क्षमा थी। उनके अंदर माफ करने की क्षमता थी। रणबीर की कास्टिंग पर अरुण गोविल ने कहा- ह्यमौजूदा समय में जितने भी स्टार्स हैं, रणबीर उन सबसे राम का किरदार निभाने के सबसे करीब हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे। 1987 के टीवी शो 'रामायण' में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म का कुल बजट लगभग 4,000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जो इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करता है। फिल्म का म्यूजिक ऑस्कर विनर ए.आर. रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हैंस जिमर तैयार कर रहे हैं। फिल्म को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स बना रहे हैं। फिल्म आईएमएएक्स पर रिलीज होगी। फिल्म को दो भागों में रिलीज किया जाएगा।

पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होगा। रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर 'रामायण' के प्रचार को लेकर शनिवार को मुंबई के फिल्म सिटी स्थित प्राइम फोकस स्टूडियो में खास कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम का पहला समय दोपहर 12 बजे बताया गया था, जिसे बाद में दोपहर 1 बजे कर दिया गया। तय समय के अनुसार मीडिया कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया, लेकिन बातचीत शुरू होने में करीब साढ़े चार घंटे की देरी हुई। इस दौरान रणबीर कपूर, साई पल्लवी, निमार्ता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी समेत फिल्म की टीम मौजूद थी। देरी की वजह मिस्टर बीस्ट के कार्यक्रम में देर से पहुंचने को बताया गया। कार्यक्रम में मिस्टर बीस्ट की मौजूदगी को लेकर पहले से काफी उत्सुकता थी। उन्हें 'रामायण' की टीम के साथ विशेष बातचीत में शामिल होना था।

पैपराजी को पोज दिए बिना निकले सलमान

मुंबई। पैपराजी से विवाद के बीच सलमान खान को सोमवार को बांद्रा में स्पॉट किया गया है। आमतौर पर सलमान पैपराजी को पोज देने के लिए कुछ सेकेंड के लिए ठहरते हैं, लेकिन इस बार वह बिना रुके सीधे कार में जाकर बैठ गए। वहीं संजय दत्त, रवीना टंडन और सारा अली खान को भी मुंबई में स्पॉट किया गया है। बांद्रा में स्पॉट हुए सलमान ने एक नजर पैपराजी की ओर देखा और तुरंत नजरें फेरते हुए आगे बढ़ गए। इस दौरान उन्हें ब्लैक टी-शर्ट के साथ लेदर कैप पहन रखी थी। बिग बॉस 20 के वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान ने कटरीना कैफ को वजन, भाई सोहेल के चेहरे और सनी देओल के फटे जूतों पर ट्रोल करने वालों की कड़ी शब्दों में निंदा की। इस दौरान उन्होंने एक्ट्रेसेस के गलत एंगल से शॉट लेने और पोस्ट किए जाने पर कहा, आजकल एक नया ट्रेंड है।

सुशांत मेरे चीयरलीडर थे : सुशांत चोपड़ा

मुंबई। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपने दिवंगत को-स्टार सुशांत सिंह राजपूत को याद किया है। जूम को दिए इंटरव्यू में परिणीति ने साल 2013 की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' की शूटिंग के दिनों का एक भावुक वाकया शेयर किया। परिणीति ने बताया कि जब उनकी पहली फिल्म 'इश्कजादे' के लिए नेशनल अवॉर्ड की घोषणा हुई थी, तब सुशांत खुशी के मारे स्विमिंग पूल की कुर्सियों पर चढ़कर चिल्लाने लगे थे। परिणीति ने बताया कि फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' की शूटिंग के दौरान एक दिन काम से छुट्टी थी। वे सुशांत सिंह राजपूत और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के साथ होटल के स्विमिंग पूल के पास बैठे थे।

> मुझे नेशनल अवॉर्ड मिला तो खुशी से चिल्लाने लगे, हम इकोनॉमिक्स और तारों पर बातें करते थे

तभी परिणीति के फोन पर फिल्ममेकर करन जौहर का 'मुबारक हो' मैसेज आया। परिणीति समझ नहीं पाई कि बधाई किसलिए है, लेकिन सुशांत तुरंत वजह पता करने में जुट गए। जैसे ही पता चला कि परिणीति को 'इश्कजादे' के लिए नेशनल अवॉर्ड (स्पेशल मेंशन) मिला है, सुशांत बेहद खुश हो गए।

पेरिस फैशन 2026 : ऐश्वर्या राय ने मंच पर किया नमस्ते

मुंबई। बॉलीवुड स्टार ऐश्वर्या राय बच्चन ने सोमवार को पेरिस फैशन वीक 2026 में रैंप वॉक किया। एफिल टावर के बैकग्राउंड में उनका रॉयल लुक चर्चा में रहा। ऐश्वर्या के साथ इंटरनेशनल स्टार्स सिमोन एशली, सेलीन डियोन, ईवा लॉन्गोरिया और केंडल जेनर ने भी वॉक की है। ऐश्वर्या ने यारा शूमेकर का शानदार वेलवेट आउटफिट पहना था। इवेंट की तस्वीरों और वीडियो में सभी सितारे रैंप पर मस्ती करते नजर आए। ऐश्वर्या ने केंडल जेनल और अन्य इंटरनेशनल सेलेब्स



के साथ मंच शेयर किया। दोनों ही लॉरियल की ब्रांड एंबेसेडर हैं। पेरिस फैशन वीक से पहले का एक वीडियो सामने आया है, जब ऐश्वर्या राय, सिमोन ऐशली का हाथ थामीं उनसे बात करती दिखी हैं। सिमोन ऐशली पॉपुलर ब्रिजटन सीरीज के लिए जानी जाती हैं। पेरिस फैशन वीक दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फैशन आयोजनों में से एक है। यहां दुनिया के बड़े फैशन ब्रांड अपने नए कलेक्शन पेश करते हैं। इसे फैशन इंडस्ट्री में नए ट्रेंड्स और डिजाइन की दिशा तय करने वाले आयोजनों में गिना जाता है। पेरिस फैशन वीक साल में चार बार आयोजित होता है।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com